www.navpradesh.com

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 13 अप्रैल 2024, वर्ष-10 अंक- 03 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

हार की हताशा में नेताओं का मानसिक संतुलन गड़बड़ाना कोई हैरत की बात नहीं है। ऐसी स्थिति में वो कुछ भी बोलते हैं। जिसे कोई गंभीरता से नहीं लेता। उल्टे ऐसे बयानों पर लोग पेट पकड़कर हसते हैं। फिर भी ये बड़बोले नहीं सुधरते। चारा घोटाले में सजायाफ्ता और रेलवे नौकरी के बदले जमीन हड़पने के मामले में सपरिवार फंसे लालू यादव की सुपुत्री मीसा भारती ने बड़ा बोल बोला है कि यदि उनका गठबंधन सत्ता में आया तो प्रधानमंत्री जेल में होंगे। इसे ही कहते हैं सूपा बोले तो बोले छलनी भी बोले जिसमें छप्पन छेद।

न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी : विष्णु देव साय

- कांग्रेस की घोषणाओं पर मुख्यमंत्री ने किया कटाक्ष
- कांग्रेस के बहकावे में नहीं आएगी जनता

भैरमगढ़/नवप्रदेश। कांग्रेसी जगह-जगह फार्म भरवा कर जनता को ठग रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो महिलाओं को हर महीने 8 हजार और साल में एक लाख देंगे। यह तो वो भी जानते हैं कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी।

बीजापुर में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के सीएम श्री साय ने कहा कि प्रदेश की जनता ने पहले ही छत्तीसगढ़ की सत्ता भाजपा को सौंप दी है और केंद्र में कांग्रेस के आने की कोई संभावना ही नहीं है। कांग्रेस को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। हर दिन कांग्रेसी अपनी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल

हो रहे हैं। सब जानते हुए भी कांग्रेसी जनता को ठगने का नया पैंतरा ले कर आए हैं, जिसका जनता करारा जवाब देगी।

आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा का चुनाव आया तो कांग्रेसी फिर से जनता को ठग रहे हैं। डबल इंजन की सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोबर का पैसा खा गई कांग्रेस सरकार

श्री साय ने कहा कि कांग्रेसियों को इस बार खाता खोलने भी नहीं देना है। 2018 में अपने जनघोषणा पत्र में बड़ा-बड़ा वादा करके जनता का खूब वोट बटोरे, फिर उनको खूब धोखा दिया। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंदिर का विरोध और दुआ, दोहरा चरित्र नहीं चलेगा : यादव

भोपाल, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कांग्रेस और पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पर हमला बोलते हुए कहा कि मंदिर का विरोध और दुआ, इस प्रकार का दोहरा चरित्र नहीं चलेगा। डॉ. यादव ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस नेता श्री सिंह की ओर से अब अति हो गई। भगवान राम के मंदिर का विरोध करते हैं और दूसरी तरफ जीत के लिए दुआ करते हैं। इस प्रकार का दोहरा चरित्र नहीं चलेगा, एक लाइन कुछ भी पकड़ लें। वहीं छिंदवाड़ा में कांग्रेस के नेताओं के नोटों के साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डॉक्टरों ने जवान का कटा हाथ जोड़ा

नई दिल्ली, (वार्ता)। केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख में भारतीय सेना के एक जवान के मशीन चलाते हुये कट गये हाथ को कल रात यहां रिसर्च एंड रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल में आपात सर्जरी कर डॉक्टरों ने उसे जोड़ दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यहां सेना के आर एंड आर अस्पताल में लद्दाख से लाये गये घायल जवान के हाथ की आपात सर्जरी की गयी और उसके कटे हुये हाथ को वापस जोड़ दिया गया।

मशीन चलाते हुई थी घटना : गौरतलब है कि यह घटना बुधवार को उस समय हुई, जब मशीन चलाते समय उसका हाथ कट गया था। घायल जवान को पहले लेह हवाई अड्डे लाया गया और वहां से सुपर हरक्यूलस विमान से दिल्ली के पालम वायु सेना स्टेशन पहुंचाया गया।

बीआरएस नेता कविता 15 अप्रैल तक सीबीआई हिरासत में

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को 15 अप्रैल तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में शुक्रवार को भेज दिया। राजधानी के राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआई की ओर से पांच दिनों की हिरासत के अनुरोध पर विचार के बाद यह आदेश पारित किया।

अरुणाचल में सबसे अधिक विशेष बलों की कंपनियां भेजेगा : सीईओ

ईटानगर, (वार्ता)। चुनाव आयोग अरुणाचल प्रदेश में आगामी आम चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए राज्य में विशेष बलों की अतिरिक्त 10 कंपनियां भेजेगा। अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार सेन ने शुक्रवार को कहा, नये बल अगले सप्ताह तक राज्य में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को मतदान केंद्रों, चुनाव सामग्री, चुनाव कर्मियों और चुनाव प्रक्रिया की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। श्री सेन ने बताया कि चुनाव आयोग ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाले केंद्रीय गृह मंत्रालय के समन्वय से हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया पर असर डालने वाले सभी पहलुओं का आकलन किया है।

अनवर की पेशी के पहले महापौर भाई एजाज ढेबर और करीबियों के घर पहुंची एसीबी टीम

मनी लांड्रिंग का हाईप्रोफाइल मामला

- कोर्ट ने अरविंद और एपी त्रिपाठी के साथ 18 तक रिमांड पर भेजा
- कोयला लेवी घोटाले में निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर फैसला फिलहाल सुरक्षित

रायपुर/नवप्रदेश। जिला न्यायालय ने आबकारी, कोयला घोटाला के साथ मनी लांड्रिंग के हाईप्रोफाइल मामले में मुख्य आरोपी बनाए गए अरविंद सिंह, एपी त्रिपाठी और अनवर ढेबर को 18 अप्रैल तक रिमांड पर भेज दिया है। एसीबी ने रिमांड के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर कोर्ट ने निर्णय लेते हुए तीनों को पूछताछ के लिए एसीबी को मंजूरी दे दी।

न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी ने आरोपियों को 18 अप्रैल तक रिमांड पर भेज दिया। इधर कोयला लेवी मामले में पूर्व सीएम की ओएसडी सौम्य चौरसिया और महादेव एप मामले में नितिन टिबरेवाल की ओर से लगाई गई जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा गया है। नितिन के मामले में जहां 15 अप्रैल को सुनवाई होगी वहीं निलंबित उप सचिव सौम्य की जमानत के मामले में 16 तारीख को सुनवाई पूरी होगी। एसीबी की ओर से उनके वकील सौरभ पांडे ने यह जानकारी दी। एसीबी ने अरविंद सिंह, अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी तीनों को एक साथ दोपहर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईओडब्ल्यू को अनवर, अरुणपति, अरविंद की 18 अप्रैल तक की रिमांड

रायपुर कोर्ट में शुक्रवार को हाईप्रोफाइल घोटालों पर सुनवाई हुई। एक बार फिर से शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू को अनवर, अरुणपति, अरविंद की 18 अप्रेल तक की रिमांड मिली है। शराब घोटाले में अनवर ढेबर अरुणपति त्रिपाठी और अरविंद सिंह की पेशी आज रायपुर कोर्ट में थी। एसीबी-ईओडब्ल्यू ने इन तीनों की 18 अप्रैल तक रिमांड भी मांगी है। ईओडब्ल्यू ने जस्टीस निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में पेश कर दिया है। ईओडब्ल्यू की टीम ने कोर्ट से 6 दिनों के लिए तीनों आरोपियों की रिमांड मांगी है। वहीं कोयला घोटाला केस में बंद सौम्या चौरसिया और चंद्रभूषण की जमानत याचिका पर कोर्ट आज फैसला सुना सकती है। इसके अलावा महादेव सट्टा एप केस में जेल में बंद निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के जमानत आवेदन पर भी फैसला आ सकता है।

एसीबी की रेड में पप्पू के घर मिली 28 लीटर कीमती शराब, मामला दर्ज

रायपुर/दुर्ग/नवप्रदेश। गुरुवार को नेहरू नगर निवासी शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन के बंगले में एसीबी ने छापा मारा। छापे में घर की सर्चिंग के दौरान त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन घर पर नहीं थे। जांच में

एसीबी की टीम को बंगले से 28 लीटर विदेशी शराब मिली है।

छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को प्रदेश के कई शहरों में छापा मारा। छापे शराब घोटाले से जुड़े लोगों के ठिकानों पर मारे गए। एसीबी ने मकान से बड़ी मात्रा में शराब मिलने की सूचना तत्काल सुपेला थाना पुलिस को दी। इस पर सुपेला पुलिस ने पप्पू ढिल्लन के बंगले पहुंचकर 28 लीटर विदेशी शराब को जटत कर लिया और आबकारी अधिनियम 34(2) के तहत कार्रवाई की। कारोबारी ढिल्लन के बेटे 28 वर्षीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश का संविधान किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता खत्म : मोदी

बाड़मेर, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान को गीता, रामायण, कुरान, बाइबल एवं देश का सब कुछ बताते हुए कहा है कि देश का संविधान किसी भी हालत में खत्म नहीं किया जा सकता है, लेकिन कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठी आड़ ले रही है।

पीएम मोदी शुक्रवार को बाड़मेर में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के बयान ÷इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 400 पार का नारा संविधान बदलने का प्रयास÷ पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारा संविधान गीता, रामायण, कुरान एवं बाइबल तथा देश का सब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ने बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया

पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, आज वह मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठी आड़ ले रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मोदी ही है जिसने देश में संविधान दिवस मनाना शुरु किया जबकि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था जो यह बाबा साहब का अपमान हैं। उन्होंने बाबा साहब का अपमान करने वालों से सावधान रहने की जरुरत बताते हुए कहा कि कांग्रेस सुन ले कि इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी आज बस्तर आएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता को कांग्रेस पार्टी की ओर से उनके प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगने के लिए राष्ट्रीय नेताओं का आना जारी है। इसी के तहत कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के लिए कल 13 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित आमसभा में भागीदारी देने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का

बस्तर कार्यक्रम तय है। इसके तहत दोपहर12.30 बजे विशेष विमान से जगदलपुर हवाई अड्डे पर आगमन होगा। वहां से हेलीकाप्टर से बस्तर जाएंगे। 1 से 2 बजे सभा, 2 बजे सभा स्थल से जगदलपुर विमानतल जाएंगे।

लोकसभा की 94 सीटों के लिए अधिसूचना जारी

नई दिल्ली, (वार्ता)। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराये जाएंगे।

भारत के राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण के चुनाव के लिए मतदान सात मई को करायें जायेंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आयोग ने की पहले चरण के चुनाव तैयारियों की समीक्षा

चुनाव आयोग ने आम चुनाव-24 के पहले चरण की तैयारियों की चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा की है। आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू ने देश भर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बस्तर और बालोद में गरजेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

- बस्तर और कांकेर लोकसभा में कार्यकर्ता एवं जनता में भरेंगे जोश

रायपुर/नवप्रदेश। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल 13 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बस्तर एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित आमसभा के माध्यम से हुंकार भरेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक रक्षा मंत्री श्री सिंह दिल्ली से सुबह 10:30बजे रवाना होंगे तथा दोपहर 12:30 बजे जगदलपुर स्थित माँ दंतेश्वरी विमानतल पहुँचेंगे। दोपहर 1:15 बजे बस्तर के भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए बरपुर रोड



गीदम दंतेवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। दंतेवाड़ा में आयोजित सभा को संबोधित करने के पश्चात रक्षा मंत्री श्री सिंह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के बालोद के सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित आमसभा में दोपहर 03:15 बजे कांकेर प्रत्याशी भोजराज नाग एवं छत्तीसगढ़ के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही केंद्र सरकार : आतिशी

नई दिल्ली, (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साज़िश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है।

सुश्री आतिशी ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साज़िश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि, दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना ग़ैरक़ानूनी, ग़ैर संवैधानिक और दिल्ली की जनता के

जनादेश के खिलाफ होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है वह दिल्ली में चुनाव नहीं जीतने वाली इसलिए अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के ख़िलाफ़ रचे जा रहे षड्यंत्र का एक बड़ा कारण सरकार द्वारा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

भविष्य की चिंता... अब कब्रिस्तान में नहीं बची कफन-दफन के लिए जगह, 11 साल में हुआ 32 सौ लाशों का अंतिम संस्कार

कब्र में दफन 2000 शवों को शिनाख्ती का इंतजार...

मनीष बाघ

रायपुर/नवप्रदेश। जोरा स्थित पुलिस कब्रिस्तान में अज्ञात लाशों के कफन-दफन की प्रक्रिया में कभी भी परेशानियां खड़ी हो सकती है। इसकी बड़ी वजह अब वहां जगह की किल्लत है। पूर्व में आवंटित 90 डिसमिल जमीन में चारों ओर कब्र खुद चुकी हैं। नई लाशों के लिए यहां जगह ढूंढना मुश्किल हो रहा है। सामाजिक संस्था पिछले 11 साल में लगभग 3200 लाशों को दफ्ना चुकी है। कब्रिस्तान में जगह के संकट के बीच स्थिति यह भी है कि यहां 2000 लाशों को अभी भी अपनी शिनाख्ती का इंतजार है।

नवप्रदेश ग्राउंड रिपोर्ट

(नव प्रदेश) ने अज्ञात लाशों के कफन-दफन की स्थिति का जायजा लिया। जोरा स्थित कब्रिस्तान की पड़ताल की, जहां पर चौंकाने वाले हालात सामने आए हैं। जानकारी लेने पर मालूम हुआ कि दूसरी बार आवंटित जमीन में अब नए कब्र खोदना मुश्किल हो रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बारिश में भर जाता है पानी

संस्था से जुड़े लोगों का कहना है, जितना रकबा आवंटित किया गया था उसमें 20 डिसमिल जगह डबरी बन जाता है। बारिश के दिनों में पानी भरने की वजह से इस जगह का इस्तेमाल कर पाना मुश्किल हो जाता है। जिला प्रशासन को कई बार स्थिति से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इस बार ध्यान नहीं देने से अब दिनों-दिन समस्याएं बढ़ने लगी हैं।

पुराने कब्रिस्तान में ही नए विकल्प

जानकारों का मानना है जहां पुराना कब्रिस्तान था वहां दोबारा से कब्र खोदकर नई लाशों को दफनाया जा सकता है। इसके लिए पुराने कब्रिस्तान को तीन से चार फीट तक मलबे से पाटना होगा। बताया जाता है यहां पर दफनाई गई लाशों को छह से सात साल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

> जोरा स्थित कब्रिस्तान के बारे में अभी जानकारी लेकर नई व्यवस्था के लिए योजना बनाई जाएगी। मौजूदा स्थिति में अगर जगह की कमी पड़ रही है तो स्थिति दिखवा लेते हैं।
>
> **- गौरव सिंह,** कलेक्टर

> हम पिछले 11 सालों से लाशों का कफन-दफन कर रहे हैं। नए कब्रिस्तान में अब जगह की किल्लत होने लगी है। आने वाले दो से तीन महीने में स्थिति और गंभीर हो जाएगी।
>
> **- जमीर अली,** मोक्ष श्रद्धांजलि समिति

कोरबा लोकसभा के आदिवासी हिस्सों में भाजपा लगा पाएगी सेंध या मिथक रहेगा कायम!

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। जैसे-जैसे छत्तीसगढ़ में चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आ रहा वैसे ही लोकसभा चुनावों को लेकर हर संसदीय क्षेत्र में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा ठोक रहे हैं। जब कि हर जगह परिस्थिति अलग-अलग है जहा कोरबा लोकसभा सीट छत्तीगसढ़ राज्य बनने के बाद परिसीमन के बाद नई सीट है जहा अब तक तीन आम चुनाव ही हुए है ।जहा हर बार जनता ने भाजपा व कांग्रेश के हर चेहरे को एक एक बार मौका दिया । कोरबा को देश का पॉवर हब कहा जाता है। कोयला खदानों से के बीच बसे कोरबा में राज्य और केंद्र सरकारों के साथ ही बड़े पैमाने पर निजी पॉवर प्लांट हैं। इस संसदीय क्षेत्र के सियासी समीकरण को स्थानीय और बाहरी दोनों ही प्रभावित करते हैं। जिस कारण प्रदेश की कोरबा लोकसभा सीट इस समय सबसे हॉट सीट बनी हुई है। क्योंकि कोरबा सीट से बीजेपी ने पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय और बीजेपी की जीत मोदी लहर में प्रस्ठिा का सवाल बन गया हैं। तो वही कांग्रेस ने सरोज पांडेय के मुकाबले के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष चरण दास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत को टिकट दिया है। ज्योत्सना महंत कोरबा से मौजूदा सांसद है। ऐसे में दोनों दलों ने अपनी अपनी जीत के लिये पूरी ताकत झौंकना शुरू कर दिया है।

कौन है ज्योत्सना महंत

कोरबा सीट से मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की पत्नी है। ज्योत्सना महंत बीते 25 सालों से जनसेवा कार्य करती आई है। ज्योत्सना अपने ससुर दिवंगत बिसाहू दास महंत और पति चरणदास महंत को अपना आदर्श मानती है। चरण दास महंत केन्दीय मंत्री भी रहे है। ज्योत्सना महंत ने 2019 में मोदी लहर में कांग्रेस को कोरबा सीट जीताकर दी थी। ज्योत्सना महंत ने बीजेपी के ज्योतिनंद दुबे को चुनाव हराया था।

कोरबा में कब मतदान

आपको बता दें कि देश मे 2024 का लोकसभा चुनाव सात चरणों में होंगे। छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में मतदान होगा। जहा कोरबा में 7 मई को मतदान होगा। 7 मई को कोरबा के अलावा सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में मतदान किया जाएगा। वही चुनाव के नतीजे 4 जून को आएंगे।

कौन है सरोज पांडेय

सरोज पांडेय ने अपने राजनीति करियर की शुरुआत बीजेपी से की थी। सरोज पांडेय भिलाई नगर निगम से दो बार महापौर रही है। इसके बाद उन्होंने 2008 में विधायक चुनी गईं। 2009 के लोकसभा चुनावों में दुर्ग लोकसभा से सांसद रही। इसके बाद सरोज पांडेय को बीजेपी ने महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद बीजेपी ने सरोज पांडेय को 2018 में राज्यसभा भेजा। इसके बाद 2024 में बीजेपी ने सरोज पांडेय को कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है।

कोरबा में भाजपा के लिए चुनौती

कोरबा लोकसभा में आने वाला खड़गवां ,सोनहत व जनकपुर क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहां से बीजेपी कभी लीड नहीं ले पाई है। सबसे बड़ी बात यह है कि खड़गवां क्षेत्र से बीजेपी के दिग्गज नेता आते है, लेकिन इसके बाद भी साय सरकार में वर्तमान मंत्री श्यामबिहारी भी आदिवासियों का दिल नहीं जीत पाए। वही भरतपुर सोनहत से पूर्व सरगुजा सांसद रेणुका सिंह वर्तमान में विधायक हैं फिर भी आदिवासी वोटरों का झुकाव गोंडवाना पार्टी की तरफ हैं जहा अब विधायक के नदारत रहने के आरोप ग्रामीण छेत्र में लगने लगे हैं जिस कारण कोरबा लोकसभा में जीत के लिये आदिवासी वोटरों को लुभाना भाजपा के लिए एक मिथम माना जाता है। ऐसे में कयासों का दौर शुरू हो गया है कि इस बार के लोकसभा चुनावों में यह बीजेपी इस मिथक को तोड़ने में कामयाब होगी या नहीं इस पर संसय बना हुआ है । कोरबा सीट पर कांग्रेस लगातार दो बार अपना कब्जा जमाती आई है वही भाजपा भी एक बार जीत दर्ज कर चुकी हैं। बीजेपी ने इस बार कोरबा सीट को जीतने के लिए पहले से ही मास्टर प्लान बना लिया था। बीजेपी ने कोरबा फत्तह करने के लिए इस क्षेत्र से आने वाले कद्दावर नेता श्यामबिहारी जायसवाल को मंत्री बनाकर बड़ा दांव खेला है। जहा अब भी मोदी लहर में कोरिया व एमसीबी जिले के जनप्रतिनिधि बिना जनता के सामने जाए इस सीट को जीता हुआ मान रहे हैं। अब देखना होगा की बीजेपी का यह दांव कितना काम आता है।

पहली बार महिला प्रत्याशी आमने-सामने

कोरबा लोकसभा पर अब तक हुए तीन चुनाव में लगातार किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। कोरबा सीट पर तीन बार आम चुनाव हुए हैं और अब 2024 में चौथी बार लोकसभा का चुनाव होना है। कोरबा से मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत हैं। पार्टी ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। वही बीजेपी ने सरोज पांडेय को ज्योत्सना महंत के सामने प्रत्याशी बनाकर चुनावी समर में उतारा है। कोरबा सीट पर ऐसा पहली बार होगा जब भाजपा–कांग्रेस से महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में आमने सामने होंगे। सरोज पांडे इससे पहले दुर्ग लोकसभा से चुनाव लड़ी है।

आसनसोल की जनता ने जिस तरह प्यार दिया भरोसा है हम जीतेंगे

■ **सुरिंदर सिंह अहलूवालिया ने घाघरबूढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना की**

आसनसोल। आसनसोल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सुरिंदर सिंह अहलूवालिया ने आज की सुबह आसनसोल के प्रसिद्ध घाघरबूढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। उनके साथ कुल्टी के विधायक अजय पोद्दार, जिला भाजपा के अध्यक्ष बप्पा चटर्जी, आशा शर्मा समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यक र्ता और नेता उपस्थित थे। एसएस अहलूवालिया ने मां घाघरबूढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद जिला कार्यालय पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं।

इसके पहले दुर्गापुर से आसनसोल आने के क्रम में एसएस अहलूवालिया का अंडाल मोड़, रानीगंज मोड़, चांदा मोड़, कालीपहाड़ी मोड़ पर स्वागत किया गया। वहीं देर शाम में वह आसनसोल और बुधा गांव में गाजन उत्सव में शामिल होंगे। सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने कहा कि इससे पहले कई बार वह इस मंदिर में आ चुके हैं और मां का आशीर्वाद ले चुके हैं उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं ने उनको आसनसोल लोकसभा केंद्र से चुनाव और लड़ने के लिए भेजा है और जब वह आसनसोल के अंडल एयरपोर्ट पहुंचे थे तब यहां के लोगों द्वारा उनका जोर-शोर से स्वागत किया गया।

दार्जिलिंग में बाइचुंग भूटिया के खिलाफ लड़ा था

उन्होंने कहा कि आसनसोल की जनता ने जिस तरह से उनको प्यार दिया है उनका भरोसा है यह आने वाले चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इससे पहले जब उन्होंने दार्जिलिंग में बाइचुंग भूटिया के खिलाफचुनाव लड़ा था तब भी वह काफी लोकप्रिय थे लेकिन उनको जीत हासिल हुई थी और यहां पर भी वह अपनी जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त है।

विजयलक्ष्मी के बाद नेहरू परिवार से फूलपुर ने बनाई दूरी

■ **भारत की संसदीय राजनीति में जवाहरलाल नेहरू ने फूलपुर को चुनावी कर्मक्षेत्र बनाया था**

प्रयागराज, (वार्ता)। पंडित जवाहर लाल नेहरू की कर्मभूमि रही फूलपुर संसदीय क्षेत्र ने पंडित नेहरु की बहन विजय लक्ष्मी पंडित को अपनाने के बाद नेहरु परिवार से धीरे-धीरे दूरी बनानी शुरू कर दी। राजनीति के हर रंग फूलपुर के सियासी आंगन में खिले हैं। पंडित नेहरू की कर्मभूमि के मतदाताओं ने कई बड़े चेहरों को फूलों का ताज पहनाया तो कई दिग्गजों को नकार दिया है। आजाद भारत की संसदीय राजनीति में जवाहरलाल नेहरू ने फूलपुर को चुनावी कर्मक्षेत्र बनाया। तब यह सीट इलाहाबाद पूर्व कम जौनपुर पश्चिम के नाम से जानी जाती थी। आंकड़े बताते हैं कि फूलपुर की मिट्टी ने जब तक जिसको चाहा उसे फूलों का ताज पहनाकर उसका स्वागत किया नहीं तो उसे अपनी सरजमी पर खड़े होने लायक नहीं छोड़ा। सीट पर पंड़ित नेहरू ने जहां जीत हासिल कर हैट्रिक बनाया है वहीं राम पूजन पटेल भी एक बार 1984 में कांग्रेस के टिकट पर और दो बार 1989 और 1991 में जनता दल के टिकट से जीत हासिल कर हैट्रिक लगाने का कार्य किया है।

..तब विजयलक्ष्मी पंडित को उम्मीदवार बनाया

वर्ष 1964 में पंडित नेहरू के निधन के बाद फूलपुर में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने पंडित नेहरू की बहन विजयलक्ष्मी पंडित को उम्मीदवार बनाया और वह जीत गईं। वर्ष 1967 के आम चुनाव में उन्होंने फिर उम्मीदवारी की। इस बार विपक्ष ने उनके सामने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के युवा छात्रनेता जनेश्वर मिश्र को उतार दिया, जो बाद में सियासत में छोटे लोहिया के नाम से मशहूर हुए। इस चुनाव में हालांकि, वोटों की लड़ाई में फूलपुर ने साथ नेहरू की विरासत को ही दिया।

उसके बाद दूसरी बनती गई

विजयलक्ष्मी के संयुक्त राष्ट्र में जाने के कारण 1969 में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने नेहरू के सहयोगी केशव देव मालवीय को उतारा, लेकिन इस बार जीत जनेश्वर को मिली। विजयलक्ष्मी के बाद नेहरू परिवार ने फूलपुर से दूरी बना ली। नेहरू परिवार के जाने के बाद से ही कांग्रेस की जमीन फूलपुर में दरकने लगी। 1971 में कांग्रेस से विश्वनाथ प्रताप सिंह जरूर जनेश्वर पर भारी पड़े, लेकिन 1977 में आपातकाल की लहर में कांग्रेस यहां भी किनारे लग गई। हेमवती नंदन बहुगुणा की पत्नी कमला बहुगुणा भारतीय लोकदल से सांसद बनीं। 1980 के चुनाव में कमला ने कांग्रेस का दामन थाम लिया तो फूलपुर ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर जनता पार्टी सेक्युलर के बीडी सिंह को चुन लिया।

..पर रोजगार से जुड़े काम नहीं हुए

65 वर्षीय हरखू राम ने बताया कि यहां से पंडित नेहरू तीन बार जीते, वी पी सिंह ने जीत हासिल किया लेकिन यहां विकास और स्थानीय लोगों के रोजगार से जुड़ा कुछ काम नहीं हुआ। इसलिए फूलपुर के लोगों का कांग्रेस के प्रति मोह भंग होता गया। बाद के दिनों में 1980 में भाजपा के उदय होने के साथ हिन्दू उसके साथ जुड़ने लगे, फिर 1982 में सपा के आने से मुस्लिम वोट कटने लगा और शेष दलित, पिछड़े को 1984 में बसपा के उदय ने उसको समाप्त कर दिया।

नेहरू के कारण वीवीआपी सीट का दर्जा मिला

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1952 में चुनाव जीतकर सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने के बाद देश का प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल किया। इसके बाद 1957 में फूलपुर के अलग सीट के तौर पर अस्तित्व में आने के बाद भी नेहरू ने यहीं से अपना दूसरा लोकसभा का चुनाव लड़ा। वर्ष 1962 में उनके सामने सोशलिस्ट पार्टी ने समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया को मैदान में उतारा। दो बड़े नेताओं की टक्कर ने सुर्खियां तो खूब बटोरीं। श्री लोहिया ने पंडित नेहरू को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन हैट्रिक लगाने से नेहरू को रोक नहीं सके। पंड़ित नेहरू को 118931 मत मिले तो लोहिया को 54360 मत मिले थे। पंडित नेहरू के चुनाव लड़ने के कारण फूलपुर सीट महत्व बढ़ गया और इसे वीवीआपी सीट का दर्जा मिला।

इंदिरा गांधी की हत्या के चलते मिली सहानुभूति

वर्ष 1984 के चुनाव में इंदिरा गांधी की हत्या के चलते मिली सहानुभूति ने कांग्रेस की दरकती जमीन को एक बार मजबूती प्रदान की लेकिन इसके बाद यहां 'हाथ' को जनता का साथ नहीं मिला। कांग्रेस को जीत दिलवाने वाले रामपूजन पटेल ने 89 और 91 में जनता दल के टिकट पर जीत दर्ज की और पंडित नेहरू के बाद यहां हैट्रिक लगाने वाले दूसरे चेहरे बने। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार फूलपुर की ऐतिहासिक सीट ने न सिर्फ पंडित जवाहरलाल नेहरू, वीपी सिंह और केशव प्रसाद मौर्य समेत तमाम सियासी दिग्गजों को देश की सबसे बड़ी पंचायत तक पहुंचाया है, बल्कि कई बड़े और चर्चित नाम वालों को ज़ोर का सियासी झटका भी दिया है।

लोकसभा चुनावी वॉच

येदियुरप्पा परिवार के वंशवाद के खिलाफ लड़ रहा हूं: ईश्वरप्पा

शिवमोग्गा, (वार्ता)। *भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बागी नेता और शिवमोग्गा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे के एस ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि उनके विरोध में भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा परिवार का वंशवाद भी शामिल है। ईश्वरप्पा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वंशवाद के विरोध के बावजूद श्री येदियुरप्पा का परिवारवाद जारी है।*

उन्होंने यहां पत्रकारों कहा, ÷ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह रहे हैं कि पार्टी एक परिवार के हाथों में नहीं होनी चाहिये, लेकिन कर्नाटक में बी एस येदियुरप्पा का एक पुत्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष है और दूसरा सांसद है। मैं इसके खिलाफचुनाव लड़ रहा हूं। श्री ईश्वरप्पा ने कर्नाटक में भाजपा के कुछ वर्गों के बीच असंतोष पर भी प्रकाश डाला, खासकर उन लोगों के बीच जो दृढ़ता से हिंदुत्व विचारधारा से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व सिद्धांतों के कट्टर समर्थक माने जाने वाले नेताओं को पार्टी के भीतर प्रभावशाली पदों से हटा दिया गया है अथवा किनारे कर दिया गया है। उन्होंने कहा, सीटी रवि, अनंतकुमार हेगड़े, नलिन कुमार कतील, प्रताप सिम्हा सभी 'हिंदुत्ववादी' नेताओं को बाहर कर दिया गया है। मैं ऐसा इसलिये कर रहा हूं ताकि 'हिंदुत्ववादी' जगह पा सकें।



उद्देश्य हिंदुत्व समर्थकों के लिये मंच प्रदान करना

निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का श्री ईश्वरप्पा का निर्णय भाजपा के भीतर हिंदुत्व की आवाज़ों के कथित हाशिये पर जाने की प्रतिक्रिया के रूप में लिया गया है। स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़कर श्री ईश्वरप्पा का उद्देश्य हिंदुत्व समर्थकों के लिये एक मंच प्रदान करना और उन पार्टी कार्यकर्ताओं की शिकायतों को दूर करना है जो कर्नाटक में वर्तमान भाजपा नेतृत्व से मोहभंग महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, कर्नाटक में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी नेताओं से नाराज हैं।

आठ करोड़ घरों तक पहुंचा रही है कांग्रेस 'पांच न्याय 25 गारंटी'



नई दिल्ली (वार्ता)। *कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज चुनावी घोषणापत्र 'पांच न्याय 25 गारंटी' की आठ करोड़ प्रतियां घर-घर तक पहुंचा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि 'पांच न्याय 25 गारंटी' घोषणा पत्र का वितरण आठ करोड़ घरों तक किया जा रहा है। इसके अलावा एक करोड़ नागरिकों को यह दस्तावेज डिजीटली वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा घर-घर वितरित की जा रही आठ करोड़ प्रतियों के अलावा कांग्रेस पार्टी ने देश भर में कम से कम एक करोड़ लोगों को डिजिटल रूप से भी अपनी 'पांच न्याय 25 गारंटी' को भेजा है।*

रमेश ने कहा कि देश में कांग्रेस की पांच न्याय 25 गारंटी का जबरदस्त स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अभी तक चुनावी घोषणा पत्र के लिए मात्र एक समिति का गठन कर पायी जबकि कांग्रेस अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा, हमें जो रिस्पांस मिला है वह अभूतपूर्व है। ऐसे समय में जब भाजपा ने अभी तक सिर्फ़एक घोषणापत्र समिति का गठन किया है, हम अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रहे हैं।

विस चुनाव की घोषणाओं का मिल सकता है भाजपा प्रत्याशी को लाभ

बनने लगा है माहौल, मोदी की गारंटी सहित महतारी वंदन योजनाओं ने मतदाताओं को किया है काफी प्रभावित



बालोद/नवप्रदेश। कांकेर लोकसभा सीट के तहत हो रहे चुनाव में बालोद जिला भी शामिल है। भाजपा प्रत्याशी लगातार बालोद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं । इसकी पीछे प्रमुख कारण विधानसभा चुनाव में यहां के कांग्रेस विधायकों की जीत होना है। ऐसे में भाजपा के लिए चुनौती तो है ही कि कैसे इस क्षेत्र की कमियों को दूर करें और आने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी जीत को दोहराएं। लेकिन कुछ हद तक भाजपा प्रत्याशी को मोदी की गारंटी और विधानसभा चुनाव के दौरान की गई घोषणाओं , जिसके बलबूते छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार की वापसी हुई थी, उसका लाभ मिल सकता है। राजनीतिक जानकारों की माने तो पिछले विधानसभा चुनाव में महतारी वंदन योजना सहित किसानों के लिए जो 3100 में धान खरीद की गई, साथ ही 2 साल का बकाया बोनस दिया गया। यह एक महत्वपूर्ण फैसले थे जिससे मतदाता काफी प्रभावित हुए। किसान और महिलाओं के हित में फैसले लेकर भाजपा ने आखिर मैदान मार लिया और 5 साल तक राज करने वाले कांग्रेस से सत्ता छीन ली। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को भी मोदी की गारंटी और लहर का लाभ मिल सकता है। जिसका उदाहरण गांव-गांव में देखने को मिल रहा है । जहां भी भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग जा रहे हैं वहां मोदी के चेहरे पर चुनाव जीतने के लिए रणनीति तैयार हो रही है ।

भाजपा प्रत्येक बूथ पर जोर दे रही है और मतदाताओं का मन टटोल रही है। साथ भाजपा की गारंटीयों को लेकर बताया जा रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में अगर भाजपा सत्ता में आती है और क्या-क्या सुविधा मिलने वाली है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत से कार्यकर्ता उत्साहित है।

भले ही कांग्रेस ने बालोद जिले के तीनों सीट पर कब्जा जमाए हैं लेकिन भाजपा की सत्ता होने से भाजपा का मनोबल हार के बाद भी कम नहीं हुआ है। अपितु बढ़ते क्रम पर है और इस सत्ता का लाभ लोकसभा चुनाव में देखने को मिल सकता है। मोदी लहर और गारंटी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाता नजर आ रहा है। जिससे प्रत्याशी के लिए जीत की राह आसान हो सकती है। हालांकि कांग्रेस भी अपना पूरा जोर लगा रहे हैं। विधानसभा चुनाव में बालोद जिले के तीनों सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। ऐसे में पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से हारे हुए प्रत्याशी बिरेश ठाकुर को टिकट देकर मैदान में उतारा गया है। दोनों एक ही क्षेत्र से हैं। आदिवासी वनांचल से ताल्लुक रखते हैं । कांकेर क्षेत्र में दोनों की अच्छी खासी पकड़ है। पर मोदी की गारंटी, महतारी वंदन योजना किसानों के हित में लिए गए फैसले मतदाताओं को भाजपा की ओर झुकने को मजबूर कर सकते हैं। तो वही पूरे भारत स्तर पर कांग्रेस के कमजोर होते संगठन से अधिकतर मतदाता भाजपा को अपना समर्थन देते नजर आ रहे हैं। एक वक्त था जब देश में कांग्रेस बहुमत में नजर आता था। लेकिन आज विपक्ष में भी कांग्रेस कमजोर दिख रही है। ऐसे में लोकसभा चुनाव में फिर से मोदी की लहर का प्रभाव देखा जा सकता है । प्रत्याशी से ज्यादा लोग मोदी के गारंटी पर भरोसा कर रहे हैं और चाहे प्रत्याशी कोई भी हो । भाजपा के प्रति लोगों में उत्साह नजर आ रहा है

सुबह से देर रात तक भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग सहित स्थानीय भाजपा नेता गांव गांव पहुंचकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। चौपाल ले रहे हैं। लोगों के साथ बैठकर खाना खा रहे हैं।सरल सहज मिलनसार व्यवहार की धनी प्रत्याशी भोजराज को ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने बीच पाकर उत्साहित महसूस कर रहे हैं।

■ न्यूज गैलरी

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवम् सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. की आवश्यक बैठक प्रोफेसर कॉलोनी स्थित केन्द्रीय कार्यालय में सम्पन्न हुई. इस बैठक में 12 मई, 2024 रविवार की संध्या अम्बा मंदिर परिसर, सत्ती बाजार, रायपुर में प्रस्तावित भगवान श्री परशुराम की 11सौ दीपों से महाआरती, भजन एवम् भोजन प्रसादी के विषय में चर्चा की गई. यह महाआरती संत-महात्माओं की अगुवाई में की जायेगी जिसमें विप्र समाज प्रमुखों, विप्र जनप्रतिनिधियों एवम् विप्रजनों को आमंत्रित किया जायेगा. प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कार्यक्रम संयोजक हेतु उपस्थित पदाधिकारियों से प्रस्ताव मांगा जिस पर सभी ने संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा के नाम पर अपनी सहमति प्रदान किये. बैठक में अरविंद ओझा प्रांतीय अध्यक्ष, नितिन कुमार झा कार्यक्रम संयोजक, गुणनिधी मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुरेश मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव, रज्जन अग्निहोत्री प्रांतीय सलाहकार, सुनील ओझा प्रांतीय महामंत्री, नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष, अविनय दुबे युवा अध्यक्ष, प्रीति मिश्रा सांस्कृतिक सचिव, अर्चना तिवारी सचिव, अभिषेक त्रिपाठी सचिव, राघवेन्द्र पाठक कोषाध्यक्ष, सतीश शर्मा सचिव, रवि शर्मा उपाध्यक्ष, उमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने कहा कि शीघ्र ही सर्व ब्राह्मण समाज एवम् संगठन के पदाधिकारियों की विस्तृत बैठक कर कार्यक्रम की अंतिम रुपरेखा तय की जायेगी।

व्यय प्रेक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

■ शत-प्रतिशत करें मतदान दूसरों को भी करें प्रेरित : व्यय प्रेक्षक आस्थानंद पाठक

■ अधिक से अधिक लोग करें मताधिकार का उपयोग, मतदान केंद्रों में सारी बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रखें : कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आज व्यय प्रेक्षक आस्थानंद पाठक ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की टेरिस से जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक श्री पाठक ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। मतदान के लिए जागरूक करने शत-प्रतिशत लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। मतदान केंद्रों में सारी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। हमारे पूर्वजों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष और बलिदान के बाद मतदान का अधिकार मिला है। हमें ब्रिटिश काल में मतदान के अधिकार नहीं थे। कुछ संघर्ष के बाद सीमित लोगों को अधिकार दिए गए। उसके बाद संघर्ष किया गया और स्वतंत्रता के बाद सभी वर्ग के लोग को यह अधिकार मिला है। इसलिए हमें इसे अधिकार समझते हुए अवश्य मतदान करना होगा। अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करें और मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने में भूमिका अदा करें। साथ ही दूसरों को मतदान करने के लिए भी प्रेरित करें।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि आज मतदाता जागरूकता के लिए शपथ लेने का नया कीर्तिमान बनाया जा रहा है। अधिकारी-कर्मचारी के अलावा गांव-गांव में नरेगा मजदूर, स्कूल-कॉलेज के शिक्षक सहित स्वयं सेवी संस्थाओं के कर्मचारियों के द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। डॉ. सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करें। मतदान केंद्रों में सारी बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी ध्यान दिया गया है। मतदाता जागरूकता के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बाइक रैली, स्वीप एक्सप्रेस के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। एसएसपी श्री संतोष सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। मतदाता जागरूकता का संदेश हर तरफहो, इसके लिए आयोजन किए जा रहे है। लोकतंत्र की भागीदारी में मतदान आवश्यक है। मतदाता जागरूकता के इस आयोजन के लिए प्रशासन की टीम को धन्यवाद देता हूं। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की टेरिस पर हजारों की संख्या में आज अधिकारी व कर्मचारी मतदाता जागरूकता की शपथ ली। इस अवसर पर दिव्यांग, तृतीय लिंग समुदाय और मुकबधिरों मतदान के लिए संदेश दिया। साथ ही सबसे अधिक उम्र के मतदाता श्री कन्हैया राम बंछोर ने भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया और इस अवसर पर अधिकारी- कर्मचारियों ने एक स्वर में मतदाता जागरूक के संदेष का नारे भी लगाए। पूरा टेरिस मतदाता जागरूकता के संदेश से गूंज उठा।

रायपुर लोस निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी, 19 अप्रैल तक लिए जाएंगे नामांकन

■ रिटर्निंग ऑफिसर एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जारी की अधिसूचना

रायपुर/नवप्रदेश। रिटर्निंग ऑफिसर और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज सुबह 11 बजे रायपुर लोकसभा के निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही रायपुर क्षेत्र के लोकसभा सदस्य के निर्वाचन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अधिसूचना हिन्दी और अंग्रेज़ी दो भाषाओं में जारी की गई है और रिटर्निंग ऑफ़िसर तथा सभी सहायक रिटर्निंग ऑफ़िसर्स के कार्यालयों के सूचना पटल पर सार्वजनिक भी कर दी गई है । आज से ही निर्वाचन लड़ने के प्रत्याशियों का नामांकन भी शुरू हो गया है।

निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी 19 अप्रैल तक अपना नामांकन रिटर्निंग ऑफ़िसर या सहायक रिटर्निंग ऑफ़िसर के समक्ष जमा करा सकेंगे। प्रत्याशी सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 2 कलेक्टर न्यायालय , में जमा कर सकते है । शासकीय अवकाश के दिनों में नामांकन नहीं लिया जाएगा। प्रत्याशी स्वयं या उसके किसी प्रस्तावक के द्वारा निर्वाचन के लिए नामांकन जमा करा सकते है। नामांकन पत्र प्रारूप भी कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 2 से ही प्राप्त किए जा सकते है।

रिटर्निंग ऑफ़िसर कार्यालय से जारी अधिसूचना के अनुसार 19 अप्रैल तक निर्धारित समय में प्राप्त नामांकन पत्रों की स्क्रूटनिंग 20 अप्रैल को की जाएगी। अभ्यर्थी स्वयं या अपने किसी प्रस्तावक या लिखित पत्र द्वारा घोषित अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से लिखित सूचना पर अपना नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल और समय दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। अंतिम रूप से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की सूची भी इसी दिन जारी होगी। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकसभा सदस्य के निर्वाचन के लिए मतदान सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये मतदान केंद्रों पर मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

ऑनलाइन सट्टा खेलाने वाला आरोपी पकड़ा गया

रायपुर/नवप्रदेश। आरोपी अनिल आहूजा ऑनलाइन सट्टा खेलने खिलाने का काम कर रहा था मुखबिर की

सूचना पर 11/04/24 के रात्रि 23:00 बजे cyber cell व डीडी नगर टीम द्वारा आरोपी के घर के पास दबिस दिया गया। आरोपी अपने मोबाइल पर सट्टा खेलते मिला आरोपी से पूछताछ करने पर ipl मैच मे RCB vs MI के मैच मे ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेलना बताया आरोपी के कब्जे से एक नग Oppo कम्पनी का मोबाइल और 1060 रू नगदी जप्त किया गया आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर माननीय न्यायालय भेजा गया।

ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा हेमाक्रेस्ट सम्मेलन

रायपुर/नवप्रदेश। हेमाटोलॉजी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा हेमाक्रेस्ट सम्मेलन, 12 से 14 अप्रैल 2024 तक रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हेमेटोलॉजी एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह समावेश 150 से अधिक सबसे सम्मानित हेमेटोलॉजिस्ट, और चिकित्सक को एक साथ लाने का वादा करती है।

हेमाक्रेस्ट ज्ञान के आदान-प्रदान, सहयोगात्मक चर्चा और हेमेटोलॉजी में नवीनतम प्रगति और सफलताओं की खोज के लिए एक अनूठा मंच प्रस्तुत करता है। सम्मेलन का विषय, हेमाक्रेस्टः हेमेटोलॉजी के फ्रंटियर्स को एक साथ नेविगेट करना, हेमेटोलॉजी देखभाल के भविष्य में आने वाली चुनौतियों और अवसरों से निपटने में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। तीन दिनों के दौरान, हेमाक्रेस्ट उपस्थित लोगों के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करेगाः प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा दी गई विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों में शामिल होना, जिसमें हेमेटोलॉजिकल विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी; ज्ञान साझा करने और सहयोगात्मक समस्या-समाधान को बढ़ावा देने के लिए इंटरैक्टिव कार्यशालाओं और पैनल चर्चाओं में भाग लें; सूचनात्मक पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से नवीनतम शोध निष्कर्षों का पता लगाएं; पूरे पूर्व के सहकर्मियों के साथ नेटवर्क बनाना, मूल्यवान संबंध स्थापित करना और भविष्य में सहयोग को बढ़ावा देना; हेमटोलॉजिकल देखभाल के परिदृश्य को आकार देने वाले नवीनतम उपचार तौर-तरीकों और प्रौद्योगिकियों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करें। हेमाक्रेस्ट का लक्ष्य हेमेटोलॉजी में प्रगति के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना, स्वास्थ्य पेशेवरों को अपने मरीजों को उच्चतम गुणवत्ता की देखभाल प्रदान करने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाना है। सम्मेलन कार्यक्रम में घातक और गैर-घातक रक्त विकारों सहित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी; स्टेम सेल प्रत्यारोपण; सेलुलर और आणविक उपचार; रुधिर संबंधी विकृतियाँ; बाल चिकित्सा रुधिर विज्ञान; रक्त आधान दवा और भी बहुत कुछ।

12 लाख व्यापारियों से मतदान की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। जिलाधीश गौरव कुमार सिंह जी, नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्र एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप जी की उपस्थिति में व्यापारियों को शत् प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं कैट छत्तीसगढ़ चेप्टर के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल एवं कैट सीजी चेप्टर के प्र्देश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा ने बताया कि आज शुक्रवार, दिनांक- 12 अप्रेल 2024 को 19 एवं 26 अप्रेल तथा 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव (चुनाव का पर्व- देश का गर्व) में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने भारत निर्वाचन आयोग कार्यव्यव पर्यवेक्षक श्री आस्तानंद पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधीश गौरव कुमार सिंह , नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्र एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप की उपस्थिति में कलेक्टर परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में निर्वाचन आयोग के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया।

सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सरस्वती नगर पुलिस ने आमानाका ओव्हरब्रीज के नीचे सरेआम शराब पीते आरोपी सुरेंद्र नायक 30 वर्ष व राकेश नायक 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी संतोष साहू 39 वर्ष, राजेश राके 32 वर्ष, प्रकाश बाबु 32 वर्ष, जीतेंद्र वर्मा 42 वर्ष, शंकर दास मानिकपुरी 28 वर्ष व आत्माराम नायक 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी कमल नारायण वर्मा 32 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी सुरेश साहू 43 वर्ष व मिथुन निषाद 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

चाकू लहराता युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गोलबाजार पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली कि शास्त्री बाजार स्थित पिंक टायलेट के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गणेश गरूड़ 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांजे के साथ खपा रहे हैं सीरप का नशा, दो पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही पुलिस ने दो शातिर तस्करों को पकड़ा है। आरोपी अलग-अलग ठिकानों से गांजा और सीरप खपा रहे थे। पुलिस ने अभियान के तहत तेलीबांधा सुभाष नगर से विक्की देशमुख को पकड़ा। गुरूवार देर रात उसके घर दबिश देने पर उसके पास से करीब 1 किलो ×00 ग्राम गांजा बरामद हुआ। मुखबीर की सूचना पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई हुई। आरोपी पहले भी नशा कारोबार में संलिप्त रह चुका है। पुलिस ने अभियान के तहत टिकरापारा थाना क्षेत्र से पुरूषोत्तम साहू नामक बदमाश को पकड़ा। आरोपी टिकरापारा में ट्रीप्लोडीन हाइड्रो क्लोराईड क्लोडीन फोस्फेट सीरप बेच रहा था। इसके बारे में पुख्ता जानकारी मिलते ही पुलिस ने सुभाष नगर में घेराबंदी कर उसे दबोचा। उसकी निशानदेही पर उसके घर में तलाशी लेकर 100 एमएल के 50 नगर सीरप बरामद किए। नशे की सामग्री बरामद होने के बाद दोनों केस में आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल दाखिल कराने उन्हें शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। नोर्कोटिक्स एक्ट की धारा 20 और 21 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

हत्या को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी रमाशंकर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके बेटा विजय यादव का शव प्रगति स्कूल नर्सरी पास रोड किनारे पड़ा है जिसके चेहरे में गंभीर चोट के निशान है, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया है। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में अप. क्र. 179/24 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की जानकारी तत्काल वरि0 पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, अति0 पुलिस अधीक्षक लखन पटले,अति0 पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल एवं नगर पुलिस अधीक्षक मणीशंकर चन्द्रा, को देकर उनके दिशा-निर्देश पर थाना उरला पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर जानकारी एकत्रित की गई। मृतक विजय यादव के मित्र पर संदेश होने पर पूछताछ किया गया। जिससे पता चला कि रूपये के लेन-देन को लेकर मृतक एवं रूपेश कुमार के बीच वाद-विवाद हुआ था जो घटना के बाद से मोबाईल बंद कर फरार है। इसके बारे में उनके जान-पहचान वालों से पता करने पर पता चला कि रूपेश कुमार सुबह ट्रेन से बिहार के लिये निकला है। सूचना पर तत्काल उरला पुलिस व सायबर की टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन पहुंचकर सीसीटीव्ही कैमरा चेक किया गया, जिसमें आरोपी रूपेश कुमार साउथ बिहार एक्सप्रेस में चढ़ते हुये दिखा, जिस पर उक्त ट्रेन का लोकेशन लेने पर राउलकेला स्टेशन के करीब होना पता चला, तत्काल आर.पी.एफ निरीक्षक श्री अजय शर्मा थाना रायपुर को घटना की जानकारी देकर व आरोपी का फोटो देकर राउलकेला आर.पी.एफ को सूचित करने कहा गया।

32 पौवा शराब के साथ आरोपी सुरेश गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 11.04.2024 को थाना आमानाका थाना को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत पाण्डेय ढाबा के पास टाटीबंध चौक मे एक लडका जो लाल रंग का थैला पकडा है अपने पास अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखा हुआ है कि सुचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी आमानाका को सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने निर्देशन पर मुखबीर की सुचना मे बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया।

आरोपी सुरेश मिश्रा उर्फ चंदु पिता राम नरेश मिश्रा उम्र 27 साल निवासी रायपुरा गौरा चौक के पास थाना डी डी नगर रायपुर छ0ग0 के पास रखे थैला की तलाशी लेने पर थैला में 32 पौवा देशी मशाला शराब रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी सुरेश मिश्रा उर्फ चंदु को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पौवा देशी मदिरा शराब 5लीटर 760 मिली लीटर किमती 3520/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण का है चुनाव : बृजमोहन

■ बृजमोहन अग्रवाल ने किए चम्पारण, नवापारा में रोड शो

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर पड़ी है। रायपुर लोकसभा से पार्टी उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने अपना जनसंपर्क तेज़ कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने गुरुवार को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के चम्पारण और नवापारा मंडल में रोड शो किया और जनसंपर्क अभियान चलाया।

बृजमोहन अग्रवाल के अभियान की शुरुवात चम्पारण मंडल के भिलाई गांव से हुई जिसके बाद तोरला, टीला, चम्पारण, पोंड गांव में जनसंपर्क किया इसके बाद बृजमोहन अग्रवाल नवापारा मण्डल के मंदलोर, परसदा, छांटा, पारागांव, नवागांव इलाकों में जनता से मुलाकात कर भाजपा के लिए वोट मांगे और मोदी जी को एक बार पुनः पीएम बनाने की अपील की। जनता को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि, पिछले 10 सालों में मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास पर काम किया है। मोदी जी की गारंटी आज सबसे बड़ी गारंटी है जिसपर सभी को विश्वास है। मोदी जी ने जो वादे किए वो सभी पूरे किए है। मोदी जी के कारण ही अयोध्या में करीब 500 सालों बाद श्री राम लला का भव्य मंदिर का निर्माण हो सका। छत्तीसगढ़ में श्री विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद से खुशहाली है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने 5 सालों के वादों को 3 महीनों में ही पूरा कर दिया है। भाजपा राज में गरीब, महिला, युवा और किसान सभी के हितों में काम हो रहा है। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब महिलाओं को आत्मसम्मान से जीने के लिए सरकार ने घर घर शौचालय का निर्माण कराया, उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके खाते में हर महीने सरकार रु.1000 डाल रही है। किसानों को प्रति एकड़ रु.20000 की अंतर राशि मिल रही है उनके धन भी सरकार अब 3100 रुपए प्रति कुंतल की दर से खरीद रही है इतना ही नहीं किसानों को 2014-15 और 2015-16 का एकमुश्त बोनस भी दे दिया गया।

गायत्री की साधना से जीवन निर्मल और पवित्र होता है : डॉ. पांडया

■ शांतिकुंज गायत्री तीर्थ में सामूहिक जप और सत्संग में जुटे लोग

हरिद्वार/नवप्रदेश। इन दिनों गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में हजारों लोग त्रिकाल संध्या में सामूहिक जप एवं सत्संग में जुटे हैं। नवरात्र साधना के चौथे दिन प्रातःकालीन सत्संग सभा में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने गायत्री साधकों को श्रीरामचरित मानस में माता शबरी की योगसाधना पर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि गायत्री साधना से साधक में एक विशेष प्रकार का आभामंडल बनता है, जो उसके जीवन को निर्मल और पवित्र बनाता है। साधना साधक को प्रभु प्रेम के निकट पहुंचाता है। साधना काल में सत्संग व श्रेष्ठ साहित्यों के अध्ययन से साधक के मन के बुरे विचार दूर होते हैं। सत्संग से पवित्र विचार आते हैं, जो वाणी में सत्यता का संचार करते हैं। चहुंओर मान-सम्मान बढ़ता है। जीवन के अनेक जिज्ञासाओं के समाधान भी हमें सत्संग के माध्यम से मिल जाते हैं। स्वाध्याय से ईश्वर भक्ति की प्राप्ति भी होती है। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि जिस तरह प्रभु श्रीराम के सान्निध्य पाकर अनेक जीवों का जीवन सफल हो गया था। उसी तरह वर्तमान समय में विचारों से श्रेष्ठ संतों के सानिध्य व उनके उपदेश जीवन को ऊँचा उठाने में सहायक हैं।

डॉ. पण्ड्या ने कहा कि साधना काल में ब्रह्मचर्य यानि ब्रह्म में विचरण करना चाहिए। इससे शारीरिक व मानसिक दृढ़ता बढ़ती है। आत्मोन्नति का द्वार खुलता है। शांतिकुंज मीडिया विभाग के अनुसार सत्संग के इस प्रवाह से देश-विदेश के लाखों परिजन भी वर्चुअली जुड़ते हैं। यह प्रवाह रामनवमी तक अनवरत चलेगा। इससे पूर्व शांतिकुंज के युगगायकों द्वारा प्रस्तुत नवधा भक्ति के सुमधुर गान ने उपस्थित हजारों साधकों को भक्तिभाव के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर शांतिकुंज के अनेक कार्यकर्तागण सहित देश विदेश से आए हजारों साधक मौजूद थे।

सुविचार

सत्य दो लोगों की उपस्थिति में ही सामने आता है। पहला जो सच बोलने की हिम्मत दिखाता है और दूसरा वो जो उस सच को सुनने की हिम्मत रखता है। - अज्ञात

नई दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की आशंका

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से वहां संवैधानिक संकट की स्थिति बनी हुई है। इस बीच नई दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह दावा किया है कि उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि केन्द्र सरकार कुछ दिनों के भीतर ही नई दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने जा रही है। आतिशी ने कहा है कि हाल ही के कुछ घटना क्रम यह संकेत दे रहे हैं कि नई दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगने जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों पुराने एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए को बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं पिछले कई महीनों से नई दिल्ली से आईएएस अफसरों की पोस्टिंग नहीं की जा रही है। नई दिल्ली के उपराज्यपाल गृह मंत्रालय को पत्र लिख रहे हैं कि उनकी मीटिंग में मंत्री नहीं आते। इन सब बातों पर गौर करने से साफ हो जाता है कि केन्द्र सरकार नई दिल्ली की प्रचंड़ बहुमत से चुनी गई सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने जा रही है। आतिशी का कहना है कि भाजपा अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से डरी हुई है। इसीलिए उसने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करा कर जेल भेज दिया है। और अब नई दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करने की योजना पर काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से नई दिल्ली सरकार के काम काज प्रभावित हो रहे हैं। अरविंद केजरीवाल अभी भी इस जिद पर कायम हैं कि वे मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे और जेल से ही सरकार चलाएंगे। आतिशी की राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की आशंका का कोई ठोस कारण तो नजर नहीं आ रहा है। जहां तक भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की बात है तो उसने अपने दस साल के कार्यकाल में किसी भी राज्य की चुनी हुई सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लागू नहीं किया है। ऐसे में नई दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करने का तो कोई प्रश्न ही नहीं उठता। यह बात अलग है कि आम आदमी पार्टी के कर्णधार जानबूझकर ऐसी स्थिति पैदा कर दें कि केन्द्र सरकार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करने पर विवश होना पड़े। आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा न करें और नई दिल्ली के बाशिंदों की हिंसा करें जिसने उन्हें प्रचंड़ बहुमत देकर सत्ता की बागड़ोर सौंपी है। अपनी नाकामी छिपाने के लिए उपराज्यपाल पर और केन्द्र सरकार पर बार बार हमला करना और आरोप लगाना उचित नहीं है। इस तरह के हथकंड़े अपनाकर आम आदमी पार्टी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। कायदे से तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नैतिकता के नाते अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी के किसी नेता को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंप देनी चाहिए। ताकि नई दिल्ली में संवैधानिक संकट की स्थिति न बने। नई दिल्ली सरकार सुचारू रूप से अपना काम काज कर सकें। इस मामले में निर्णय जितनी जल्दी हो सके उतना ही अच्छा है। अन्यथा खुद आम आदमी पार्टी के नेताओं में भी असंतोष पैदा होगा अभी तो एक ही मंत्री ने अपना पद छोड़ा है। और पार्टी से किनारा किया है। आगे चलकर आम आदमी पार्टी के अन्य विधायक भी पार्टी छोड़ सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि इस मामले में और सियासत न कि जाए और नई दिल्ली में नया मुख्यमंत्री बनाकर सरकारी कामकाज को गति दी जाए अन्यथा इसका सबसे बड़ा खामियाजा आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी को ही भुगतना होगा। रही बात राष्ट्रपति शासन लागू होने की तो यह केन्द्र सरकार के पास अंतिम विकल्प होता है। जिसकी फिलहाल कोई संभावना नहीं दिख रही है।

छत्तीसगढ़ में भी तेज होती जुबानी जंग

लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। चुनाव में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाना तो लाजिमी है। लेकिन ऐसा करने के पहले इन बयानवीर नेताओं को मर्यादा की सीमा रेखा का ध्यान रखना चाहिए। कोई भी ऐसी बात नहीं करनी चाहिए। जिससे राजनीतिक शुचिता को ठेस लगे। बस्तर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने एक बार फिर विवादित बयान देकर नया बवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की है। कवासी लखमा के इस बयान पर भाजपा की कड़ी प्रतिक्रिया तो सामने आनी ही थी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बयान को लेकर कवासी लखमा और कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि हार की हताशा में इन कांग्रेसियों का दिमागी संतुलन बिगड़ गया है। सब पागल हो गए हैं। इसी कारण देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ भद्दी भाषा का उपयोग कर रहे हैं। अन्य भाजपा नेताओं ने भी कांग्रेसी नेताओं के बयानों की कड़ी निंदा की है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने तो कांग्रेस की भाषा की तुलना पाकिस्तान और खालिस्तान से कर दी है। इसके जवाब में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता भाजपा पर ही यह आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा भाषा की मर्यादा गिरा रही है। भाजपा के सोशल मीड़िया हैंडल से कांग्रेस नेताओं के बारे में आपत्तिजनक पोस्टर जारी किए जा रहें हैं। कुल मिलाकर भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही नेताओं के बीच तेज हो रही यह जुबानी जंग लक्ष्मण रेखा लांघने लगी है जिसे उचित नहीं कहा जा सकता।

श्रवण गर्ग

कांग्रेस के नये घोषणापत्र ,जिसके प्रति गौरव वल्लभ ने आपत्ति ज़ाहिर की है, ने खादी के भीतर कट्टर हिंदुत्व के गंडे-ताबीज़ छुपाए बैठी सभी सांप्रदायिक-राष्ट्रवादी ताक़तों के लिए हर तरह की गुंजाइशें ख़त्म कर दी हैं। घोषणापत्र पिछड़ों और वंचितों के हक़ में सत्ता के हस्तांतरण की बात करता है। राहुल के इर्द-गिर्द जो नये चेहरे नज़र आने लगे हैं उनके कारण पार्टी में दशकों से कुंडली मारकर बैठे हुए सत्ताधारियों की नींदें हराम हो गई है। ये लोग उन चेहरों से अलग हैं जो किसी वक्त पार्टी में अंदरूनी लोकतंत्र और सत्ता के विकेंद्रीकरण की माँग तो करते थे पर भाजपा में नहीं गए। राहुल गांधी की लड़ाई सिर्फ़भाजपा के सवर्णवाद से ही नहीं बल्कि अपनी ही पार्टी में दीमकों की तरह चिपके बैठे कट्टर हिंदुत्व और पूंजीवाद के समर्थकों से भी है। ये लोग चुपचाप तरीक़ों से पार्टी के तहख़ानों में घुसकर हिन्दुत्ववादी ताक़तों के लिए मुखबिरी करते रहे हैं। 'जयश्री राम' के उद्घोष के साथ संजय निरुपम जब दावा करते हैं कि भारत अब एक धार्मिक राष्ट्र बन गया है और 'नेहरू की धर्मनिरपेक्षता ने हिंदुओं को उनके धर्म के प्रति भयभीत कर दिया था' तो समझा जा सकता है कि कांग्रेस की हार के बुनियादी कारण क्या रहे होंगे ! हो सकता है आने वाले समय में लड़ाई ग़रीबों की वकालत करने वाली एक धर्मनिरपेक्ष कांग्रेस और उन भगोड़े कांग्रेसियों के बीच हो जो अब भाजपा में भर्ती होकर उसके हिंदुत्व को भी भ्रष्ट कर रहे हैं !

राहुल की असली लड़ाई मोदी की भाजपा से नहीं कांग्रेस की भाजपा से है

लोगों के मन में एक सवाल है। सवाल छोटा नहीं बड़ा है। लोग जानना चाहते हैं इतनी बड़ी संख्या यानी हज़ारों लाखों में नेता और कार्यकर्ता 139 साल पुरानी कांग्रेस छोड़कर 44 साल की उम्र की भाजपा में क्यों शामिल हो रहे हैं ? सवाल के जवाब कई हो सकते हैं और उलट सवाल भी ! मसलन, कांग्रेस आज तो काफ़ी बेहतर स्थिति में है और जो लोग छोड़ रहे हैं वे पार्टी के ख़राब समय में भी उसके साथ बने रहे हैं ! पिछले दो चुनावों (2014 और 2019) के पहले और बाद में भी इस तरह से भगदड़ नहीं मची ! क्या भाजपा (या मोदीजी) को इन लोगों की तब इतनी ज़रूरत नहीं थी जितनी कि आज है ? यह ज़रूरत किन कारणों से पड़ रही है ? भाजपा हार के कगार पर है इसलिए ? भाजपा के असली सदस्यों की संख्या ही बीस करोड़ के लगभग बताई जाती है। संघ और आनुषंगिक संगठनों के सदस्यों की संख्या अलग से है।

ऊपर के सवाल का जवाब तलाशने के लिये कुछ तथ्यों की खोज करना पड़ेगी ! पहला तो यह कि जिन भी नेताओं के चाले या कहे मेंआकर ये कार्यकर्ता अपनी नई राजनीतिक अयोध्या की यात्रा पर निकल रहे हैं उनके नाम, जाति, पते , धंधे और 'धार्मिक' प्रतिबद्धताएँ क्या हैं ? सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और ईमानदारी का रिकॉर्ड कैसा रहा है ? समाज के सबसे वंचित तबकों, जिनमें कि अल्पसंख्यक भी शामिल हैं, के प्रति उनका नज़रिया संरक्षणवादी है अथवा समावेशी ?

प्रतिष्ठित अंग्रेज़ी दैनिक 'इण्डियन एक्सप्रेस' ने हाल में प्रकाशित एक खोजपूर्ण खबर में बताया कि 2014 के बाद से अब तक विपक्षी पार्टियों के पच्चीस ऐसे बड़े-बड़े नेता जो भ्रष्टाचार के मामलों से जुड़ी जाँचों में फँसे हुए थे भाजपा में शामिल हो गए। इनमें से 23 नेताओं को जाँचों से राहत भी मिल गई। इनमें सबसे ज़्यादा दस कांग्रेस के थे। शेष में एनसीपी और शिव सेना के चार-चार, तृणमूलऔर टीएमसी के तीन-तीन और सपा-वायएसआर के एक-एक थे।

अपनी दूसरी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की समाप्ति पर 17 मार्च को मुंबई के शिवाजी पार्क में हुई विशाल जनसभा में राहुल गांधी ने बिना किसी का नाम लिए एक खुलासा किया था कि किस तरह कांग्रेस के एक बड़े नेता उनकी माँ (सोनिया गांधी) के सामने पहुँचकर रोने लगे कि वे अगर भाजपा में शामिल नहीं हुए तो उनका पूरा परिवार तबाह हो जाएगा। राहुल के इस खुलासे के तुरंत बाद महाराष्ट्रके पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सार्वजनिक रूप से सफ़ाई दी थी कि उन्होंने सोनिया गांधी से कोई मुलाक़ात नहीं की। सारी दुनियाको पता है कि मुंबई की आदर्श हाउसिंग सोसाइटी में फ़्लैटों के घोटाले के बाद चव्हाण को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा था।

आज़ादी के बाद से ही संघ-जनसंघ(भाजपा) की विचारधारा वाले लोगों ने भी कांग्रेस में महत्वपूर्ण जगहें बना लीं थीं। जनसंघ के एक संस्थापक श्यामप्रसाद मुखर्जी तो नेहरू के नेतृत्व में बने पहले मंत्रिमंडल (1947-'50) में वाणिज्य और उद्योग मंत्री थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भारत के प्रथम गवर्नर जनरल सी राजागोपालाचारी द्वारा दक्षिणपंथी 'स्वतंत्र पार्टी' की स्थापना (1959-1974) ही

कांग्रेस के बढ़ते समाजवादी नज़रिए की प्रतिक्रिया में की गई थी। तत्कालीन उत्तेजना का कारण कांग्रेस के अवाडी और नागपुर संकल्पों में व्यक्त पार्टी का वामपंथी रुख़ था।

अब समझा जा सकता है कि राजाजी के पड़पोते सीआर केसवन 22 वर्षों तक तमिलनाडु कांग्रेस में रहने के बाद पिछले साल भाजपा में क्यों शामिल हो गए ! आश्चर्य नहीं व्यक्त किया जाए कि भाजपा ने 10 अप्रैल को अपने जिन नौ उम्मीदवारों की दसवीं सूची जारी की उसमें बलिया से देश के पूर्व प्रधानमंत्री और कट्टर कांग्रेसी रहे चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वालों में इस भय की तलाश की जा सकती है कि राहुल के नेतृत्व में खड़ी हो रही नई समावेशी पार्टी में छद्म हिंदुत्व के लिए छुपने की जगहें ख़त्म होती जा रही हैं ! क्या कल्पना की जा सकती है कि जो व्यक्ति कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता के तौर पर मीडिया की तमाम बहसों में छाया रहता था, जिसे पार्टी ने दो बार सिर्फ़ हारकर दिखाने के लिए टिकिट दिया था, उसके अंदर छुपी बैठी हिंदुत्व की कुंडली अचानक से जाग उठी और वह भागकर भाजपा में भर्ती हो गया।

प्रो.गौरव वल्लभ नामक यह व्यक्ति कांग्रेस से त्यागपत्र देते हुए दो पन्नों के पत्र में लिखता है : ..मैं जन्म से हिंदू और कर्म से शिक्षक हूँ।पार्टी व गठबंधन से जुड़े कई लोग सनातन के विरोध में बोलते हैं और पार्टी का उस पर चुप रहना उसे मौन स्वीकृति देने जैसा है।'' वे आगे लिखते हैं :'हम एक ओर जाति आधारित जनगणना की बात करते हैं और दूसरी ओर संपूर्ण हिंदू समाज के विरोधी नज़र आते हैं।'' प्रो.साहब कहते हैं :'आर्थिक मामलों पर कांग्रेस का स्टैंड हमेशा देश के वेल्थ क्रिएटर्स (यहाँ अदाणी,अंबानी पढ़ा जा सकता है)को नीचा दिखाने का, उन्हें गाली देने का रहा है।''

शिव सेना से दो बार सांसद रहने के बाद कांग्रेस में शामिल होकर मुंबई प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके संजय निरुपम ने पार्टी इसलिए छोड़ दी कि मुंबई की सीटों को लेकर उद्धव ठाकरे से समझौता किया गया जिसके कारण उत्तर-पश्चिम मुंबई की सीट उन्हें नहीं मिल पाई। 'जय श्री राम ' का उद्घोष करते हुए निरुपम ने कांग्रेस के पाँच 'पॉवर सेंटर्स' भी गिना दिए।(सोनिया गांधी, खड़गे ,राहुल, प्रियंका और वेणुगोपाल)।

कांग्रेस के नये घोषणापत्र ,जिसके प्रति गौरव वल्लभ ने आपत्ति ज़ाहिर की है, ने खादी के भीतर कट्टर हिंदुत्व के गंडे-ताबीज़ छुपाए बैठी सभी सांप्रदायिक-राष्ट्रवादी ताक़तों के लिए हर तरह की गुंजाइशें ख़त्म कर दीं हैं। घोषणापत्र पिछड़ों और वंचितों के हक़ में सत्ता के हस्तांतरण की बात करता है। राहुल के इर्द-गिर्द जो नये चेहरे नज़र आने लगे हैं उनके कारण पार्टी में दशकों से कुंडली मारकर बैठे हुए सत्ताधारियों की नींदें हराम हो गई है। ये लोग उन चेहरों से अलग हैं जो किसी वक्त पार्टी में अंदरूनी लोकतंत्र और सत्ता के विकेंद्रीकरण की माँग तो करते थे पर भाजपा में नहीं गए।

राहुल गांधी की लड़ाई सिर्फ़भाजपा के सवर्णवाद से ही नहीं बल्कि अपनी ही पार्टी में दीमकों की तरह चिपके बैठे कट्टर हिंदुत्व और पूंजीवाद के समर्थकों से भी है। ये लोग चुपचाप तरीक़ों से पार्टी के तहख़ानों में घुसकर हिन्दुत्ववादी ताक़तों के लिए मुखबिरी करते रहे हैं। 'जयश्री राम' के उद्घोष के साथ संजय निरुपम जब दावा करते हैं कि भारत अब एक धार्मिक राष्ट्र बन गया है और 'नेहरू की धर्मनिरपेक्षता ने हिंदुओं को उनके धर्म के प्रति भयभीत कर दिया था' तो समझा जा सकता है कि कांग्रेस की हार के बुनियादी कारण क्या रहे होंगे ! हो सकता है आने वाले समय में लड़ाई ग़रीबों की वकालत करने वाली एक धर्मनिरपेक्ष कांग्रेस और उन भगोड़े कांग्रेसियों के बीच हो जो अब भाजपा में भर्ती होकर उसके हिंदुत्व को भी भ्रष्ट कर रहे हैं !

आज का इतिहास

1997 में टाइगर वुड्स ने 21 साल की ऐज में यूएस मास्टर्स चैंपियनशिप जीती थी। 2018 में 65वें नेशनल फिल्म अवाइर्स की घोषणा हुई थी। मशहूर एक्ट्रेस श्रीदेवी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार व एक्टर विनोद खन्ना को दादासाहेब फाल्के अवार्ड दिया गया था। 2013 में पाकिस्तान के पेशावर में बस में धमाके से आठ लोगों की मौत हो गई थी। 2005 में भारत के विश्वनाथन आनन्द चौथी बार विश्व शतरंज चैंपियन बने थे। 2004 में वेस्टइंडीज ब्रायन लारा ने इंग्लैंड के विरुद्ध 400 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। 2002 में समाजवादी नेता ह्यूगो शावेज वेनेजुएला के राष्ट्रपति बने थे। 2000 में आज ही के दिन लारा दत्ता मिस यूनिवर्स चुनी गई थीं। 1984 में आज के ही दिन भारतीय क्रिकेट टीम ने शारजाह में पाकिस्तान को 58 रन से हराकर पहली बार एशिया कप जीता था। 1919 में आज का दिन जालियांवाला बाग हत्याकांड के लिए जाना जाता है, इस दिन अंग्रेज और गोरखा सैनिकों की ओर से भीड़ पर की गई गोलीबारी में लगभग 400 लोग मारे गए थे। 1870 में न्यूयॉर्क में मैट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफआर्ट की स?थापना हुई थी। 1849 में हंगरी को गणराज्य बनाया गया था। 1796 में अमेरिका में पहला हाथी भारत से ले जाया गया।

पाठकों की बात

जागे से दिल के अरमान हैं

जागे से दिल के अरमान हैं इश्क़ का सर पे सामान है। कुछ दिखाई नहीं देता अब सोच की गलियां सुनसान हैं। दुश्मनी हो गई नींद से आंखों के पट परेशान हैं। मेरी तनहाई की तू खुदा महफ़िले ग़म की तू जान है। काम में मन नहीं लगता कुछ बेबसी ही निगहबान है। ज़र ज़मीं जाह क्या चीज़ है प्यार में जान कुरबान है।

\- संजय दानी

मुझसे बिछड़ के वो रोया

मुझसे बिछड़ के वो रोया होगा। चैन से एक पल न सोया होगा। आई होगी जब जब मेरी याद ; अश्कों से ख़त को धोया होगा।

\- पूजा बहार

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ख़ास पाती | नवरात्रि में आई भवानी लेके नौ-नौ रूप

नवरात्रि में आई भवानी लेके नौ-नौ रूप चेहरा उनका ऐसे दमके, जैसे सूरज की धूप। अस्त्र-शस्त्र से सजी है मैया ओढ़े लाल चुनरिया, हम भी उनके दर्शन को जाएँ पर्वत वाली नगरिया। शीश मुकुट,माथे पर बिंदी पैरों में महावर सोहे अंग सजे रेशम की चुनर रूप तेरा मन मोहे। मेरे अँगना भी आओ भवानी कर दो मेरा उद्धार, तेरे स्वागत को मैया मैंने चौक बनाया है द्वार। हल्दी कुमकुम मैं तुझे चढ़ाऊँ हलवा-पूरी का भोग लगाऊँ जोत जलाऊँ भक्ति भाव से तेरे चरणों मे शीश नवाऊँ। - सपना परिहार

अच्छा दिखना और अच्छा होना दो अलग बातें

1.अच्छा दिखना और अच्छा होना दो अलग बातें है.... (अच्छा दिखने के चक्कर में अक्सर अच्छे हो नहीं पाते लोग....) 2.कह देना और कह पाना दो अलग बातें है.... (कुछ लोग बस कह देते है और कुछ लोग कह पाने की हिम्मत जुटाते रहते है) 3.अकेले रहना और अकेले होना दो अलग बातें है.. (कुछ लोग अकेले रहते हैं और कुछ लोग अकेले होते हैं)

\- मीना सोनी

सभी व्यक्तियों की अपनी एक अलग

सभी व्यक्तियों की अपनी एक अलग खूबी ,कमी ,छमता ,देखने का नजरिया ,सोचने-समझने की शक्ति ,होती है ,जो उन्हें और से अलग करती है ,उनकों न तो कभी अपने आपको दूसरों से और न ही दूसरों को अपने आप से तुलना करनी चाहिए। आप अपनी खूबी और कमी के कारण ही औरो से पृथक है , और आप का एक अलग स्थान है ।

\- नमन कुमार मिश्रा

मेरे शब्दों से हो रहे हो घायल गलती मेरी नही

मेरे शब्दों से हो रहे हो घायल गलती मेरी नही कमज़ोरी तुम्हारी है .. कभी देख लेना झांक कर खुद मे ज़मी सुखी बंज़र सी है या हरियाली है ... मुझे कोसो मुझे रोको या मुझे टोको सच के टीले पर बैठी हूँ यही बुनियाद हमारी है ... कभी जब मिलोगे ना राह गुज़र मे मिला के नज़रे बात कर लेना क्योंकि झुकी नज़रे ना हमारी है ... सबको अपना समझ के चलते है बात बस यही अपनी निराली है .. भागीरथी सिंह ....

\- भागीरथी सिंह

तन्हा जज़्बात अश्को से बहा देते है

तन्हा जज़्बात अश्को से बहा देते है । हैसियत दर्द की हम ऐसे मिटा देते हैं। बहुत से लोग इस क़दर के बेवफ़ा हैं यहां । दूसरे इश्क़ में , पहला भी भुला देते हैं । पूरे कस्बे में हवा उसके यहां आती हैं। फूल फिर उसके लिए तारें बिछा देते हैं । शज़र - शज़र से जब बात करते हैं , यारो । विरानी - ए - दस्त में नग्मात जगा देते है ।चलते - चलते जब थक जाते हैं दरिया। सिम्त - ए - आसमान, हाथ बड़ा देते है। समझ जाता है लहू ये कोल उसका है । एहसास फिर स्क्रीन पर तस्वीर दिखा देते हैं । ये कोई ग़म हैं या खुशी के हैं आंसू , बादल। आकर बरसते हैं और सबको भिगा देते हैं। - विवेक बादल बाजपूरी

हमारी कॉलोनी में कामवालियां

हमारी कॉलोनी में कामवालियां इच्छा अनुसार छुट्टी ले लेती हैं काम छूटने का डर तक नहीं । पास खुले d-mart में भर्ती के लिए लोग नहीं मिल रहें है । मोदी सरकार 4 हजार कुल अनुमानित रूपए/छूट व घर दें दे रहीं है । राम राज आ गया है, घर का झाड़ू-पोछा अब खुद करना होगा। - जय बरूआ

प्रेरक प्रसंग

फेल होना अच्छा, नकल नहीं

गाँधी जी बचपन में कोई प्रखर बुद्धि विद्यार्थी न थे, पर उन्हें आचरण में सच्चाई और चरित्र का सबसे अधिक ध्यान रहता था। एक बार स्कूल-इंस्पेक्टर मुआयने के लिए आए। गाँधी जी की कक्षा की परीक्षा हुई। उसमें 5 अक्षरों की स्पेलिंग लिखने को दी गई। गाँधीजी ने उनमें से एक गलत लिख दी। कक्षा अध्यापक ने इशारा किया कि आगे वाले विद्यार्थी की नकल कर लो, पर गाँधी जी ने नकल नहीं की।

परीक्षा में सब उत्तीर्ण हुए, केवल गाँधी जी अनुत्तीर्ण रहे। इंस्पेक्टर चला गया तो मास्टर ने गाँधी जी को डाँट लगाई। गाँधी जी ने उत्तर दिया- मास्टर साहब ! दूसरे की नकल करके पास होने की अपेक्षा, अपनी बुद्धि से अनुत्तीर्ण होना अच्छा है। झूठी सफलता के लिए अपनी आत्मा की सच्चाई को बेचकर, आत्महीनता का दुःख उठाना मेरे लिए संभव नहीं।÷ गाँधी जी के इस कथन पर अध्यापक उनकी अल्पायु में नैतिकता की अडिग आस्था के लिए आश्चर्यचकित रह गया।

QUIZ TIME

1) हाल ही में किस राज्य को वन्यजीव पर्यटन के लिए अभयारण्य एशिया पुरस्कार प्राप्त हुआ?

2) हाल ही में किस शहर को यूनेस्को रचनात्मक शहर में सम्मिलित किया गया है?

3) सावरकर हिन्दू महासभा के अध्यक्ष किस वर्ष बने?

4) एचटीएमएल किस प्रकार की भाषा है?

5) भारतीय स्पर्धा आयोग की पहली महिला अध्यक्ष कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मध्यप्रदेश (2) ग्वालियर और कोझिकोड (3) 1937 (4) मार्कअप (5) रवनीत कौर

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:06, सूर्यास्त : 06:41, चन्द्रोदयः : 08:19, चन्द्रास्तः :23:00,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : मृगशिरा,, योग : शोभन, प्रथम करण : विष्टि (13:11 तक), द्वितीय करण : बव (24:32 तक),

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : वृष, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:56 से 12:48, अमृत काल : 21:45 से 23:18, रवियोग : 24:51 से 29:58, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त : 18:44 से 19:07 ,सायाह्न सन्ध्या : 18:45 से 19:53, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:44, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:34 से 17:10, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : पश्चिम (24:51 तक), अग्निवास : पृथ्वी, भद्रावास : स्वर्ग (13:11 तक), चन्द्रवास : दक्षिण, शिववास : क्रीड़ा में (13:11 से कैलाश पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा। आज दिन भर शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति रहेगी।

वृषः आज का दिन आपको शुभ फल देने वाला है। आज आप अपने व्यवहार कुशलता से किसी का भी दिल जीत सकते हैं। आज किये गए शुभकर्म भविष्य के लिये अति लाभदायक सिद्ध होंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए हानिकर रहेगा। पूर्व में किये निवेश का लाभ नहीं मिलने से निराश होंगे नए कार्य की योजना भी ठंडी पड़ेगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिये अनुकूल रहेगा। आज किसी कार्य अथवा व्यापार में अकस्मात धन मिलने से कार्य के प्रति उत्साह बढ़ेगा। पेट संबंधित व्याधि परेशान कर सकती है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा। आज आपको प्रत्येक कार्य का शुभफल प्राप्त होगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए उन्नति दायक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिकारियो का प्रोत्साहन मिलने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे।

तुलाः आज का दिन विपरीत फल प्रदान करने वाला है। आज दिन भर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

वृश्चिकः आज का दिन व्यावसायिक दृष्टिकोण से आपके लिए लाभदायक रहेगा।आज आप में वैचारिक निखार आएगा।

धनुः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र से सम्मान-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।

मकरः आज के दिन किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी जांच-परख अवश्य करें कार्य-व्यवसाय में हानि होने की संभावना है।

कुंभः आज के दिन आप के अन्दर आवेश की मात्रा अधिक रहेगी। आस-पडोसी से आज अहम को लेकर टकराव हो सकता है।

मीनः आज के दिन आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार के प्रति आज अधिक संवेदनशील रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -025

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

1	2	■	3	4	5	■	6	7
■	8	9				■	■	
10			■	11		12	13	■
14		■	15	■	■	16		17
	■	18		19	20	■	21	
22			■	23		■	■	
■	■		■		■	24	25	
26				■	27			■
	■		■	■	28			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 024 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

डॉ. मढ़रिया अंतरराष्ट्रीय नेत्र सम्मेलन में देंगे व्याख्यान

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ व एकॉइन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एल. सी. मढरिया नेपाल की राजधानी काठमांडू में हो रहे एकॉइन नेत्र विशेषज्ञों के अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में अंधत्व से बचने के नवीनतम उपाय व शोध में व्याख्यान देंगे एकॉइन नेत्र विशेषज्ञों का अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन काठमांडू नेपाल में 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित किया गया है इस सम्मेलन में पूरे विश्व के नेत्र विशेषज्ञ अंधत्व से बचने के नवीनतम उपचार व शोध पत्र पढ़ेंगे डॉ. मढरिया ने बताया पूरे विश्व में लगभग 8 अरब लोग दृष्टिहीन है और उसमें से लगभग 1.25 करोड़ लोग भारत के हैं हमारे देश में 45त्न लोग मोतियाबिंद के कारण अंधत्व के शिकार हैं व अन्य कारण काचबिंद, डायबिटीज व पर्दे की बीमारी है। अभी भी लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी से अंधत्व के शिकार हो रहे हैं डॉ. मढरिया ने बताया मोतियाबिंद के एडवांस फेको ऑपरेशन, डायबिटीज से होने वाले अंधत्व के नवीनतम उपचार व काचबिंद व पर्दे की बीमारी से होने वाले अंधत्व से बचने के लिए एडवांस तकनीक के बारे में इस सम्मेलन में व्याख्यान देंगे। डॉ. मढरिया इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 1000 से अधिक नेत्र विशेषज्ञ विभिन्न देश से भाग लेंगे और वह विश्व में हो रहे नवीनतम उपचार व शोध के बारे में बताएंगे इस सम्मेलन से निश्चित रूप से विश्व व हमारे देश में बढ़ रहे अंधत्व के मरीजों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा डॉ. मढरिया 17 अप्रैल को सम्मेलन से लौटेंगे।

मीडिया पासधारियों के लिए डाक मतपत्र की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्राधिकारपत्रधारी मीडिया कर्मियों को पोस्टल बैलेट की पात्रता है। पोस्टल बैलेट के लिए आवेदन पत्र जिला जनसंपर्क कार्यालय बिलासपुर में उपलब्ध है। पोस्टल बैलेट के लिए आवेदन 12 अप्रैल से 17 अप्रैल तक किया जा सकता है। इच्छुक लोग आवेदन के लिए जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 सुशीला राजगीर (मो नंबर 8349442617) से ईपिक नंबर सहित संपर्क कर सकते हैं। पात्र कर्मियों की सूची इस ग्रुप में कुछ दिन पूर्व पोस्ट की गई है।

मारवाड़ी गीतों के साथ गणगौर विसर्जित

बिलासपुर/नवप्रदेश। करगीरोड में गणगौर त्यौहार भगवान शिव और देवी पार्वती के प्रेम और विवाह को समर्पित है। गणगौर एक ऐसा त्यौहार है जिसे अग्रवाल समाज की लड़की हो या महिला हर कोई मनाता है। त्योहार के दौरान अविवाहित लड़कियां और विवाहित महिलाएं दोनों ही पूरे रीति-रिवाजों और रीति-रिवाजों के साथ भगवान शिव और माता पार्वती के एक रूप गणगौर की पूजा करती हैं। इस पूजा में पांच मूर्तियां की पूजा की जाती है गणगौर माता ईसर कनीराम रोवा बाई सोवा बाई की पूजा की जाती है। अग्रवाल समाज की महिलाओं के द्वारा गणगौर की पूजन 16 दिन कर विसर्जन स्थानीय बंधवा तलाव में किया गया यह परंपरा राजस्थान की वर्षो पुरानी चली आ रही है जिसमें होली के दूसरे दिन से जिस कन्या का विवाह होली के पहले हुआ होता है वह कन्या अपने मायके में कुंवारी कन्याओं के साथ गणगौर की पूजा विधि विधान से करती हैं होली के दूसरे दिन से पूजा प्रारंभ होकर चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन सुबह से पूजन किया जाता है। उसी दिन शाम को गणगौर माता पूजन कर विसर्जन बैंड़ बाजा और मारवाड़ी गीतों के साथ हर्षोल्लास के साथ गणगौर का त्यौहार मनाया जाता है एवं गणगौर माता का विसर्जन किया जाता है।

मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को दिया मतदान का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने जिला प्रशासन द्वारा स्वीप की गतिविधियां बड़े पैमाने पर आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखंड कोटा में महिला कर्मचारियों ने चुनाव प्रशिक्षण के बाद बड़ी संख्या में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। ये महिलाएं संगवारी मतदान केंद्रों में चुनाव कराने का दायित्व संभालेंगी। कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक रूप से मतदाता शपथ भी ली। कोटा एसडीएम युगल किशोर उर्वशा ने बताया कि मतदान में अपना दायित्व निभाने के साथ ही ये महिला कर्मचारी अपने क्षेत्र के मतदाताओं एवं नव मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक कर रही है। मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने कोटा ब्लॉक के 700 से अधिक लोगों ने आकृति बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के दौरान मतदान कर्मी, कोटा ब्लॉक की शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन एवं सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।

बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन शुरू, कांग्रेस सहित 8 अभ्यर्थियों ने खरीदा फार्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। जिला कार्यालय में आज आठ अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदे, बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव, बहुजन समाज पार्टी से सुदीप श्रीवास्तव सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदे हैं। अभ्यार्थियों में महेश कुमार सोनवानी निर्दलीय, लक्ष्मण पाठक एक सनातन भारत दल, देवेन्द्र सिंह यादव इंण्डियन नेशनल कांग्रेस, चंद्रप्रदीप बाजपेयी इंण्डियन नेशनल कांग्रेस, सालिकराम जोगी स्वतंत्र दल, देवप्रसाद निर्दलीय, सुदीप श्रीवास्तव, बहुजन समाज पार्टी, आनंद उरांव बहुजन मुक्ति पार्टी से नामांकन दाखिल किए हैं।

बसपा से सुदीप श्रीवास्तव ने भरा नामांकन

सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता सुदीप श्रीवास्तव ने बिलासपुर लोकसभा के लिए नामांकन फार्म खरीदा।कलेक्टर कार्यालय में सहयोगियों के साथ आवेदन फार्म खरीदने पहुंचे सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों बड़ी पार्टियों ने बाहरी लोगों को प्रत्याशी बनाया है। दरअसल दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने बिलासपुर की जनता का अपमान किया है। उन्होंने बताया कि मैं चुनाव जीतने के लिए खड़ा हुआ हूं। निश्चित रूप से बिलासपुर लोकसभा की जनता का उन्हें समर्थन मिलेगा। नामांकन फार्म खरीदने के बाद सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि बिलासपुर को आज जो कुछ भी हासिल हुआ है उसमें जनता का संघर्ष मुख्य रूप से शामिल है। आज तक यहां के जनप्रतिनिधियों ने बिलासपुर के लिए कुछ भी नहीं किया। सुदीप ने कहा रेलवे आंदोलन,विश्वविद्यालय आंदोलन से लेकर एनटीपीसी समेत जो कुछ भी बिलासपुर को मिला उसमें जनता का संघर्ष है। जब जनता को ही सब कुछ करना है तो जनता का सेवक क्यों ना चुनाव लड़े।सुदीप ने बताया यहां के नेता सिर्फ रायपुर के विकास के लिए काम करते है। आज रायपुर, बिलासपुर से विकास में आगे निकल गया है। मैने बसपा से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने दुहराया की चुनाव जीतूंगा। नामांकन दाखिल के समय मनोज तिवारी,राघवेंद्र सिंह, चंद्रप्रदीप बाजपेई मौजूद थे। बताते चले कि चंद्रप्रदीप बाजपेई ने भी नामांकन फार्म खरीदा।

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

राजस्व मामले अब सिर्फ ऑनलाइन

तहसील ऑफिस में बिना रिश्वत नहीं होता काम इसलिए बनाई व्यवस्था

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राजस्व मामलों के निराकरण और डायवर्जन में अनियमितता को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रजनी दुबे की बेंच ने साफ किया है कि अब राजस्व प्रकरणों में केवल ऑनलाइन ही आवेदन लिया जाए। दरअसल, विधि-विधायी विभाग ने इस संबंध में 2022 में सर्कुलर जारी किया था, जिसमें ऑनलाइन आवेदन लेने के निर्देश दिए गए थे, जिसका पालन नहीं हो रहा था। इस मामले की पिछली सुनवाई के दौरान बिलासपुर तहसील में डायवर्जन सहित अन्य कामों में अनियमितता और पैसे दिए बिना काम नहीं करने पर हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाई थी। याचिका में आरोप लगाया कि तहसील कार्यालय में स्टाफ की मनमानी चलती है। कार्यों को जानबूझकर कर अटकाने सहित भ्रष्टाचार की शिकायत रोजाना आती रहती है। कई बार आरोप लगते रहे हैं कि तहसील में बिना पैसों के कोई काम नहीं होता। नामांतरण, सीमांकन, डायवर्जन संबंधित कामों के लिए खुलेआम पैसे की मांग की जाती है। यहां दलाल भी सक्रिय हैं, जिन्हें यहां के स्टाफ का संरक्षण है। अपनी याचिका में रोहिणी दुबे ने इन्हीं सब मुद्दों को उठाते हुए कहा है कि तहसील कार्यालय में बिना पैसों के कुछ काम नहीं होता। याचिका में बताया गया है कि शिकायतों का भी असर नहीं होता। इसके मद्देनजर यहां की कार्यप्रणाली की जांच और उचित कार्रवाई के लिए आदेश जारी करने की मांग की गई है। डिवीजन बेंच ने सख्ती दिखाते हुए बिलासपुर कलेक्टर को उपस्थित होकर शपथ-पत्र के साथ जवाब देने के लिए कहा था। ये भी जानकारी मांगी गई थी कि जमीन और डायवर्जन के कितने केस दर्ज और कितने लंबित हैं।

प्रदेशभर के तहसील कार्यालय से मंगाई थी रिपोर्ट

इस दौरान डिवीजन बेंच ने राजस्व विभाग के अफसरों को भी निर्देश जारी किया था और प्रदेश भर के तहसील कार्यालयों में लंबित प्रकरणों की जानकारी मांगी थी। जिसके बाद पेंडेंसी को देखकर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी भी जताई थी, साथ ही इस संबंध में राज्य शासन को पहल करने के निर्देश भी दिए थे।

डायवर्सन करने मांगे पैसे, याचिका

बिलासपुर निवासी रोहिणी दुबे ने स्थानीय तहसील कार्यालय में जमीन के डायवर्जन प्रकरण के लिए आवेदन किया था। काफी समय बाद भी तहसील में इस मामले की न तो सुनवाई हुई, न ही इसका निराकरण किया गया। इस बीच उन्हें जानकारी मिली कि सिर्फ कुछ पैसों को लेकर यह केस रोका गया है। इसका विरोध करते हुए उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की और केस रोकने की वजह जाननी चाही, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा कि तहसील कार्यालय में एसडीएम की नाक के नीचे जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है।

अगले दो दिनों तक बदलता रहेगा मौसम

बदली छाए रहने से गर्मी से रही राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक द्रोणिका, हवा की अनियमित गति सौराष्ट्र और कच्छ से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर उड़ीसा के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में कल 13 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकती है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने हो सकती है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छग रहने की सम्भावना है। एक-दो दिनों तक मौसम का मिजाज बदलता रहेगा। कल शनिवार को आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि संभावित है। शहर में आसमान में बादल छाए रहे जिससे गर्मी का अहसास कम हुआ। बारिश के बाद वातावरण में नमी आई है। रात को ठंडी हवाएं भी चलने लगीं। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम का मिजाज बदलने से दिन में चिलचिलाती धूप से राहत मिली है। खुशनुमा मौसम का आनंद लेने के लिए लोग घरों से बाहर निकल गए। वहीं लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। आसमान में काले बादलों के छाए रहने से गर्मी का असर भी कम हो गया। वहीं शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आज भी छाए रहेंगे बादल बूंदाबांदी की संभावना

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा के अनुसार एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति अंदरूनी ओडिशा से कोमोरीन क्षेत्र तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी शुरू हो गई है। आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

एक-दो दिन और रहेगी नमी

मौसम विभाग का मानना है कि कल शनिवार को बिलासपुर सहित प्रदेश में कई जगहों पर आंधी, बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों में दो डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। सभी संभागों के जिलों में बारिश होगी।

ढेबर की याचिका पर 25 को सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने जवाब के लिए एसीबी की ओर से समय लिए जाने के कारण अनवर ढेबर की याचिका पर सुनवाई बढ़ा दी है। मामले को 25 अप्रैल को सुनवाई के लिये रखा गया है। ईडी की कार्रवाई के बाद एसीबी द्वारा अनवर ढेबर को हिरासत में लिए जाने के खिलाफ पेश याचिका में आज जस्टिस पीपी साहू की कोर्ट में सुनवाई हुई। अनवर ढेबर के अधिवक्ता ने कोर्ट में कहा कि पूर्व में शराब घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई की है। ईडी के अधिकारी के गोपनीय पत्र पर एसीबी ने अलग से प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे हिरासत में लिया है। एक ही मामले में अलग अलग दो कार्रवाई नहीं हो सकती है। मामले में एसीबी के अधिवक्ता डॉक्टर सौरभ पांडेय ने जवाब के लिए समय दिए जाने की मांग की। इस पर कोर्ट ने जवाब के लिए समय देते हुए याचिका को सुनवाई हेतु 25 अप्रैल को रखने का आदेश दिया है।

निवेश के बहाने करोड़ों की धोखाधड़ी दंपति पर मामला दर्ज, पति गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोन और इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दंपती में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया है। वही आरोपी की पत्नी फरार है।जिसे पुलिस जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी के पास से इस फर्जीवाड़े के दस्तावेज और कंप्यूटर बरामद कर जप्त किए।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मानस रंजन मिश्रा एवं प्रभा मिश्रा सरकण्डा थाना क्षेत्र में पिछले 4-5 वर्षों से त्वरित निदान माइक्रो फाउंडेशन नामक माइक्रो फाइनेंसिंग कम्पनी चला रहे थे। इनकी यह कम्पनी भारत सरकार के कॉर्पोरेट अफ़ेयर्स मंत्रालय में रजिस्टर्ड थी। इस कम्पनी के द्वारा ऐंजल इन्वेस्टर्स, वेंचर केपिटल तथा इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स से पैसे प्राप्त करने की पात्रता थी। परन्तु इन्होंने विगत वर्षों में सैकड़ों लोगों से पैसे नगद, चेक एवं अन्य माध्यमों से इस कम्पनी के अलावा *एपी वेंचर्स* नामक कम्पनी में अलग-अलग प्रकार के प्रलोभन देकर पैसे इन्वेस्ट कराये थे। इसी क्रम में प्रार्थी वीरेंद्र मसीह ने भी कुल 23 लाख 27 हजार रुपए 12 माह बाद दोगुने होकर मिलेंगे, इस झांसे में आकर जमा किए थे। इसी प्रकार अभी तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर विभिन्न लोगों से मिश्रा दम्पति ने लगभग 2.5 करोड़ रुपए से अधिक इन्वेस्ट कराये थे और इनके पैसे वापस नहीं किए हैं। वीरेंद्र मसीह के आवेदन पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420, 409, 120क्र में अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी मानस रंजन मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है।

सोने की चेन उड़ाने वाली महिला गिरोह की 8 सदस्य गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद की महिलाओं के एक ऐसे गिरोह का बिलासपुर पुलिस ने खुलासा किया है,जो राह चलती महिलाओ को अपना निशाना बनाती थी। इस मामले में बिलासपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस गिरोह की आठ महिलाओ को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी का माल भी बरामद कर जप्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया निवासी जयपाल टावर्स साकेत अपार्टमेन्ट अग्रसेन चैक बिलासपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि 9 अप्रैल को दोपहर करीब 1:15 बजे अग्रसेन चैक से सवारी आटो में बैठी थोड़ा आगे जाने पर काली साडी पहनी महिला अन्य साथियो के साथ बस स्टेण्ड जाने के लिए बैठ गयी। रिपोर्ट थाना सिविल लाईन में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक संदेही महिला बिन्दु बाई मिली जिससे पूछताछ करने पर घटना को अपने अन्य 7 साथियों के साथ मिलकर घटित करना बताई। जिसके बाद पुलिस ने इन सभी लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर इनके पास से 02 नग सोने की चैन को बरामद किया गया।पुलिस ने इस मामले में बिन्दु देवी पति संजय कुमार उम्र 35 वर्ष, रिता देवी पति सुनील कुमार उम्र 40 वर्ष, पूजा देवी पति विनोद कुमार उम्र 30 वर्ष, प्रिति देवी पति आजाद कुमार उम्र 22 वर्ष, अनिता देवी पति संजय कुमार उम्र 25 वर्ष, सविता देवी पति अजय कुमार उम्र 21 वर्ष, शालू पिता संजय उम्र 19 वर्ष, आरती कुमारी पिता सुनील कुमार उम्र 20 वर्ष ये सभी आरोपी ग्राम सिघरा नई बस्ती थाना झुसी जिला इलाहाबाद (उ.प्र.) के है। इन आरोपीयों को प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

कन्हैया कुमार की भदौरा में चुनावी सभा आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनएसयूआई संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार का बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में 13 अप्रैल को चुनावी दौरा होने जा रहा है। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने जिला प्रभारी और प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल की उपस्थिति में कांग्रेस भवन में रणनीति बनाई ।

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के चुनाव प्रचार के लिए कन्हैया कुमार 13 अप्रैल को बिलासपुर आ रहे है। उन्होंने बताया कि कन्हैया कुमार सुबह 10.30 बजे कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता करेंगे पश्चात मस्तूरी विधानसभा के भदौरा गांव में सुबह 11 बजे आम सभा को सम्बोधित करेंगे। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि कन्हैया कुमार राष्ट्रीय स्तर के वक्ता है, जिन्हें सामाजिक, राजनीतिक या समसामयिक विषयो पर गहन अध्ययन और पकड़ है, जिसके कारण राष्ट्रीय मंचो पर वक्ता के रूप बुलाये जाते हैं। अध्यक्ष द्वय ने कहा आमसभा की तैयारी जोरों पर चल रही है। आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजन पहुंचे साथ ही लोकसभा के सभी विधानसभा क्षेत्र मुंगेली, लोरमी, कोटा, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, मस्तूरी, बेलतरा से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे।

शिक्षा | बर्जेस इंग्लिश स्कूल की नई पहल, शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय

अब 'किड्स जोन' में नौनिहालों की जिम्मेदारी भी

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी में 55 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में शहर के बच्चों को भविष्य संवार रहे शिक्षण संस्थान बर्जेस स्कूल ने अब नई पहल की है। उसने विद्यार्थियों के साथ ही अब नौनिहालों की जिम्मेदारी भी ली है। सीबीएसई से एफ्लीएटेड स्कूल में अब नर्सरी से किनार गार्डन की भी शिक्षा मिलेगी। 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि चर्च ऑफ नार्थ इंडिया के मॉडरेटर द मोस्ट रेवरेंड बी. के. नायक इसका उद्घाटन करेंगे। छत्तीसगढ़ डायसिस के मॉडरेटर्स एपीस्कोपल कमीसरी बिशप एस. के. नंदा किड्स जोन को विशेष रूप से आशीषित करेंगे। विशेष अतिथि भोपाल डायसिस के बिशप मनोज चरण, सिनड कार्यकारिणी सदस्य राकेश क्षत्रीय व पादरी श्रीनिवास चोपड़े, डायरेक्टर ऑफ पब्लिक रिलेशंस प्रांजल मसीह, ट्रेजरर जॉन विल्सन सोसायटी जोशुआ रत्नम, पूर्व सचिव एजुकेशन बोर्ड विल्सन लाल, छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिर्व नतिन लॉरेंस, उपाध्यक्ष पादरी समीर फ्रेंकलीन व कोषाध्यक्ष व सेक्रेटरी एजुकेशन बोर्ड जयदीप रॉबिंसन, प्राचार्य निशिता हंसा दास व उप प्राचार्य स्मिति साधो उपस्थित रहेंगे। इस संस्था में एक बार माता-पिता ने अपने बच्चों का दाखिला यहां करवाया और बच्चों ने भी सहयोग किया तो बारहवीं तक उन्हें किसी दूसरे स्कूल में जाने नहीं भटकना होगा। भविष्य में वे य.हां कालेज की पढ़ाई भी कर सकेंगे, यदि शिक्षण संस्था का प्लान योजनानुसार सफल रहा। प्ले ग्रुप में मॉन्टेसरी बेस्ड बेस्ट टीचिंग का इंतजाम किया गया है। यहां आइडियल स्टूडेंट व टीचर मिलेंगे। 24 बच्चों पर एक टीचर रखा जाएगा। न्यू अल्ट्रा मॉर्डन लर्निंग टूल्स, एक्सपीरीयेंस्ड एंड स्किल्ड टीचर्स, एयर कंडीशंड क्लास रूम, एक्सीलेंट एंड सेफ प्ले जोन, आइडियल एनवायरमेंट टू नर्चर एंडग्रुप स्किल्स फॉर चाइल्ड, अफोर्डेबल ट्यूशन फी व अत्याधुनिक झूले यहां की विशेषता हैं। साथ ही सबसे पहले 50 एडमिशन लेने वाले बच्चों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। बर्जेस अंग्रेजी शाला शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है । इस वर्ष प्री नर्सरी, नर्सरी, के जी 1, के जी 2 के लिए अत्यंत आधुनिक शिक्षा पद्धति से तैयार सेटअप का विधिवत उद्घाटन किया जा रहा है। शाला की प्राचार्या निशिता हंसा दास ने बताया कि शाला को आज 50 वर्ष से अधिक समय हो गया है। इस शाला ने प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में आईएएस, आईपीएस, जज, डॉक्टर, वकील और सफल बिजनेस मेन दिए है। वही आज आवश्यकतानुसार शिक्षा के स्वरूप में नर्सरी से बदलाव कर आधुनिक तकनीक से सुसज्जित कक्षाओं का निर्माण किया गया है जिसमे फुली ए सी क्लासरूम,झूले, इंडोर आउट डोर प्ले स्टेशन आदि शामिल है। इस समारोह में विशेष रूप से डॉक्टर लालबहादुर कामले, मैनेजिंग डायरेक्टर शामिल होंगे।

न्यूज गैलरी

जिले में एक और मतदान केंद्र का हुआ विस्थापन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-88 दंतेवाड़ा के पूर्व में 42 मतदान केंद्रों को विस्थापित (शिफ्टिंग) किया गया था। इस कड़ी में शुक्रवार 12 अप्रैल को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 और मतदान केंद्र 253 पुरंगेल को 252 हिरोली प्राथमिक शाला हिरोली कक्ष क्रमांक-02 में विस्थापित (शिफ्टिंग) किया गया। गौरतलब है कि जिले में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार अब कुल 43 मतदान केंद्र विस्थापित (शिफ्टिंग) हो चुकी है।

हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटकों से मतदान, स्वच्छता और बाल विवाहके प्रति कर रहे जागरूक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के तहत जिला प्रशासन और यूनिसेफ के सहयोग से युवोदय वॉलिंटियर्स भी अपना योगदान दे रहे है। इस क्रम में ब्लॉक गीदम के ग्रामीण क्षेत्रों ग्राम कुटुलनार, मड़से के साप्ताहिक हाटबाजार में स्थानीय युवोदय वॉलिंटियर्स द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया।इनमें नेरली, गंजेनार, पोन्दूम, चितालंका बालपेट, दुगेली, मसेनार, मेटापाल, कुआंकोंडा, डूमाम, गदापाल, नेटापुर के स्वीप कार्यक्रमों में नवीन मतदाता, नवविवाहितों वधुओं को श्रीफल देकर सम्मान किया गया और उनसे आग्रह किया गया कि वे अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से उपयोग करें व किसी भी पात्र मतदाता नहीं छूटना चाहिए, और आगामी 19 अप्रैल को वे सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने जाएं और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही लोगों को शपथ भी दिलाया गया।

शक्ति केंद्र की बैठक में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का लिया संकल्प

कांकेर/धनेलीकन्हार/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार के अन्तर्गत शक्ति केन्द्र पिढापाल धनतुलसी व धनेलीकन्हार की बैठक शुक्रवार 12 अप्रैल को आयोजित की गई। धनेलीकन्हार शक्ति केन्द्र की बैठक ग्राम बारदेवरी व थनतुलसी शक्ति केन्द्र की बैठक ग्राम साल्हेभाट व पिढापाल में आयोजित किया गया। इस बैठक प्रभारी हलधर साहू मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक , शक्ति केन्द्र प्रभारी लोकेश्वर सेन सितम्बर कावडे महावीर धनेलीया ने अब की बार 400 पार व फिर एक बार मोदी सरकार की योजना को सकार करने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओ को जन जन तक पहुचाने पर विशेष जोर दिया गया अगामी तीन दिनो के अंदर शक्ति केन्द्र के सभी बुथो की बैठक अनिवार्य रुप से करने पर जोर दिया गया ।

कांग्रेस खालिस्तानियों की भाषा बोल रही: सुमित्रा मारकोले

■ पीएम के सिर फोड़ने वाले बयान पर भाजपा का कटाक्ष

कांकेर/नवप्रदेश। पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने प्रेसवार्ता कर कहा कि कांग्रेस के नेताओं द्वारा लगातार पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की जा रही बयानबाजी को सजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की चुप्पी बता रही है कि इन विवादित बयानों को उनकी मौन सहमति और शह मिली हुई है। कांग्रेस नेताओं के बयान पूरे देश के सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि कवासी लखमा द्वारा चुनावी सभा में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये 'मरेगा' जैसे शब्दों का उपयोग कर बयान दिया गया। बस्तर में कवासी लखमा युवाओं को पुलिस कर्मियों को तीर कमान से मार कर भगाने उत्साहित कर रहे हैं। कवासी वैसे भी झीरम समेत अनेक मामलों में संदिग्ध रहे हैं। झीरम का सबूत भूपेश बघेल भी अपनी जेब में होने का बात करते रहे हैं। जबकि आज तक उन्होंने साक्ष्य दिए नहीं । इससे पहले राजनांदगांव में भूपेश बघेल की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा लाठी से मोदी का सिर फोड़ दें, ऐसा सांसद चहिए। शिव (डहरिया) केवल गाली दे सकते हैं मोदी को जबकि भूपेश बघेल सर फोड़ सकते हैं। मोदी को परेशान कर कर के चीन भेज देना चाहिए।श्रीमती मारकोले ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा के मोहला मानपुर के नक्सली सूरजू टेकाम (इसी हफ्ते गिरफ्तार हुआ है) ने कांग्रेस विधायक के मंच पर रहते ही यह आह्वान किया था कि भाजपा के लिए वोट मांगने आने वालों को काट देना चाहिए। बाद में एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या भी हुई। क्या यह सभी कांग्रेस प्रायोजित नहीं है?

उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश के इमरान मसूद ने कहा कि 'मोदी की बोटी बोटी कर देंगे'। मध्यप्रदेश के कांग्रेस नेता राजा पटेरिया ने कहा कि ' मोदी का मारना होगा'। जेएनयू में मस्लिम विश्वविद्यालय में नारे लगे 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी जेएनयू की धरती पर' पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रवास के दौरान उन्हें घेर कर मार डालने की साजिश रची गई थी। प्रधानमंत्री बाल बाल बचे थे। खालिस्तानियों की रैली में भी 'मर जा मोदी मर जा मोदी' के नारे लगते रहे हैं। हाल ही में एक अखबार यह रिपोर्ट की है कि नक्सली बकायदा कांग्रेस को वोट देने के लिए लोगों को डरा धमका रहे हैं। आखिर क्या मामला है कि कांग्रेस के बयान न केवल पाकिस्तान, खालिस्तानी बल्कि नक्सलियों के जैसे हो रहे है।

ये सभी एक ही भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो चुनावों में कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई है या यूं कह सकते हैं कि लोकतांत्रिक तरीके से बुरी तरह से परास्त हुई है। कांग्रेस की बौखलाहट इतनी कि इनके नेता मोदी जी के मरने की बदुआ कर रहे हैं। जनता इसका जवाब जरूर देगी। इस दौरान जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, हीरा मरकाम, अंशु शुक्ला भी उपस्थित थे।

पीएम नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे बड़े और प्रभावशाली नेता: केदार कश्यप

■ लोकसभा चुनाव में वन मंत्री केदार कश्यप का तूफानी दौरा

कांकेर/नवप्रदेश। वन मंत्री केदार कश्यप लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पूरे कांकेर जिला और लोकसभा क्षेत्र में प्रवास जारी है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के डौंडीलोहारा विधानसभा, बालोद और सिहावा में वनमंत्री केदार कश्यप ने देवतुल्य कार्यकर्ताओं और परिवारजनों से संवाद किये।

डौंडीलोहारा विधानसभा में आमसभा को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत ही नहीं बल्कि विश्व के सबसे बड़े और प्रभावशाली नेता हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का चहुंमुखी विकास हो रहा है। मोदी जी ने धारा 370, तीन तलाक हटाने जैसे अन्य कई कार्यों को पूरा किया है। वर्षो से संघर्षरत राम मंदिर निर्माण के स्वप्न को साकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक दिशा में भी लगातार आगे बढ़ रही है। मोदी जी के तीसरा कार्यकाल का लक्ष्य भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप विकसित करना है। वनमंत्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासियों को उनका सम्मान दिया है। भारत के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर आदिवासी महिला को स्थापित किया। छत्तीसगढ़ में असली आदिवासी को भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासी हित में कई फैसले लिये। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा दिया जा रहा है। पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने चरण पादुका योजना को बंद करके आदिवासी हक को मारने का काम किया। जिसे भाजपा सरकार ने फिर से शुरू किया हैबस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ आदिवासियों के हितरक्षा को लेकर सरकार सजग है।

वनमंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कवासी लखमा के बयान पर कहा कि लखमा राहुल गांधी की तरह मंदबुद्धि प्राणी है। छत्तीसगढ़ का राहुल गांधी उर्फ कवासी लखमा है। सस्ती लोकप्रियता के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को मारने की बात कहना कोई मंदबुद्धि व्यक्ति ही कर सकता है। कांग्रेस को हार का आभास हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी को अपमानित कर कांग्रेस के नेता अपनी पार्टी का कब्र खोद रहे हैं। मोदी देश की जनता के दिलों में बसते हैं।

शास.उच्च. माध्य. विद्या. खुरसुला के परीक्षा परिणाम घोषित

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला के शिक्षा सत्र -2023-24 की कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं की स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें कक्षा- 9 वीं में कुल विद्यार्थी -83 , उपस्थित -79, अनुपस्थित -4, उत्तीर्ण -47, अनुत्तीर्ण- 15, पूरक- 17, उत्तीर्ण प्रतिशत- 56.2 तथा कक्षा -11 वीं-95, उपस्थित- 95, अनुपस्थित - 0, उत्तीर्ण- 81, अनुत्तीर्ण- 0, पूरक - 14, उत्तीर्ण प्रतिशत- 85.2 रहा। परीक्षा परिणाम देखने के लिए छात्र छात्राएं उपस्थित हुए। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी थोड़े नाखुश नज़र आए। संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना एवं समस्त शिक्षकों द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे और समय नियोजन कठिन परिश्रम, सच्ची लगन एवं निष्ठा के साथ पढ़ाई करने की बात कही। परीक्षा में असफल विद्यार्थियों को निराश नहीं होना है बल्कि आगे और मेहनत करने की जरूरत है। इस अवसर पर भारत राम बंजारे, हरेंद्र कुमार शांडिल्य, श्याम लाल नवरत्न, देवेंद्र कुमार राकेश, सालिक राम साहू, अमरज्योति डहरिया, मदन लाल तोमर, लीलेश कुमार राजेश, हर्षवर्धन रत्नेश,महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, सुनीता चतुर्वेदी, राधेश्याम साहू, सुरेश कुमार , शिवकुमारी महिलांगे कुसुमलता ठाकुर उपस्थित थे।

स्वच्छता दीदियों ने मतदान का दिया संदेश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा अन्तर्गत एस.एल.आर.एम केंद्र की स्वच्छता दीदियों के द्वारा कबाड़ से जुगाड़ का अनोखा प्रयोग करते हुए डोर टू डोर कलेक्शन से प्राप्त कबाड़ बोतलों, डिब्बों तथा खाली कैन को रचनात्मक स्वरूप देते हुए चुनई-चिरई और मतदान स्लोगनों, नारों तथा अन्य मतदान प्रतीकों को रंग-बिरंगा मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता हेतु नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा कार्यालय में उक्त स्वीप कलाकृति का निर्माण किया गया है। इसके अलावा स्वच्छता दीदियों ने स्लोगन एवं नारों के माध्यम से स्वयं मतदान करने के साथ-साथ जिले के समस्त नागरिकों को भी दिनांक 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने हेतु जागरूकता संदेश देने की शपथ ली। इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पवन कुमार मेरिया, समस्त कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप मैराथन

शत-प्रतिशत मतदान के लिए युवाओं ने लगाई दौड़

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 'दौड़ लगाएगा कांकेर-मतदान करेगा कांकेर' थीम पर नरहरदेव शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। यह दौड़ नरहरदेव स्कूल से शुरू होकर नया बस स्टैण्ड से होते हुए वापस नरहदेव स्कूल प्रांगण में आकर समाप्त हुई। मैराथन दौड़ में शासकीय महाविद्यालयों एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के युवा धावकों ने बड़ी संख्या में युवाओं ने शामिल होकर नगरवासियों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इनमें बालक वर्ग से 48 एवं बालिका वर्ग से 69 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में उपस्थित सभी लोगों को आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। स्वीप मैराथन में महिला एवं पुरूष वर्ग से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अलावा विकासखण्ड स्तर पर भी स्वीप मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें चारामा विकासखण्ड में स्वीप गतिविधि के तहत 'दौड़ लगाएगा चारामा, मतदान करेगा चारामा' के तर्ज पर कोरर चौक से सिरसिदा तक मैराथन दौड़ का आयोजन कर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

इसी प्रकार भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गूकोंदल में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्ग के नागरिकों ने भाग लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

समान काम समान वेतन की मांग का सीजीएम को सौंपा ज्ञापन

किरंदुल/नवप्रदेश। समान काम समान वेतन की मांग का इंटक ने सीजीएम को ज्ञापन सौंपा। श्रम संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए.के. सिंह के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों के नियमितीकरण, मूलभूत सुविधाओं में उन्नयन आदि मांगों को लेकर एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल कॉम्प्लेक्स के मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाईक को कॉन्ट्रैक्ट लेबर रेगुलेशन एंड अबोलिशन एक्ट 1970 का उल्लंघन न करते हुए देते हुए, ऐसे ठेका श्रमिक जिन्हें उन कार्यों के लिए नियोजित किया गया है, जिन्हें हमेशा से नियमित श्रमिकों द्वारा किया जाता रहा है,

जैसे- प्लांट, खनन, ऑटो शॉप, वेल्डिंग, प्लांटों के मेंटनेंस, शूट एवं कार्मिक, वित्त, सामग्री, सिविल सहित प्रायः सभी विभागों में लिपिकीय कार्य, पैरामेडिकल, केमिकल, एस.ए.पी. (स्र्क), सैम्पलिंग कार्य, विद्युत अनुरक्षण कार्य आदि, ऐसे ठेका श्रमिकों को कार्य के प्रकार एवं प्रवीणता के आधार पर नियमितीकरण किए जाने की मांग करते हुए मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 1947 की धारा 22 (1) (ड्ड) के तहत 14 दिवस का नोटिस देते हुए यह मांग की गई कि बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स में नियमित श्रेणी के कार्यों में नियोजित सभी ठेका श्रमिकों को एनएमडीसी में नियमित सेवा में लिया जाए। उपरोक्त मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने पर हमारा श्रम संघ सीधी कार्रवाई के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जवाबदारी प्रबंधन की होगी।

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी, कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव, संगठन सचिव राकेश लाल, कोषाध्यक्ष ओम कुमार साहू, वेणुधर, अरविंद गुप्ता, नथेला राम नेताम, सुनील कुमार, के पवन कुमार, तरुण कुमार, सतीश साहू, पुष्पलता साहू, सुधा बाघ, केसर, रजनी, प्रीति, प्रिया, रीना यादव, रेखा, सूरमा दास सहित यूनियन के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में मातृशक्तियाँ उपस्थित थे।

गौरतलब है कि विगत दिनों प्रदेश इंटक की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा न्यायालय के आदेश के तारतम्य में ठेका श्रमिकों के अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए सभी इकाइयों को निर्देशित किया गया है, कि वे ठेका श्रमिकों के नियमितीकरण, मूलभूत सुविधाओं, समान काम समान वेतन आदि मांगों के लिए प्रतिबद्धता के साथ उनके अधिकारों की प्राप्ति तक निरंतर आंदोलनरत रहें। गौरतलब है कि 1 जनवरी 2022 से लंबित पुनरीक्षित वेतनमान के संबंध में समस्त इकाइयों के वेज सब कमेटी के सदस्यों की सहमति बन जाने पर निदेशक (कार्मिक) के नाम का ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक को सौंपा गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

न नौ मन तेल होगा...

आदिवासियों का आरक्षण ख़त्म कर देगी ये भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी कहा है कि आरक्षण कभी भी खत्म नहीं होगा। कोई भी ताकत आरक्षण को ख़त्म नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो अब वे आरक्षण ख़त्म होने का भ्रम फैला रहे हैं। सीएम साय ने जनता से अपील की कि कांग्रेसियों की बातों में नहीं आना है, उसको सबक सिखाना है और इस चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने देना है।

यह चुनाव मोदी जी का चुनाव है

श्री साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप सभी ने मोदी की गारंटी पर विश्वास करके भाजपा को जिताया और बस्तर क्षेत्र की 12 सीटों में से 8 सीटों में जीत दिलाई उसके लिए आप सभी का आभार ये चुनाव नरेंद्र मोदी जी का चुनाव है, जिन्होंने 10 साल प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की. सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानकर गांव, गरीब मजदूर किसान सबकी सेवा किये, सबकी चिंता किये। मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सभी से आशीर्वाद मांगने आया हूँ।

हरा सोना बदलेगा बस्तर की तकदीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपया प्रति मानक बोरा के दर से तेंदूपत्ता खरीदेगी। 12.50 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों को छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। चरण पादुका जैसी योजनाएं, जिसे भूपेश सरकार ने बंद कर दिया था, उसे हमारी सरकार पुनः प्रारंभ करेगी।

गोबर का पैसा खा गई ...

घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। कभी गद्दे में सोने वाले आज जेल में नीचे सो रहे हैं, मच्छर से परेशान हैं। ये सब उनके किये की सजा उनको मिल रही है। अब प्रदेश में भाजपा की सुशासन की सरकार है।

अनवर की पेशी के पहले ...

बाद कोर्ट में पेश किया। एसीबी को पहले भी दो बार अनवर ढेबर और अरविंद सिंह की रिमांड मिल चुकी है। दोनों की रिमांड अवधि शुक्रवार को खत्म होने के बाद उन्हें तीसरी बार अदालत में पेश किया गया था।

एसीबी के छापे में पप्पू ढिल्लन के ...

जसजीत सिंह ढिल्लन के खिलाफपुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

सुपेला पुलिस ने पप्पू ढिल्लन के बेटे जसजीत ढिल्लन के खिलाफआबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा के मुताबिक, घर से बड़ी मात्रा में शराब मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम कार्रवाई करने के लिए पहुंची।

देश का संविधान किसी ....

कुछ हैं और इसके निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर खुद आ जाये तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते हैं।

कांग्रेस ने बाबा साहेब को ...

बार 400 पार की बात जनता ने इसलिए की है कि इससे कांग्रेस को सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन वाले इतनी नफरत से भरे हुए है कि इनके घोषणा पत्र में भी यह नजर आने लगा है और इसमें बंटवारे एवं मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के लोग कहते हैं कि उनकी सरकार आने पर वे भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत के पडौसी देशों के पास परमाणु हथियार हो और ऐसी स्थिति में हमारे देश के परमाणु हथियार समाप्त करना किस सोच को दर्शाता हैं।

लोकसभा की 94...

क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई, 2024 को मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आज शुक्रवार से शुरु हो गयी और नामांकन 19 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे। पर्चों की जांच 20 तारीख को होगी और नाम 22 तारीख तक वापस लिए जा सकेंगे।

आयोग ने की पहले चरण ...

350 से अधिक चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ ऑनलाइन बैठक में बातचीत की। कुल सात चरणों में कराये जा रहे इस संसदीय चुनाव के पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल को कराये जायेंगे।

पहले चरण में 21 राज्यों के 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों मतदान होगा। निष्पक्ष एवं स्वयंत्र तरीके से चुनाव सुनिश्चित कराने के लिये चुनाव आयोग ने पहले चरण के चुनाव के लिये 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।

बस्तर और बालोद में ...

सभी 11 लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत के लिए उत्साह का संचार करेंगे। बालोद में आयोजित सभा को संबोधित करने के पश्चात रक्षा मंत्री श्री सिंह शाम 04:40 बजे राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुँचेंगे। वहां से शाम 04:50 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

दिल्ली में राष्ट्रपति शासन...

किए जा रहे काम है, चाहे वह मुफ़्त बिजली-पानी देना हो, शानदार स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक देना हो, बुजुर्गो को फ्री तीर्थ यात्रा महिलाओं को फ्री बस यात्रा देनी हो। 'आप'नेता ने कहा, दिल्ली की चुनी हुई सरकार के ख़िलाफ़ एक बहुत बड़ा राजनैतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है।

मंदिर का विरोध और दुआ...

पकड़े जाने के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि जिस ढंग से कल नोट पकड़े गए हैं, कांग्रेस के लोग डरा धमका रहे हैं। दिग्विजय सिंह डर के मारे 400-400 उम्मीदवार की बात कर रहे हैं। इसका मतलब, केवल बहाना बनाकर, हार से बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं, पर जनता माफनहीं करेगी।

कब्र की 2000 शवों को ...

पुराने कब्रिस्तान में जगह नहीं बचने के कारण करीब छह साल पहले ठीक बाजू में खाली 80 डिसमिल जमीन का आवंटन नए कब्रिस्तान बनाने के लिए किया गया था, लेकिन 2023 तक की स्थिति में यहां भी इतनी लाशों के लिए कब्र खोदा गया है कि अब यहां पर जगह की किल्लत हो रही है।

परिजन पहुंच रहे, पर शिनाख्ती में पुलिस की सुस्ती

मेकाहारा स्थित शव परीक्षण केंद्र में हर महीने 12 से 15 अज्ञात लाशें पहुंचती हैं। इन लाशों की शिनाख्ती नहीं हो पाती। कई दिनों बाद भी पुलिस पहचान नहीं जुटा पाती। आकड़ों के मुताबिक सौ लाशों में सिर्फ10 फीसदी लाशों की पहचान हो पाती है वह भी जब परिजन जब खुद से पहुंचते हैं। ऐसे में कहा जाए शिनाख्ती के लिए पुलिसिया कार्रवाई दम तोड़ रही हैं।

पुराने कब्रिस्तान में ही...

बीत चुके हैं इतने समय में वारिसान भी नहीं पहुंचे, अभी की स्थिति में लाशों के अवशेष नष्ट हो चुके होंगे। ऐसे में दोबारा यहां सिस्टम बनाया जा सकता है

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

हिंदू नववर्ष पर युवाओं ने निकाली बाइक रैली

अर्जुनी-भाटापारा/नवप्रदेश। हिन्दू उत्सव युवा उत्सव समिति के नेतृत्व में 200 वाहनों की हिन्दू नववर्ष पर रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत अर्जुनी के काली मंदिर अर्जुनी से हुई। यहां से रैली ग्राम खैरातल, भद्रापाली, मुढ़ीपार ,रवान, अर्जुनी के बाजार चौक वीतराग चौक, महामाया मंदिर, बजरंग चौक, शीतला पारा आदि का भ्रमण किया। इस दौरान हिन्दू नववर्ष मंगलमय हो,भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारे लगाते चल रहे थे। बाजार चौक में रैली का समापन किया गया।

विक्रम संवत 2081 के स्वागत में पार्थिव शिवलिंग की पूजा

अर्जुनी-भाटापारा/नवप्रदेश। मातर चौक अर्जुनी में माँ जीजा बाई उत्सव समिति की मातृशक्तिओं के मार्गदर्शन में खंडस्तरीय कार्यक्रम विक्रम संवत 2081 भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में 2081 पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक का कार्यक्रम समाज की सभी मातृशक्तिओं के प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदकुदीप के मठाधीश पूज्य रामस्वरूप दास महाराज के आतिथ्य में संपन्न हुआ। हिन्दू समाज को संगठित करने हेतु ऐसे छोटे छोटे प्रयास से समाज जागरण ,संस्कार, रामचरित मानस के विशेष प्रसंगों से सबको प्रेरित कर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सृष्टि का प्रारंभ नववर्ष के पहले दिन जो संकल्प लेकर कार्य प्रारंभ करते हैं उसे भगवान स्वयं उनको सहयोग प्रदान करते हैं और वे अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ते हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में होते रहना चाहिए और आसपास इसका कैसे विस्तार कर सकते हैं। इसके लिए विशेष मार्गदर्शन दिए। खंड के माँ जीजा बाई उत्सव समिति के विशेष प्रयास को समस्त हिन्दू समाज का सहयोग रहा है। गांव की महिलाओं द्वारा आयोजित स्थल पर भारी संख्या में उपस्थित होकर 108 पार्थिव शिवलिंग का पूजा अर्चना की गई।

ताम्रध्वज ने दो दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

कुरूद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कुरूद विधानसभा के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की सरकार बनी तो मनरेगा में मजदूरी दर 400 रुपए प्रतिदिन कर दिया जाएगा। मजदूरों को 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज और युवाओं को दुर्घटना बीमा का लाभ 30 लाख रुपए मिलेगा और नौकरी भी दी जाएगी। किसानों का कर्ज माफ जैसी कई जनहितैषी योजनाओं का लाभ मिलने और महंगाई में कमी लाने का भरोसा भी दिलाया है। इन गांवों में पहुंचेः साहू कचना, तर्रागोंदी मड़ेली, टीपानी, जरवाय, पचपेड़ी, भैसबोड़, रामपुर, अवंरी, गाडाडीह, जोरातराई, सिलघट, कोलियारी, नवागॉव, सुपेला, सेमरा, थूहा, बंगोली, कुर्रा, भेण्डरवानी, कोसमर्रा, लोहारपथरा, भेण्ड्रा, चरोटा, गातापार, कोर्रा, जुगदेही, बगदेही, देवरी, मडेली, कोसमर्रा, कोर्रा, सेमरा, सिलौटी, सेमरा, सिरदार देव दर्शन कर जनता से मिलकर उनका आशीर्वाद और समर्थन मिला है।

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर द्वारा हृदय रोग ओपीडी अंबिकापुर में

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश भर में उच्चतम गुणवत्ता के साथ किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रसिद्ध एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा 13 अप्रैल 2024, शनिवार को अंबिकापुर में हृदय रोग ओपीडी आयोजित की जा रही है । इस ओपीडी में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी (वरिष्ठ सलाहकार, क्लीनिकल लीड कार्डियोलॉजी विभाग) अपनी सेवाएं देंगे। इस ओपीडी का आयोजन प्रकाश हॉस्पिटल ,अंबिकापुर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया है। जिन मरीजों को सीने में दर्द साँस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना अनियमित हृदय गति, जी मचलना, सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द, बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना, आदि से संबंधित अन्य शिकायत हो वे डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी से परामर्श ले सकते है, आज अग्रिम पंजीयन कर ओपीडी का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 9827872666, 9713667433

मरार पटेल समाज ने दो बेटियों के विवाह में किया सहयोग

धमतरी/नवप्रदेश। कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी राज द्वारा समाज की दो बेटियों वीणा पटेल, जागेश्वरी पटेल पिता स्व. नेतराम पटेल, माता रूखमणी पटेल को उनके विवाह के अवसर पर एक-एक पलंग, एक- एक ड्रेसिंग टेबल कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी राज द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर धमतरी राज संरक्षक बिशेषर पटेल, अशोक पटेल, राज अध्यक्ष सगुन पटेल, उपाध्यक्ष भूषण पटेल, कोषाध्यक्ष मनीष पटेल, राज प्रवक्ता दिलीप पटेल, बबला पटेल, राधे पटेल, युवराज पटेल, पटेल व समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी धमतरी राज मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल ने दी।

शासकीय और आरक्षित घास जमीन पर अवैध कब्जा

- ठेला गुमठी बना रख रहे हैं, कुछ समय बाद पक्का मकान या दुकान बनाकर किराया वसूल रहे हैं
- गलियां संकरी व सड़क तंग गलियों में तब्दील

अर्जुनी-भाटापारा/नवप्रदेश। गांव के शासकीय व आरक्षित घास जमीन पर अवैध कब्जाधारियों का कब्जा होने लगा है। गांव में अवैध कब्जाधारी कुकुरमुत्ते की तरह उपज रहे हैं । जहां तहां खाली पड़ी शासकीय जमीन को कब्जा कर रहे हैं कब्जाधारी शासकीय जमीन को दीमक की तरह चट कर रहे हैं गांव में आरक्षित जमीन श्मशान घाट निस्तार की जमीनों को अवैध कब्जाधारी कब्जा करके रखे हुए हैं जिसके कारण गांव में सरकारी मदों से आने वाले विकास कार्य नही हो पा रहा है गांव में शासकीय मदों का उपयोग करने व विकास कार्य करने के लिए जगह नहीं बची हुई है जिससे विकास कार्य सुचारू ढंग से नहीं चल पा रहा है ।जन प्रतिनिधियों को निर्माण कार्य के लिए जगह ढूंढना पड़ रहा है । गांव में सु व्यवस्थित जगह नहीं होने के कारण निर्माण कार्य अवस्थित जगह पर कराना पड़ रहा है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अवैध कब्जाधारी गांव के रोड किनारे खाली पड़े हुए शासकीय जमीन को अवैध कब्जा कर कुछ समय ठेला गुमटी बनाकर रख रहे हैं। फिर कुछ समय बाद पक्का मकान या दुकान बनाकर किराया वसूल रहे हैं । साथ ही बाहर से आए लोगों को किराए में रखकर मोटी रकम वसूला जा रहा है । गांव में बाहर से आए लोगों का पंचायत मुसाफिरिनामा या किसी प्रकार की जानकारी उपलब्ध नहीं है अगर गांव में इनके द्वारा किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है तो जानकारी लेने में भी प्रशासन को काफी मशक्कत करना पड़ सकता है।

गांव की जिन गलियों में कभी ट्रैक्टर बड़ी गाड़ियां बैलगाड़ी चला करती थी वहां आज साइकिल का गुजरना भी बामुश्किल हो गया है अवैध कब्जे के कारण गलियां सकरी व सड़क तंग गलियों में तब्दील हो चुका है लोग अपने घरों के सामने बड़े-बड़े चबूतरा बनाकर छोड़ दिए हैं जिससे सड़के सकरी हो गई है गलियों में चबूतरा बनाकर छोड़ दिया जाता है फिर उसी चबूतरे में दीवार उठाकर मकान बना लिया जाता है ।धीरे-धीरे गलियां सकरी और पतली होते जा रही है जिसमें आसानी से चलना भी दुभर हो गया है। गांव के निस्तार जमीन में आज बस्तियां बस गई है यह पूरा वार्ड बन चुका है जहां पहले गांव के लोग निस्तार किया करते थे वह आज पूरा वार्ड बन चुका है गांव में विगत कई वर्षों से अवैध कब्जा किया जा रहा है अवैध कब्जाधारी जमीनों में अवैध कब्जा कर मकान बनाकर बेच रहे हैं। पहले जिन जगहों पर छोटे कच्चे मकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया था वहां आज बड़े-बड़े पक्के मकान बन चुके हैं। कुछ ऐसा ही हाल गांव के मुख्य मार्ग, ग्राम पौसरी पहुंच मार्ग , ट्रक यार्ड का है जहां पर लोग अवैध कब्जा कर बड़े-बड़े मकान व दुकानें बनाकर किराया वसूल रहे हैं पौसरी पहुंच मार्ग में अधिकांश दुकानें व मकान अवैध कब्जे के जमीन पर बनी हुई है जहां से अवैध कब्जाधारियों द्वारा दुकानें संचालित की जा रही है। ग्राम पौसरी पहुंच मार्ग में ग्राम पंचायत रवान के द्वारा आसपास के पढ़ने वाले बच्चों व आस पास के ग्राम पौसरी,करमदा,गैतरा,मगरवाय,धवंई, बोरासी ,बुडगाहन,आदि अनेकों गांव के लोगों के लिए जिला मुख्यालय पहुंचने बस स्टैंड प्रस्तावित की गई थी ग्राम पंचायत के उदासीनता के कारण बस स्टैंड तो नहीं बन पाया लेकिन अवैध कब्जाधारियों द्वारा उसे स्थान पर दुकान बनाकर किराया जरूर रसूल जा रहा है ग्राम पंचायत अर्जुनी व रवान में विगत कई वर्षों से अवैध कब्जे का खेल खुले आम चल रहा है जिसे अंकुश लगाना जनप्रतिनिधि भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं। इन अवैध कब्जाधारियों को गांव के ही कुछ छूट भैया नेताओं का भी श्राय प्राप्त है जिसके कारण यह सरकारी जगह एवं निस्तार की जगह को अवैध कब्जा करने से नहीं चुक रहे हैं। अवैध कब्जाधारियों में गांव के जनप्रतिनिधि भी शामिल है। एसडीएम कार्यालय में इनके शिकायत की गई थी परंतु कार्यवाही नहीं होने के कारण यह छूट भैया नेता उन्ही जगहों पर बड़े-बड़े बिल्डिंग बना रहे हैं। इसके अलावा एस. टी ,एस.सी श्मशान घाट को अवैध कब्जाधारियों द्वारा विगत कई वर्षों से कब्जा किया जा रहा है जिसकी शिकायत जिलाधीश के पास की गई है परंतु कार्यवाही अभी तक नहीं हुई जिसके कारण अवैध कब्जाधारीयो का हौसला बुलंद हो गया है।

इसके अलावा गांव के बकली चक में सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले पानी निकासी नाली के उपर अवैध कब्जा कर लिया गया है जिसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए पानी लेजाने व नाली के सफाई करने में काफी सुविधा का सामना करना पड़ता है अवैध कब्जाधारीयो द्वारा नाली के ऊपर घर बनाना गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

अर्जुनी का एक बड़ा हिस्सा खरीद फरोख्त में

प्रशासनिक व जनप्रतिनिधियों के कार्यवाई के अभाव में अर्जुनी के बस स्टैंड, बाजार चौक, मुख्य मार्ग किनारे के कई ठेले गुमटी दुकानें जो कभी खाली जगह हुआ करती थी वंहा पर कब्जा कर दूसरे जगह के लोगों से मोटी रकम में खरीद फरोख्त किया जा रहा है इतना ही नही ये सिलसिला बदस्तूर जारी है ऐसे लोगो द्वारा बाप की जमीन की तरह अवैध कब्जा कर इस प्रकार का अवैधानिक कार्य कर राजस्व विभाग को बड़ा चुना लगाया जा रहा है। जिस पर किसी प्रकार की अब तक कि कोई बड़ी कार्यवाई नही हो पाया है जिससे बिचौलिये अपना दुकानदारी बेख़ौफ़ चला रहे है।

प्रदेश अध्यक्ष से मिले सिहावा के भाजपाई, चुनाव के दिए टिप्स

नगरी/नवप्रदेश। पूरी जोश और ऊर्जा के साथ कार्य करें, और कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजय दिलाकर केंद्र में पुनः नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं।

उक्त आह्वान और मार्गदर्शन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बुधवार 10 अप्रैल को जगदलपुर स्थित विधायक कार्यालय में सिहावा क्षेत्र के गोपी कश्यप और सुरेश नेताम के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे थे। गौरतलब है कि गोपी कश्यप, सुरेश नेताम, प्रेम सिन्हा, घनश्याम नेताम, कुलदीप साहू, जालम पटेल, गोलू मंडावी जगदलपुर पहुंच कर भाजपा अध्यक्ष

किरण देव से मुलाकात कर उन्हें जारी लोकसभा चुनाव में सिहावा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को जीत दिलाने के लिये किए जा रहे कार्यों की जानकारी देकर मार्गदर्शन लिया। किरण देव ने चुनाव में किस तरह कार्य करें इसके टिप्स दिए।

ईद की नमाज के बाद विधायक ने दी मुस्लिम भाइयों को बधाई

नगरी/नवप्रदेश। हिंदुस्तान में ईद का रंग सारी दुनिया से बिल्कुल अलग है हिंदुस्तान में मुसलमानों की ईद तब तक मुकम्मल नहीं होती जब तक कोई हिंदू भाई य सिख या इसाई दोस्त घर आकर गले लगा कर ईद मुबारक ना कह दे और सेवइयां खाकर यह कहे कि यार बहुत अच्छी बनी है जरा और ला इसी तारतम में हर साल की भांति इस साल भी नगरी के ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद देश की अमन शांति और खुशहाली के लिए दुआ की गई। मुस्लिम समाज को

बधाई देने विधायक अंबिका मरकाम पूर्व विधायक डॉक्टर लक्ष्मी ध्रुव पूर्व सभापति नगर पंचायत बलजीत छाबड़ा पूर्व अध्यक्ष ओमी ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेसी राघवेंद्र वर्मा , कृष्ण कुमार कश्यप ने शुभकामनाएं दी।

भाईचारे के साथ मनाई गई ईद

धमतरी/नवप्रदेश। रमजान के बाद मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व ईद-उल-फितर मनाया गया। ईद पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह का माहौल है। गुरुवार सुबह रत्नाबांधा स्थित ईदगाह मैदान में मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा की जानी थी, लेकिन बारिश के चलते मस्जिदों में ही नमाज अदा की गई। ईद के मौके पर सभी के

बेहतर स्वास्थ्य व अमन-चैन व भाई चारे की दुआ मांगी। नमाज के पश्चात मुस्लिम भाइयों ने एक- दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दी व सेवाइयां खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी गई।

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-6/2023-24

पक्षकार- सौरभ कौशिक पिता संतोष कौशिक वगैरह --- आवेदकगण

बनाम

रितेश कुमार निखारे पिता रविकुमार निखारे --- अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सौरभ कौशिक पिता संतोष कौशिक वगैरह निवासी अनुराग विद्या मंदिर के पास चकरभाठा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मौहल्ला जरहाभाठा शीट नं. 04 प्लाट नं. 68/8 रकबा 2400 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में अनावेदक रितेश कुमार निखारे पिता रविकुमार निखारे के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि को आवेदकगण के द्वारा अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से इस क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 25/04/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचाराधीन नहीं होगा।

आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने निकाली भगवा रैली

धमतरी/नवप्रदेश। विक्रम संवत 2081 भारतीय नववर्ष के उपलक्ष में पूरे भारत भर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम किये जा रहे हैं ,इसी धार्मिक कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद धमतरी द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया । कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी मोहन साहू के मार्गदर्शन में विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण से झंडा दिखाकर रैलीं को रवाना किया गया ,रैली के साथ् आगे बढ़ते हुए जिला सह संयोजक डाकेश्व साहू के द्वारा शहर वासियों को भारतीय नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी गई साथ ही चौक चौराहो पर रैली को विश्राम देते हुए प्रिंस जैन द्वारा राष्ट्रहित में और धर्म हित में शपथ प्रतिशत मतदान करने का अवाहन किया गया, आगे यह यात्रा घड़ी चौक पर पहुंची जहां पर जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया और इस यात्रा को घड़ी चौक से रतना बांधा चौक की तरफ बढ़ाया गया जहां पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष शिवाजी महाराज की वीरता और हिंदवी स्वराज के विषय में जानकारी दी गई तथा विज्यंत् राव के द्वारा छत्रपति शिवाजी के सम्मान में जय घोष लगाया गया और इस यात्रा को आगे अंबेडकर चौक की तरफ बढ़ाया गया अंबेडकर चौक से मुड़कर यह यात्रा वापस शहर के हृदय स्थल घड़ी चौक पर पहुंची जहां पर नगर संयोजक चित्रेश साहू द्वारा श्री राम जी के जय घोष पर सभी बजरंगियों में उत्साह का संचार किया गया,जय श्री राम के नारे के साथ रैली बस स्टैंड होते हुए दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में पहुंचे मंदिर प्रांगण में सभी बजरंगी सैकड़ो की संख्या में एकत्रित हुए और सबने मिलकर राम धुन में गीत बजाकर उत्साहित होकर डांस किया कार्यक्रम को समापन की ओर बढ़ते हुए जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन द्वारा सभी बजरंगी को एकजुट होने का अवाहन किया गया और माता दुर्गा की मंदिर में पूजा करने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम जिला कार्य अध्यक्ष दीपक ठाकुर द्वारा सभी बजरंगी सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई. । युवाओं से आह्वान किया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने और भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न शक्तिशाली ,समृद्ध, बनाने के लिए, लोकतंत्र के इस महापर्व में 26 अप्रैल को शत् प्रतिसत् मतदान करने का आग्रह किया गया,। जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी हिंदू समाज की सेवा के लिए सदैव अग्रणी रहा है यह बाइक रैली नहीं है बल्कि यहां भारतीय समाज के उत्साह का प्रतीक है ।

जिला कार्य अध्यक्ष दीपक ठाकुर द्वारा बताया गया कि भारतीय नववर्ष भारतीय संस्कृति का प्रतीक है जो की प्रकृति के साथ शुरुआत होती है आज के दिन प्रकृति अपना नया श्रृंगार करती है ,भगवान ब्रह्मा ने आज ही के दिन सृष्टि की रचना की थी ,अतः समस्त भारतीयों को और सनातन के मानने वालों को आज के दिन पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपने सांस्कृतिक नव वर्ष को बनना चाहिए । जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन ने कहा कि आज का दिन समस्त सनातनियों के लिए गर्व का दिन है क्योंकि आज के दिन ही भगवान राम का राज्याभिषेक किया गया तथा आज के दिन ही सम्राट विक्रमादित्य द्वारा राज्य की स्थापना की गई ।

पूज्य सिंध पंचायत ने धूमधाम से मनाई झूलेलाल जयंती

नवापारा/राजिम/नवप्रदेश। श्री पूज्य सिंध पंचायत द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस गोंदिया के भजन गायक की शानदार प्रस्तुति से झूलेलाल जयंती की शुरुआत हुई। उसके बाद महिला विंग द्वारा आनंदमेला, डांस, क्वीज, फैंसी ड्रेस एवं धुनी भजन का तीन दिनों का कार्यक्रम रखा गया। झूलेलाल जन्मोत्सव पर बुधवार 10 अप्रैल की सुबह सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना और भजन कीर्तन प्रारंभ हुआ। इसमें समाज के पुरुष, महिलाएं, बच्चे सभी शामिल हुए। समाज के युवाओं ने सुबह 10.30 बजे बाइक रैली निकाली, जो नगर सहित धर्म नगरी राजिम का भ्रमण कर झूलेलाल मंदिर वापस पहुंची।

असाध्य रोगी होम्योपैथी से पाते हैं राहत: डॉ. महरोत्रा

रायपुर/नवप्रदेश। मैंने होमियोपैथी के द्वारा इतने जटिल रोगों को ठीक होते देखा है मेरे क्लिनिक में रोज कई असाध्य रोगी आते है और लाभ पाते है, मैं अपने आपको खुशकिस्मत मानता हूं कि मैं इस अनमोल चिकित्सा होमियोपैथी के बारे मैं कुछ जानता हूं क्योंकि जब रोगी कहीं से ठीक नहीं होकर आराम पाता है तो एक डाक्टर को बहुत खुशी होती है। हां अपने आप को अपग्रेड करता रहता हूं।

होमियोपैथिक चिकित्सा सदन पिछले 40 वर्ष से शैलेंद्र नगर में आपके सेवारत है, इसकी नींव Dr. S.S. Mehrotra ने डाली थी फिर मैंने Dr Sonu Mehrotra ने पूर्ण कोशिश की मैं आप सबको इस अद्भुत चिकित्सा का लाभ दे सकूं। मुझे गर्व है की तीसरी पीढ़ी मेरा बेटा यश भी होम्योपैथिक कॉलेज मैं अध्यनरत है।

महिलाओं की चिकित्सा भी मैंने बहुत सफलता पूर्वक की है जैसे महावारी का अनियमित होना, बच्चेदानी में इब्रॉयड होना, ओवरी के ट्यूमर, p,c,o,d जो आजकल बहुत आम है, इन सबकी वजह से चेहरे पर बाल आना, सफेद पानी की शिकायत होना, स्तनों मै गठान होना ये सब ठीक हुए अभी पिछले साल मेरी माता जी कोमा में वेंटीलेटर पर आ गई थी मेरी इसी चिकित्सा ने उनको जीवन दान दिया है और वो आज पूरी स्वस्थ है। मैंने त्वचा रोग मैं जैसे सफेद दाग, एक्जिमा, सोरियासिस, अर्टकिरिया, मुंहासे, बालो का झड़ना, चेहरे पर झाइयां, शरीर मै मस्से होना, का सफलता पूर्वक इलाज किया है। मानसिक रोग मै होमियोपैथी का कोई जवाब नही है क्योंकि सभी रोग मै मानसिक लक्षण बहुत महत्वपूर्ण यदि सही तरह से केस ले लिया गया और डॉक्टर अनुभवी है तो वो तुरंत सही डायग्नोज करके सही मेडिसिन का चुनाव करके देगा और रोग कुछ भी हो उसमे अवश्य आराम आयेगा क्योंकि होमियोपैथी मैं रोग का नहीं रोगी का इलाज होता है। थायराइड ग्रंथि के रोग hypothyroidism and hyperthyroidism, goiter मे भी बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त हुए है रोगी संपूर्ण ठीक हो गए। आजकल बच्चो मैं ऑटिज्म और adhd भी बहुत पाया जाता है बच्चे बहुत चिड़चिड़े, ध्यान की कमी, आई कॉन्टेक्ट न करना, गुस्सा आना हों जाता है मेरे पास ऐसे कई केस है और होमियोपैथी से बहुत अच्छे रिजल्ट्स आ रहे है, इन केसेस मै दवाई वा पैरेंट्स केध्यान एवम प्यार की बहुत जरूरत होती है। है, बस समय अलग अलग लगता है क्योंकि वे रोगी के कांस्टीट्यूशन पर निर्भर करता है, हा उनके ठीक होने के पहले वा बाद की रिपोर्ट्स मैजरूर रखता हूं। कैंसर रोगों मैं भी मैने बहुत अच्छे परिणाम देखे है मैं ये तो नही कह सकता की सब ठीक हो गए परंतु बहुत सारे ठीक भी हुए है और एक बात कैंसर मै जो साइड इफेक्ट्स होते है उन्हें भी बहुत अच्छे से ठीक किया जा सकता है रोगी अपनी लाइफको ठीक से जी सकता है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर, प्रथम तल, गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने व्यापार विहार रोड, बिलासपुर (छ.ग.) पिन-495004

अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचना: बैंक में बंधक रखे अचल संपत्तियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।

सर्वसाधारण, विशेष रूप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने सांकेतिक/भौतिक कब्जा लिया है, "जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है" के आधार पर दिनांक **30.04.2024** समय (प्रातः **10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक**) पर नीलाम किया जायेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

क्र. सं.	ऋणकर्ता एवं जमानतदार का नाम	बकाया राशि (रु.)	आरक्षित मूल्य / अमानत राशि / बोली वृद्धि राशि	संपत्तियों का विवरण
01	1. श्री भागवत ट्रेडर्स प्रोप. दिव्येन्द्र सिंह ध्रुव (ऋणी) 2. स्वास्तिक कन्सट्रक्शन, प्रोप. चन्द्र भान सिंह ध्रुव पिता- भागवत सिंह ध्रुव 3. चन्द्र भान सिंह ध्रुव पिता- भागवत सिंह ध्रुव (जमानतदार) 4. रुक्समणी ध्रुव पति- भागवत सिंह ध्रुव (जमानतदार), सभी का पता- मकान नं. 72, माता चौरा के पास, पुराना सरकंडा, बिलासपुर-495001	₹ 28,94,992.00 (01.12.2018 तक अतिरिक्त ब्याज, लागत और व्यय के साथ)	₹ 19,15,000.00 / ₹ 1,91,500.00 / ₹ 10,000	संपत्ति के मालिक- श्रीमती रुक्समनी ध्रुव पति- भागवत सिंह ध्रुव, खसरा नं. 25/5, 254/3, प.ह.नं.-32, वार्ड नं. 55, नामदेव नगर, बंधवापारा, मौजा- सरकंडा, तहसील व जिला-बिलासपुर-495001, संपत्ति का कुल क्षेत्रफल 4400 वर्गफीट में स्थित खुली भूमि के समस्त भाग तथा अंश । उत्तर की ओर- लगभग 10 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण की ओर- वृन्दा बाई की भूमि, पूर्व की ओर- ध्रुव का मकान, पश्चिम की ओर- अराजीन की भूमि ।
02	1. श्री शाहबाज खान टीपू पिता- नजर मोहम्मद खान, निवास- मकान नं. 19, अपसेन भवन के सामने, जूनी लाईन, बिलासपुर छ.ग. 495001 (ऋणी) 2. श्री विकास जायसवाल पिता- कामता प्रसाद जायसवाल, निवास- वार्ड नं. 43, किसान पारा, पांटीडीह, बिलासपुर छ.ग. 495001 (जमानतदार) ।	₹ 12,43,049.89 (31.03.2021 तक अतिरिक्त ब्याज, लागत और व्यय के साथ)	₹ 6,50,000.00 / ₹ 65,000.00 / ₹ 10,000	शाहबाज खान टीपू से संबंधित खसरा नं. 179/3, प.ह.नं. 20/32, वार्ड नं. 54, बंधवापारा, अरविंद नगर, मौजा- सरकंडा, नगर निगम, बिलासपुर छ.ग. संपत्ति का कुल क्षेत्रफल: 1466 वर्गफीट में स्थित खुली भूमि के समस्त भाग तथा अंश । उत्तर की ओर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण की ओर- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व की ओर- सड़क, पश्चिम की ओर- पाण्डेय का मकान ।
03	1. मेसर्स एवाई कन्स्ट्रक्शन प्रोप. श्री अतुल परिहार पिता- श्री हीरा सिंह परिहार (ऋणी), 2. मेसर्स किशन कार्पोरेशन प्रोप. श्रीमती रीतु परिहार (ऋणी), 3. श्रीमती रीतु परिहार पति- श्री अतुल परिहार (सह-ऋणी), 4. संतोषी परिहार (सह-ऋणी) सभी का पता- मकान नं. 130/6, ओरापारा, बाल्टी फैक्ट्री के पास, सरकण्डा, बिलासपुर छ.ग. 5. चन्द्र भान सिंह ध्रुव पिता- भागवत सिंह ध्रुव, मकान नं. 72, माता चौरा, पुराना सरकंडा, बिलासपुर 495001 (जमानतदार)	₹ 34,48,552.74 (31.03.2021 तक अतिरिक्त ब्याज, लागत और व्यय के साथ)	₹ 15,90,000.00 / ₹ 1,59,000.00 / ₹ 10,000	संपत्ति- श्रीमती रीतु परिहार पति- अतुल परिहार के नाम पर ओवर स्टार नं. 15/17 भूमि का भाग 178, खसरा नं. 427/18, प.ह.नं.-20/32, मौजा- सरकंडा, बिलासपुर छ.ग.-495001, वास्तविक विक्रय विलेख सं. 5825, दिनांक 31.12.2015, संपत्ति का कुल क्षेत्रफल: 2568 वर्गफीट में स्थित खुली भूमि के समस्त भाग तथा अंश । उत्तर की ओर- भोई की भूमि, दक्षिण की ओर- चतुर्वेदी की भूमि, पूर्व की ओर- 11 फीट सड़क, पश्चिम की ओर- शिवम होम्स कालोनी ।
04	1. मेसर्स गौरी इन्टरप्राईजेस, निवास- ओरापारा, सरकंडा, बिलासपुर छ.ग.-495001 (ऋणी) 2. श्रीमती माला परिहार पति- श्री अल्पेश परिहार, निवास- ओरापारा, सरकंडा, बिलासपुर छ.ग.- 495001, 3. अल्पेश परिहार, निवास- ओरापारा, सरकंडा, बिलासपुर छ.ग.- 495001(कानूनी उत्तराधिकारी)	₹ 6,94,822.32 (01.03.2021 तक अतिरिक्त ब्याज, लागत और व्यय के साथ)	₹ 4,25,000.00 / ₹ 42,500.00 / ₹ 10,000	श्री हीरा सिंह परिहार पिता- रघुनाथ सिंह परिहार के नाम पर संपत्ति का खसरा नं. 444/15, प.ह.नं.-20, वार्ड नं. 55, मौजा- सरकंडा, बिलासपुर छ.ग. संपत्ति का कुल क्षेत्रफल: 768 वर्गफीट में स्थित खुली भूमि के समस्त भाग तथा अंश । उत्तर की ओर- सड़क व परिहार का मकान, दक्षिण की ओर- प्रवेश सोनी की भूमि, पूर्व की ओर- देवांगन की भूमि, पश्चिम की ओर- मंजूबाला की भूमि ।

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली लगाने के नियमों के लिए https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp एवं www.unionbankofindia.co.in. पर जाएं । अधिक विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें : श्री गौरव मिश्रा, मोबा. 87250 29779.

दिनांक: 12.04.2024, स्थान: बिलासपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

न्यूज गैलरी

नैतिकता के नाते जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें सांसद : रूपेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा के मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने सांसद संतोष पांडे की निष्क्रियता को रेखांकित करते हुए कहा कि जो भाजपा मोदी की गारंटी का दंभ भर रही है, उसी भाजपा के सांसद संतोष पांडे मोदी की ड्रिम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन शौचालय निर्माण हेतु प्रति हितग्राही 12 हजार रूपये मिलने वाली करोड़ों रूपए का फर्जीवाड़ा की जांच कराने का साहस भी नहीं कर सके हैं, यह उनकी केंद्रीय योजना के साथ ही साथ जनता के प्रति निष्क्रिय जवाबदेही को भी साबित किया है, जिससे जनता के हितों में कुठाराघात, योजना का असफल क्रियान्वयन उजागर है। प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में व्यक्तिगत शौचालय के लिए राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों के किसी भी हितग्राही को 12 हजार की राशि जो सरकार द्वारा दो किश्तों में शौचालय निर्माण लिए प्रदान किया जाना था, उसे किसी भी हितग्राही को प्रदान न कर केंद्र सरकार के नियमावली के विपरीत सरपंचों के माध्यम से शौचालय बनाने हेतु कार्यवाही कर जहां एक तरफ सरपंचों को फसाने का काम किया, वहीं दूसरी ओर हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली राशि पर हेराफेरी करने का काम छत्तीसगढ़ में होकर योजना दम तोड़ दी।

भारी मात्रा में अवैध शराब को घुमका पुलिस ने किया बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में आगामी लोकसभा चुनाव एवं लागु आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु राजनांदगाव पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, उसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में घुमका पुलिस को 10 अप्रैल 2024 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम छोटे बिरेझर निवासी आरोपी जितेंद्र बघेल के द्वारा अपने घर के पास बारले निवास किराना दुकान के सामने रोड में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु भारी मात्रा में शराब को एक बैग में रखा हुआ है। सूचना पर थाना घुमका पुलिस के द्वारा तत्काल मौके में पहुंचकर आरोपी जितेन्द्र बघेल के कब्जे से एक बैग के अंदर छुपाकर रखे भारी मात्रा में शराब को बरामद कर आरोपी जितेन्द्र बघेल कब्जे से 75 पौवा देशी प्लेन शराब 13.500 लीटर कीमती 6,750 रूपये एवं बिक्री रकम 780 रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरूध्द थाना घुमका में अपराध क्रमांक 59/24 धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना घुमका से थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार, आरक्षक गौतम सिंह, केयूर भूषण यादव, चंद्र प्रकाश साहू, पुनेश्वर साहू, दुर्गेश साहू का सराहनीय योगदान रहा।

हाइटेंशन हटाने कर दिया भुगतान, नहीं किया काम

खैरागढ़/छूईखदान। नगरपंचायत द्वारा छूईखदान शहर के वार्ड एक मे बनाए जा रहे 30 लाख रू की लागत वाले मंगल भवन का कार्य बिजली विभाग की लापरवाही के चलते पिछले माह भर से अटका पड़ा है। नगरपंचायत को मिली स्वीकृति के बाद वार्ड एक मे सर्वसुविधायुक्त मंगलभवन का निर्माण कार्य छह माह पहले शुरू कराया गया था। 30 लाख रू की लागत से बनने वाले इस मंगलभवन के निर्माण पूरा होने के बाद शहरवासियों को सुविधाएं मिलेगी। लेकिन इसके निर्माण को पिछले माह भर से ग्रहण लग गया है। मंगल भवन निर्माण स्थल मे निर्माणाधीन भवन के ऊपर से विद्यूत विभाग के 11 केवी लाइन गुजर रही है। इस लाइन को हटाने नगरपंचायत द्वारा विद्यूत विभाग को दो माह पूर्व ही खर्च राशि 2 लाख 80 हजार रू का भुगतान तार सहित पोल हटाने कर दिया गया है। लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही के चलते अब तक पोल और लाइन को हटाने की कार्यवाही नही हो पाई है। जिसके चलते भवन निर्माण कार्य माह भर से अटका पड़ा है। मंगल भवन निर्माण कार्य मे छत लेबल तक का काम माह भर पहले ही पूरा किया जा चुका है। अब भवन के छत की ढलाई करनी है लेकिन वहाँ हाईटेंशन तार होने के चलते दुर्घटना के डर से ठेकेदार ने काम रोक दिया है। इसकी जानकारी नगरपंचायत को भी है। हाइटेंशन तार और पोल हटाने नगरपंचायत द्वारा बिजली विभाग को स्टीमेट मिलने के बाद 2 लाख 80 हजार रू का भुगतान कर दिया गया है। लेकिन कार्य मे देरी के चलते छत ढलाई कार्य अटका पड़ा है। जिसके चलते भवन का कार्य रोक दिया गया है

खरीफ के लिए 16000 मीट्रिक टन खाद का अग्रिम भंडारण

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी ख़रीफ़ फसल हेतु जिले के खाद भण्डारण के कुल लक्ष्य 50520 मी.टन के विरूद्ध 16190 मी. टन उर्वरक प्राप्त हो चुका हैं। उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने बताया कि 12090 मी. टन खाद का भण्डारण समितियों में किया गया है और 853 मी. टन खाद का अग्रिम वितरण कृषकों को किया जा चुका है। डबल लॉक केंद्रों तथा समितियों में 15337 मी.टन खाद उपलब्ध है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि समितियां तत्काल आरओ/डीडी जारी करते हुए कृषकों की मांग के अनुरूप खाद का भंडारण कराएं। साथ ही परिवहन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे। किसी भी स्थिति में मार्कफेड के गोदाम में खाद डंप न रहे तत्काल समितियों में परिवहन हो। बीज की कुल मांग 22843 क्विंटल के विरुद्ध ज़िले में 13451 क्विंटल बीज निगम के गोदामों में उपलब्ध हैं। पिछले 9 अप्रैल को ख़रीफ़ फसल हेतु कृषकों को विक्रय हेतु बीज दर भी राज्य स्तर से जारी हो गया हैं।

नक्सलियों का कूरियर ब्वाय पकड़ाया, रायपुर आकर भी दिया था 2 लाख

मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मोहला-मानपुर-अंबाचौकी जिले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। जिला पुलिस ने यहां बड़े नक्सली नेताओं के लिए काम करने वाले एक कूरियर को गिरफ्तार किया है। कूरियर के पास से नक्सली पोस्टर और लोकसभा चुनाव बहिष्कार से संबंधित पर्चे, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है, जिसमें भारी मात्रा में नक्सली गतिविधियों से संबंधित फोटो एवं अन्य दस्तावेज है।

जानकारी के अनुसार मोहला-मानपुर-अंबाचौकी जिले में लाल आतंक को खत्म करने के लिए पुलिस लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित कर रही है। इस अभियान के तहत पुलिस को अश्वंत

आंधिया के नक्सलियों के कूरियर के रूप में काम करने की लगातार सूचना मिल रही थी।इसी दौरान पुलिस ने आज कूरियर अश्वंत आंधिया को गिरफ्तार किया है।अश्वंत ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह जनवरी 2022 से विजय रेड्डी, लोकेश सलामें, रिता सलामे, रूपेश, मंगेश, विनोद, राजे एवं अन्य नक्सलियों के संपर्क में है और वह उनके लिए सामान सप्लाई का काम करता है एवं उनके पैसे को एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने का काम करता है। पूछताछ में कूरियर ने नक्सलियों के रायपुर कनेक्शन का राजफाश किया। उसने बताया कि 12 से 16 मार्च के बीच में वह विजय रेड्डी से मिला था। विजय रेड्डी ने उसे दो लाख रुपये, एक मेमोरी कार्ड रीडर एवं कुछ नक्सली पर्चे देकर रायपुर में रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के गेट के सामने एक व्यक्ति को देने की बात बताई। इसके बाद एक मेमोरी कार्ड रीडर भी वापसी में खरीदकर लाने के लिये बोला।

लाखों के गहने चोरी करने वाले दो आरोपी यूपी से गिरफ्तार

मुंबई की बजाय यूपी में छिपा मिला चोरी का मास्टरमाइंड, बड़ी चोरियों के मामले में बालोद पुलिस और साइबर सेल की मेहनत से सुलझा मामला

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिला मुख्यालय में हो रही बड़ी चोरियों के आरोपियों को पकड़ने में आखिरकार बालोद पुलिस को सफलता मिल गई। फिल्मी स्टाइल में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जाल बिछाया। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को अहम सुराग मिले और आरोपियों का पीछा करते-करते पहले तो मुंबई तक पहुंचे फिर पता चला की मुख्य आरोपी बदायूं उत्तर प्रदेश में है। मुंबई में जानकारी मिली कि मुख्य आरोपी रफत अली भले लाखों की चोरी करता है लेकिन एक आम मजदूरों की तरह कहीं पर भी ठेला आदि में सो जाता है। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए उसके बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए ?30 प्रतिदिन के किराया में ठेला लेकर फल बेचने का काम भी किया। इस दौरान पता चला की मुख्य आरोपी रफत अली जुआ खेलने का भी आदी है और वह बदायूं उत्तर प्रदेश में छिपा हुआ है। फिर क्या था पुलिस ने मुंबई से फिर यूपी जाकर वहां के स्थानीय पुलिस की सहयोग से उसके घर के आसपास की रेकी कर आरोपी को पकड़ा और उसके जरिए एक अन्य साथी भी पकड़ा गया। दो लोगों को बालोद पुलिस ने रिमांड पर जेल भेजा है। मामले का खुलासा एसपी एसआर भगत ने गुरुवार को किया। हाल ही में इन दोनों आरोपियों ने बालोद के बुढ़ापारा के रहने वाले पशु चिकित्सक डॉक्टर टीडी देवांगन के घर पर लाखों की चोरी की थी। इस तरह अंतर्राज्यीय चोर गिरोह पर बालोद पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की। आरोपियों से चोरी के करीबन सात लाख रूपये के सोने, चांदी के जेवर, नगदी रकम बरामद किए गए हैं। इनमें आरोपियों के कब्जे से 01 नग सोने का चैन, 01 नग सोने का मोटा चैन, 04 नग सोने का लॉकेट, 01 जोड़ी सोने का कंगन, 02 नग सोने का अंगूठी, 03 जोड़ी चांदी का पायल जेवर कीमती करीबन 5 लाख 45000/- रूपये का एवं 90 हजार नगदी व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल किमती 45000/- ,मोबाईल फोन जुमला कीमती करीबन सात लाख रूपये बरामद हुए है। पूछताछ में मालूम हुआ कि आरोपियो द्वारा पूर्व में भी थाना बालोद क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ के अन्य जिलो में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके है।

बालोद पुलिस द्वारा अलग अलग टीम बनाकर आरोपी की तलाश में मुम्बई एवं उत्तरप्रदेश की ओर रवाना हुए थे। इस दौरान सात दिन मुम्बई और बदांयू (यू.पी) में कैम्प करने के बाद सफलता मिली। इस तरह थाना बालोद क्षेत्र के पांच बड़ी चोरी का खुलासा हुआ है। मुख्य आरोपी रफत उर्फ पप्पू सहित चोरी का माल खरीदने वाला सोनार को भी गिरफ्तार किया गया है। इधर कई राज्यों की पुलिस घटना के मुख्य आरोपी रफत अली उर्फ पप्पू एवं उसके साथियों की तलाश में है। आरोपी रफत और उसके साथियों के विरूद्ध तेलंगाना, देहरादून, लखनऊ, नासिक, अजमेर एवं अन्य राज्यो में भी कई अपराध दर्ज है।

पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में होंगे और बड़े फैसले : विजय

उप मुख्यमंत्री ने सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे के प्रचार में दर्जन भर से अधिक नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित, कहा विकसित भारत के लिए मोदी जी जरुरी

कवर्धा/नवप्रदेश। देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी है उसे पूरा भी किया और लगातार कर रहे है , अब आप सबकी बारी है कमल पर बटन दबाकर मोदी को तिसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ।उपरोक्त बातें नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कही।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राजनंदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय को चुनाव में बड़ी जीत दिलाने के लिए दर्जनों नुक्कड़ सभा लेकर लोगों को जागरूक करते हुए मोदी की गारंटी के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने सभा में उपस्थित महिलाओं को कहा कि महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त की राशि आप सभी महिलाओं के बैंक खाता में आ गया है, तीसरी किस्त की राशि 1 मई को आपके खाता में डाल दी जाएगी, ऐसी सरकार कहां है जो महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करती हो, हमारे हम सबके विश्व प्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो विकास किया है, महिलाओं को सम्मान दिया है उन्हे आप और हम सबका सहयोग आशीर्वाद मिलना ही चाहिए. उन्होंने कहा देश से अलग विधान के साथ चलने वाले कश्मीर को अनुच्छेद 370 हटाकर भारत में जोड़ने का कार्य करने वाले प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जितने बड़े फैसले हुए है तीसरी पारी में और भी बड़े फैसले देश हित में होने शेष है .उन्होंने कहा हाल ही में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में जो संकल्प पत्र भाजपा ने जारी किया था वो मोदी जी की ग्यारंटी थी महज तीन माह में विष्णुदेव सरकार ने अपने संकल्प पत्र मोदी ग्यारंटी के प्रमुख ग्यारंटी को पूरा कर दिया है . महतारी वंदन से माताओं के खाते में 1 हजार प्रति माह आने लगे . किसानो का पूर्व का 2 वर्ष का बकाया बोनस आ गया . 21 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा पूरा करते हुए अंतर की राशि 925 रूपये भी एक मुस्त किसानो के खाते में आ गए . 18 लाख प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत हो गया . उन्होंने कहा यह चुनाव मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए है सांसद संतोष पांडे जी जीतकर लोकसभा पहुचंगे तब 400 का आकड़ा पार होगा . मोदी जी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है उसे पूरा करेंगे तब देश विकसित भारत ,मजबूत भारत बनने की दिशा में और तेजी से आगे बढेगा .विजय शर्मा ने अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ एक ही दिन में 10 नुक्कड़ सभाओं में कवर्धा ग्रामीण मंडल के ग्राम घुघरी खुर्द , नेवारी , बरबसपुर , सुखा ताल ,कवर्धा ,छिरहा ,धमकी ,बम्हनी में शामिल होकर जनता से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके 400 सीट जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने अपील की. सभाओं में मुख्य रूप से रामकुमार भट्ट,क्रांति गुप्ता कैलाश चन्द्रवंशी ,अनिल ठाकुर, दिनेश ,त्रिभुवन सिंह राजपूत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

चदनू में हमर पुलिस हमर बजार अभियान से ग्रामीणों को किया गया जागरूक

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ अभियान की शुरुआत किया गया हैं जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में 10 अप्रेल को ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ के माध्यम से थाना चंदनू स्टाफ के द्वारा चंदनू के हॉट/बाजार ग्राम में आस पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणो को चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं यातायात सड़क संकेत तथा किसी भी वाहन को चलाने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड, इन्श्योरेंस एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना कितना आवश्यक है, तथा इन सब में से एक के भी अभाव में कितना ज्यादा नुकसान हो सकता है इस संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही आमजन को साइबर अपराध, फर्जी काल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। सायबर पहरी के संबंध मे ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया। नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है।

बेमेतरा पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार÷ के माध्यम से चौपाल लगाकर लगातार हॉट/बाजार एवं गांव गांव में जाकर जागरूक किया जा रहा हैं।

पीएम मोदी ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया : डॉ. रेखा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्रीए प्रदेश महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष व राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की महिला मोर्चा की प्रभारी डॉ रेखा मेश्राम ने खुज्जी विधानसभा के तेलिनबांधाए चिरचारीए हालेकोसा में महिला शक्ति केंद्र की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी और देश की आधी आबादी के लिए मोदी जी की महिलाओं के प्रति जनहित कल्याणकारी योजनाएं व उनकी नीति और महिलाओं का जो मान सम्मान मोदीजी ने दिया हैए उसकी गारंटी के साथ संतोष पांडे जी पहले से भी अधिक मतों से जीतेंगे। आजादी के बाद सर्वाधिक दिनों तक कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने वाली एक महिला जिन्होंने अनेक सालों तक इस देश का नेतृत्व किया किंतु ना तो उनकी अच्छी सोच थी ना ही बहनों के प्रति कोई भावना थीए जिसके कारण महिलाओं को हमेशा लज्जित होना पड़ता था। प्रधानमंत्री मोदी जी ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाते हुए स्वच्छता अभियान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के माध्यम से पूरी महिलाओं का और देश की आधी आबादी का सम्मान बढ़ाया है। घर.घर मे शौचालय निर्माण कर ग्रामीण और श्रमिक बहुल क्षेत्र में निवासरत माता बहनों को दुभर जिंदगी जीने से निजात दिलाई है। महिलायें उससे आज काफी खुश हैंए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के माध्यम से आज बेटियों की शिक्षा दीक्षा से लेकर आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं आज बेटियों के सम्मान के लिए नई.नई योजनाएं तैयार कर मोदी जी ने जो 400 पार का लक्ष्य रखा है वह अवश्य ही पूर्ण होगा।

भाजपा की जीत से साकार होगा विकसित छग का सपना : भावना

पंडरिया/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव के तहत पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार सक्रियता के साथ जनसंपर्क कर भाजपा की उपलब्धियों एवं विकास कार्यो को जनता तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। जिस प्रकार उन्होंने विधानसभा चुनाव में क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों व अंतिम छोर तक जनता के बिच पहुंचकर उनकी समस्याओं से अवगत हुईं उसी प्रकार लोकसभा चुनाव में भी चुनाव प्रचार हेतु उनकी सक्रियता लगातार जारी है। गुरुवार को भावना बोहरा ने ग्राम सुरजपुरा, कोहड़िया, धरमगढ़, गोरखपुर, कुंआ, सेमरिया एवं कोसमंदा में जनसंपर्क किया और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

भावना बोहरा ने कहा कि मोदी जी की गांरटी से छत्तीसगढ़ आज एक नया अध्याय रच रहा है। आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के सुशासन में प्रदेश के विकास से लेकर जनसुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। जनता को उनका अधिकार मिल रहा है और सम्मान भी मिल रहा है। किसानों को समृद्ध बनाने से लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नरेंद्र मोदी जी व विष्णु देव साय जी द्वारा सराहनीय प्रयास एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। राजनांदगांव लोकसभा की जनता भी इन विकास कार्यों और नरेंद्र मोदी जी की उपलब्धियों से भलीभांति परिचित है। लगातार लोकसभा में जनता की आवाज बनकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं को प्रखरता से संसद में रखने वाले भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय पर जनता के इसी विश्वास से उन्हें पुनः जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं राजनांदगांव लोकसभा की जनता से अपील करती हूँ कि 26 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय जी के पक्ष में मतदान कर छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनायें।भावना बोहरा ने आगे कहा कि मोदी की गारंटी में हमने जो वादे किये हैं वो निरंतर पुरे हो रहें हैं।

व्यय अनुवीक्षण कार्य, टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें : प्रवीण

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव क्षे 06 लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में व्यय लेखा के संबंध में जिले के निर्वाचन कार्य में लगे नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने नोडल अधिकारियों से आचार संहिता के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय की जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल, कवर्धा एसडीएम श्री आशीष अनुपम टोप्पो, पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त सहित अधिकारी उपस्थित थे।

व्यय प्रेक्षक श्री रंजन ने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करे। विभिन्न व्यय कार्यों के लिए गठित टीम द्वारा डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। इस दौरान उन्होंने जिले के चेक पोस्ट में आयकर विभाग, आबकारी विभाग एवं आरटीओ विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमा में शराब के अवैध परिवहन एवं नगद राशि के जप्ती की कार्रवाई होते रहना चाहिए। बैंक भी सजग रहते हुए, संदिग्ध नगद राशि, ट्रांजेक्शन पर नजर रखेंगें। उन्होंने कहा कि उडऩदस्ता दल कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग की टीम के साथ समन्वय करते हुए कार्य करे। सभी वाहनों की चेकिंग लगातार होनी चाहिए। सजग एवं सतर्क रहते हुए सभी वाहनों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीडियो निगरानी दल अच्छी तरह से वीडियो बनाएंगे और वीडियो अवलोकन दल बारीकी से वीडियो का अवलोकन करेंगी। वीडियो प्रमाण के रूप में महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए अच्छी तरह से वीडियो बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि स्थैतिक निगरानी दल, उडऩदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल सहित अन्य दल चौकस होकर कार्य करेंगे।

जिले में अवैध शराब परिवहन और बिक्री करने वालों पर की जा रही लगातार कार्यवाही अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई ने गठित टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध शराब परिवहन और बिक्री करने वालों पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।

राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र तरेगांव जंगल, चिल्फी और पोलमी में चेकपोस्ट बनाया गया है, जहां आबकारी विभाग के अधिकारी 24 घंटा कार्यरत् है।

इन चेकपोस्ट में सीसीटीवी कैमरा से आने जाने वालें वाहनों का निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने ने बताया कि एफएसटी, एसएसटी, आबकारी, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 14 लाख 66 हजार 300 रूपए जप्ती किया गया है। चेकपोस्ट से 510.10 लीटर मदिरा लागत 1 लाख 14 हजार 874 रूपए जप्त, 100 ग्राम नशीली वस्तु लागत 1 हजार 780 रूपए, 490 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 03 वाहन लागत 1 लाख 49 हजार 500 रूपए जप्त किया गया है।

व्यय प्रेक्षक ने अंतर्राज्यीय, अंतर जिला चेकपोस्ट की देखी स्थिति

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन आज बुधवार को कबीरधाम जिले के निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए बनाएं गए अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला चेकपोस्ट का अवलोकन किया। व्यय प्रेक्षक श्री रंजन ने छत्तीगढ़-मध्यप्रेदश मार्ग पोलमी पर स्थित अंतर अंतराज्यीय चेकपोस्ट के आलावा अंतर जिला चेकपोस्ट खैरागढ़-कवर्धा सीमा ग्राम नरोधी, कवर्धा-मुंगेली सीमा पर स्थित ग्राम कांपादाह और ग्राम महका में स्थित चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने चेकपोस्ट में तैनात कर्मचारी और स्थैतिक टीम के कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने चेकपोस्ट में संधारित की जाने वाली रजिस्टर सहित आवश्यक दस्तावेज की जांच की। उन्होंने स्थैतिक दल और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अंतराज्यीय एवं अंतर जिला मार्ग से होकर गुजरने वाली सभी वाहनों की जांच करनी चाहिए साथ ही वाहन नंबर सहित आवश्यक जानकारी भी रजिस्टर में संधारित करें। निरीक्षण के दौरान पंडरिया एसडीएम श्री संदीप ठाकुर, सहसपुर लोहारा सुश्री आकांक्षा नायक विशेष रूप से उपस्थित थे।कबीरधाम जिले में एसएसटी दल द्वारा ग्राम कुकदूर, कांपादाह, महका, चिल्फी, दशंरगपुर, बिरोड़ा में बनाएं गए चेकपोस्ट पर निगरानी रखी।

न्यूज गैलरी

महुआ शराब के साथ आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गणेशपुर में लखनपुर पुलिस ने मुखबीर के सूचना पर आरोपी रामसुंदर राजवाड़े के कब्जे से वास्ते बेचने अवैध महुआ शराब रखा साढ़े पांच लीटर किमती साढ़े पांच सौ जप्त किया। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ किये जाने पर अवैध महुआ शराब रखने बेचने का वाजिब दस्तावेज पेश नहीं किया गया। आरोपी का कृत्य खिलाफ कानून पाये जाने से आबकारी एक्ट 34-(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

41 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दलों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण में अनुपस्थित 41 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए मतदान दल में ड्यूटी लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान 41 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थितो को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमति मेनका प्रधान ने बताया कि 02 से 04 अप्रैल तक और 06 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल और ग्राम पंचायत करही के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित कुल 41 अधिकारी-कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

राज्य फिडे रेटिंग शतरंज में जिले से 9 खिलाड़ियों की भागीदारी

मुंगेली/नवप्रदेश। छग शतरंज संघ द्वारा आयोजित आयु 17 बालक-बालिका राज्य स्तरीय फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन दुर्ग में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुंगेली जिले से 9 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। बालिका खिलाड़ियों में संजीवनी कुर्रे, सौम्या सिंह राजपूत, अंकिता घृतलहरे, बालक वर्ग में पियुष साहू, रूद्र शुक्ला, नागेंद्र टण्डन, प्रवीण कुमार कश्यप, यश शर्मा एवं अंशुल शर्मा है। इन सभी खिलाड़ियों का चयन जिला स्तर की स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। टीम के कोच ओमप्रकाश वन्दे तथा मैनेजर कामत प्रसाद कुर्रे एवं सूर्यकांत शर्मा है।

स्कूली बसों को कराना होगा फिटनेस टेस्ट, आदेश जारी

जांजगीर/नवप्रदेश। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कूली बस पलटने से 8 मासूम छात्रों की मौत हो गई। इस घटना से पूरा देश दहल गया है। इस घटना के बाद एसपी विवेक शुक्ला ने तत्काल आदेश जारी किया कि सभी स्कूली बसों का तत्काल फिटनेस टेस्ट कराने के लिए स्कूल संचालकों को आदेशित करें। ताकि कहीं भी इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति न हो। एसपी ने कहा कि सभी निजी स्कूलों की बसों का फिटनेस टेस्ट होगा। जिसमें वाहनों के कंडीशन सही सलामत हो। वाहन चालकों के हेल्थ चेकअप हो। कोई वाहन चालक नशे का आदी तो नहीं है। वहीं वाहन चालकों की आंखें सही सलामत दिखाई दे रही है कि नहीं। इन सभी बातों का जिक्र साफ साफ होनी चाहिए। ताकि जिले में किसी तरह की घटना न हो। गौरतलब है कि गुरुवार को हरियाणा में एक स्कूली बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बस में सवार 8 मासूम बच्चों की जिंदगी जमींदोज हो गई। इस घटना ने पूरे देश के लोगों का दिल दहला दिया है। इसके बाद निजी स्कूल के बसों के कंडीशन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस तरह की घटना कहीं भी दोबारा न हो जिसे देखते हुए एसपी विवेक शुक्ला ने आरआई प्रदीप जोशी से कहा कि सभी निजी स्कूल बसों का फिटनेस टेस्ट के लिए बुलाएं और सात दिन के भीतर फिटनेस टेस्ट करें।

हफ्तेभर रहेगा धूप-छांव का मौसम, पारा 40 से नीचे

रायगढ़/नवप्रदेश। शुक्रवार को एक बार फिर बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और तटीय राज्यों से लेकर उत्तर भारत तक द्रोणिका के असर के कारण मौसम बदला अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया। यह अप्रैल की शुरुआत के तापमान से 6 डिग्री कम है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 7-8 दिनों तक बादल और धूप आते जाते रहेंगे तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा।

अप्रैल के मध्य में मौसम हो रहे बदलाव के कारण गर्मी से राहत है तापमान 37 डिग्री तक जा पहुंचा दोपहर के वक्त तेज धूप के कारण गर्मी का एहसास हुआ, धान के साथ ही सब्जी के लिए भी अच्छा है मौसम- किसानों के मुताबिक रवि के धान के लिए यह बारिश अच्छी है इसके साथ ही हल्की नमी धूप छांव के साथ मामूली बूंदाबांदी सब्जी की खेती के लिए भी अनुकूलता पैदा करेगा। बारिश या भीषण गर्मी दोनों ही सब्जी के लिए नुकसानदायक है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्र ने बताया कि प्रदेश में रायगढ़ के साथ ही अन्य जिलों में मौसम खराब है। बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आ रही है, इसके साथ ही पड़ोसी राज्यों के साथ ही दक्षिण भारतीय राज्यों तक द्रोणिका का असर है। हालांकि अभी हफ्तेभर तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। तापमान में हल्की वृद्धि के बाद फिर से बादल छाने और बूंदाबांदी के असर है।

लोकसभा सीट के लिए 19 तक नामांकन

जांजगीर/नवप्रदेश। जांजगीर चांपा लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना के प्रकाशन के साथ नामांकन 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लिया जाएगा। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 22 अप्रैल तक उम्मीदवार नाम वापस लें सकेंगे। मतदान 7 मई को और मतगणना 4 जून को होगी। इसके लिए कलेक्टोरेट में चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 1 में नामांकन जमा होगा। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन 12 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। इसके लिए सुरक्षा जमा राशि, मतदाता सूची अवलोकन, प्रतिलिपि संबंधी कार्य वाहन चालक कक्ष कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर में किया जाएगा।

नाम निर्देशन के समय रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में एक अभ्यर्थी के केवल तीन वाहनों को अनुमति होगी एवं अभ्यर्थी समेत केवल 5 व्यक्ति को आने की अनुमति मिलेगी। नाम निर्देशन के लिए 12 से 19 अप्रैल तक (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। नामांकन केवल उम्मीदवार या किसी प्रस्तावक द्वारा ही दाखिल किया जा सकता है।उम्मीदवार आनलाइन नामांकन भी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें चुनाव आयोग की वेबसाइट में जाना होगा। आयोग ने नामांकन के लिए एप भी बनाया है। इसमें आनलाइन जमानत राशि जमा करने का विकल्प दिया गया है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को होगी। नाम वापसी की तिथि 22 अप्रैल है। कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के सामने पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। इसके लिए पंडाल तैयार किया गया है। वहीं नामांकन के दौरान कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश के बाद अधिकारी कर्मचारियों के कार्यालय में प्रवेश के लिए संकेतक लगाया गया है।

लोकसभा चुनाव में सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के लिए 25 हजार रूपये और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवार के लिए आधी राशि अर्थात 12 हजार 500 रूपये जमानत राशि निर्धारित है। यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है इसलिए यहां इसी वर्ग के उम्मीदवार प्रत्याशी होंगे और उन्हें साढ़े बारह हजार रूपये जमानत राशि जमा करना होगा। जांजगीर चांपा लोकसभा में 10 लाख 21 हजार 754 महिला मतदाता हैं जबकि 10 लाख 30 हजार 282 पुरूष मतदाता हैं। जबकि 26 थर्डजेंडर मतदाता हैं। इस तरह जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 20 लाख 52 हजार 62 है।

प्रोफेसर के साथ 69 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी

मुंगेली/नवप्रदेश। कॉलेज के प्रोफेसर के साथ 68970 रूपये की ऑनलाईन ठगी हुई। प्रोफेसर की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। गांधी वार्ड निवासी सोनकर कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत राज देवांगन 17 मार्च को शाम 4.17 बजे अमेजन एप के माध्यम से केम्पस नॉर्थ प्लस रनिंग शूज का आर्डर किया। जिसका भुगतान उसने 1196 रूपये किया। भुगतान फेल हो जाने के कारण पुनः 17 मार्च को शाम 4.32 बजे में उसने 1196 रूपये भुगतान किया, वह सफल रहा। किंतु उस राशि को चेक करने के लिए उसने गूगल में अमेजन का कस्टमर केयर नंबर खोजा तो उसे 917001720848 नंबर प्राप्त हुआ। उसने कॉल करके राशि को चेक करने एवं राशि वापस करने के लिए कहा तो उन्होंने उसे अब्वालडेस्क एप को डाउनलोड करने के लिए कहा। जिसे उसने डाउनलोड कर लिया तथा उसे अब्वालडेस्क एप के माध्यम से दिशा निर्देश करने लगा। उन लोगों ने प्रार्थी के फोन को हैक करते हुए स्क्रीन शेयर ऑप्शन भी ओपन कर लिया। उसके फोन पे से अपने फोन पे में उसकी राशि को ट्रांसफर कर दिया। जिससे उसके एसबीआई मुंगेली के एकाउंट नंबर 32876902255 यूटीआर 407733318714 से ट्रांजेक्शन एमाउंट 61458 रूपये 17 मार्च समय 5.22 बजे ट्रांसफर कर दिया गया। तत्पश्चात पुनः शाम 5.24 को फोन पे के माध्यम से 7512 रूपये ट्रांसफर कर दिया। जिसका पता चलते ही उसने साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 में काल कर घटना की जानकारी दी। इस तरह उसके एकाउंट से कुल 68970 रूपये फोन पे के माध्यम से ऑनलाईन फ्रॉड हुआ। घटना की शिकायत प्रार्थी ने सिटी कोतवाली थाने में दर्ज की। जिस पर पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

चैत्र अमावस्या पर धार्मिक कार्यक्रम

मुंगेली/नवप्रदेश। हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शारदा हाल श्रीराम मंदिर में ताम्रकार समाज का चैत्र अमावस्या पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान सहस्त्रबाहू की सामूहिक आरती की गई। इस अवसर पर सामाजिक विकास पर महिलाओं, युवाओं एवं समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार रखें।

चैत्र अमावस्या पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहू की पूजा अर्चना एवं सामूहिक आरती के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष प्राचार्य दिलीप ताम्रकार ने समाज के प्रतिभाशाली युवाओं के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन पर उन्हें बधाई देते हुये सभी लोगों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने की बात कही। समाज के वरिष्ठ सदस्य रामानंद ताम्रकार ने सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिये समय-समय पर बैठक एवं आपस में विचार विमर्श करने की बात कही। शंकर ताम्रकार ने महिलाओं को घर से बाहर निकलकर सामाजिक गतिविधियों में आगे आने तथा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम में सहभागिता की बात कही। शरद ताम्रकार ने पूर्व में कराये गये सामाजिक कार्यक्रमों की चर्चा करते हुये युवाओं को आगे आने की बात कही। अजय ताम्रकार ने समाज के सभी सदस्यों की बायोडाटा एकत्र करने तथा जन्म दिवस के अवसर पर उसे समाज की ओर से बधाई दिये जाने की बात कही। वैभव ताम्रकार ने सामाजिक भवन के संबंध में स्थल का चयन कर आगे की कार्यवाही के लिये समिति बनाकर कार्य को गति देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन संदीप ताम्रकार ने किया। चैत्र अमावस्या पर्व पर ही संदीप ताम्रकार के जन्म दिन होने पर केक काटकर उन्हें जन्म दिन की बधाई भी दी गई। इस अवसर पर समाज के अरूण डिग्गा ताम्रकार, रमेश ताम्रकार, रामकुमार ताम्रकार, कन्हैया ताम्रकार, जयकुमार ताम्रकार, मिनेश ताम्रकार, सुरेश ताम्रकार, अजय ताम्रकार, संजय ताम्रकार, कृष्णकुमार ताम्रकार, विक्रम ताम्रकार, कृष्णचंद ताम्रकार, सचिश ताम्रकार, राजेश ताम्रकार, वैभव ताम्रकार, अतुल ताम्रकार, शुभम ताम्रकार सहित महिलाएं एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

भाजयुमो ने लगाई नमो युवा जन चौपाल

जांजगीर/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल जांजगीर नैला के तत्वाधान में नमो युवा जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जांजगीर शहर के वार्ड नंबर 13 कहरा पारा विष्णु मंदिर, वार्ड नंबर 14 साथी मोहल्ला, वार्ड नंबर 23 शनि मंदिर, वार्ड नंबर 8 हाई स्कूल मैदान में नमो युवा जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। भाजयुमो नगर अध्यक्ष दिनेश राठौर ने भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिला, किसान, गरीबों एवं युवाओं सभी के कल्याण के लिए काम करती है और एक बार फिर से केंद्र में भाजपा की मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया जिसमें नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के बारे में बताया गया राम मंदिर निर्माण, वंदे भारत रेल के बारे में भी युवाओं से चर्चा किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो नगर अध्यक्ष दिनेश राठौर, महामंत्री सोनू यादव महामंत्री, छबी कश्यप नगर मंडल महामंत्री, विवेक शर्मा, हरि सोनवानी,गोलू दुबे, प्रदीप राठौर, कालू सेन, गज्जू कर्ष,अजय कौशिक,अभिषेक तिवारी,हेमंत भोजासिया एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

कांग्रेस की हुई विस स्तरीय बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। कांग्रेस भवन पड़ाव चैक में विस स्तरीय बैठक का आयोजन रखा था जिसमे संगठन के पदाधिकारी सभी प्राधिकरण के पदाधिकारीगण, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सभी अनुषांगिक संगठन, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित सभी जोन, सेक्टर, बूथ, के पदाधिकारी, एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को जीताने के लिए सहमति दी।

बिलासपुर लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र यादव जी के चुनाव प्रचार प्रसार के संदर्भ में विधानसभा स्तरीय बैठक कांग्रेस भवन पड़ाव चैक मुंगेली में प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी दिनेश शर्मा की उपस्थिति में यह बैठक रखी गई है,उक्त कार्यक्रम में तीनों अध्यक्षगण शहर अध्यक्ष ,ब्लॉक ग्रामीण एवं जरहागांव अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ तथा शहर,ब्लॉक से ,कांग्रेस के पदाधिकारी एवम कार्यकर्तागण बैठक मे उपस्थित हुए, कार्यक्रम में जिला प्रभारी दिनेश शर्मा ने कहा कि हमें बिलासपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को हर हालत में जीताना है और यहां से केंद्र में नेतृत्व देना है,फिर हमारी सबसे पहली आवाज रहेगी मुंगेली रेलवे लाइन को चालू करवाना अन्य और बहुत से विकास के मुद्दे हैं जिन्हें हम पूरा कर सकेंगे,ताकि केंद्र में बैठी हुई भ्रष्टाचारी एवं ताना शाही मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने में सहयोग करेंगे तथा 18 अप्रैल को बिलासपुर में नामांकन रैली में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस जनो को पहुंचने की अपील की,कार्यक्रम का संचालन स्वतंत्र मिश्रा ने किया कार्यक्रम में कांग्रेस विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी,पूर्व विधायक, पूर्व आयोग,निगम,मण्डल,बोर्ड, मंडी बोर्ड, प्राधिकरण के ,सभी पदाधिकारी गण,पूर्व एवम वर्तमान संगठन के पदाधिकारी सभी नपा अध्यक्ष, सदस्य,पार्षद,पूर्व एल्डरमैन जिपं, जनपद पंचायत के पदाधिकारीगण सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधि, सभी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवाकांग्रेस, एनएसयूआई, सभी अनुषांगिक संगठन, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित सभी जोन, सेक्टर, बूथ, के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

सियासत | आचार सहिता के दौरान कांग्रेस नेताओं के बयानों पर भाजपा की प्रेस कान्फ्रेस में नेताओ ने रखी बात

भाजपा की सरकार बनते देख कांग्रेस बौखलाहट में- गुलाब सिंह

जांजगीर/नवप्रदेश। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आ रहे बयान को लेकर भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने प्रेस वार्ता में बताया कि चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार अपशब्द कहे जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी उनकी बदजुबानी के एक-एक शब्द के जवाब देने को तैयार है। बस्तर कांग्रेस नेता कवासी लखमा ने कहा कि कवासी जीतेगा, मोदी मरेगा। राजनांदगांव की नामांकन सभा में चरणदास महंत का अमर्यादित बयान आया था। मोदी को लाठी से मारकर चीन भेज देना चाहिए। उन्होंने शिव डहरिया को गाली देने वाला नेता बताया, कांग्रेस विधायक के मंच पर रहते हुए नक्सली सूरजू टेकाम, जो इसी हफ्ते गिरफ्तार हुआ है। उन्होंने कहा था कि भाजपा के लिए वोट मांगने आने वालों को काट देना चाहिए। हालांकि बाद में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत भी हुई थी। पंजाब में मोदी के प्रवास के दौरान उन्हे घेरकर मारने की साजिश रची गई थी। प्रधानमंत्री बाल-बाल बच गए थे। खालिस्तानियों की रैली में मर जा मोदी, मर जा मोदी के नारे लगते रहे हैं। भाजपा की केन्द्र में सरकार बनते हुए और देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनते हुए देख पूरी कांग्रेस पार्टी बौखलाहट में किसी भी हद तक जा सकती है। इस मौके पर सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, अंबेश जांगड़े, लीलाधर सुल्तानिया, पुरुषोत्तम शर्मा, राम त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी सहप्रभारी मनोज मिश्रा, पंकज अग्रवाल, अभिमन्यु राठौर, संतोष लहरे, चंद्रकांत राठौर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नहर में डूबकर ढाई साल की बच्ची की मौत

जांजगीर/नवप्रदेश। अकलतरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी के नहर में ढाई वर्षीय नन्ही बालिका की दुखद मृत्यु हो गई है।

बच्ची रसेड़ा की बताई जा रही है। अकलतरा थाना से मिली जानकारी अनुसार रसेड़ा में रहने वाले कृष्ण कुमार गोंड़ का घर नहर के पास ही है।

आज कृष्ण कुमार गोंड़ की पत्नी पूर्णिमा गोंड़ दोपहर बारह बजे घर में काम कर रही थी। बच्ची कृतिका गोंड़ आंगन में खेल रही थी।

खेलते खेलते अचानक वह नहर के करीब चली गई और नहर में गिर गई। नहर में गिर कर बहते हुए वह ग्राम अर्जुनी के अटल चौक पर बहती नहर तक पहुंच गई, जब नहर में नहा रहे लोगों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। अकलतरा पुलिस ने आकर बच्ची को बाहर निकाला तो पाया की बच्ची मर चुकी है।

इधर बच्ची के माता-पिता भी बच्ची को खोजते हुए लोगों से पूछताछ कर रहे थे, तब लोगों से ही पता चला कि बच्ची की शव अर्जुनी नहर में मिली।

बच्ची की लाश देखकर माता-पिता और लोगों के साथ अकलतरा पुलिस की आंखें भी भीग गई थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर बच्ची के मृत शरीर को माता पिता को सौंप दिया है।

न्यूज गैलरी

उदयपुर में नवरात्रि पर माता की भक्ति में 12 वर्षीय कन्या

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के उदयपुर मे 12 वर्षीय कन्या ने नवरात्रि की भक्ति के लिए सीने पर मनोकामना %योत जलाई है । उदयपुर के साहू परिवार मे 12 वर्षीय कन्या दिलेश्वरी साहू ने सीने पर %योत जलवाने के साथ साथ 1480 कीलों से बने सिहांसन पर लेटी हुई । कीलो के बिस्तर पर नौ दिनों तक लेट कर सीनें पर जलाए %योत के साथ पूरा परिवार माता की भक्ति में जूटा हूआ है । 12 वर्षीय कन्या के इस तरह की भक्ति को देखने गांव सहित दूर दूर से बड़ी संख्या मे लोग पहुँच रहे है । सीने पर %योत जलाए दिलेश्वरी साहू ने कहा कि उन्हे माता ने %योति कलश स्थापना के लिए सपना दिया था । जिसकी सूचना उन्होने परिजनो को देते इसकी तैयारी शुरू की । परिजनों ने भी कन्या की माता के प्रति भक्ति देख इसमे अपनी सहमति दी । नवरात्रि पर्व के दौरान1480 कील वाले बिस्तर में लेटे हुए दिलेश्वरी के सीने में%योत जल रही है । दिलेश्वरी ने बताया की शाम को भोजन के रूप में केवल दो चम्मच दुबी का रस पीने से ही शक्ति मिल रही है । यही शक्ति के बदौलत नौ दिनों तक साधना से अपने सीने में %योति जला रखी है। इसे देखने के लिए आसपास ही नहीं दूरदराज के लोग भी पहुंच रहे है ।

डाकमत पत्र से मतदान के लिए 4 सुविधा केंद्र स्थापित

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तहत निर्वाचन पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए 4 केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान कर्मियों के लिए 14 एवं 15 अप्रैल को केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ और आदर्श शास. कन्या उ.मा.शा. खैरागढ़ तथा 25 अप्रैल को छ.ग. स्टेट वेयर हाउस पिपरिया में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हेतु सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार पुलिसकर्मी, होमगार्ड, वन विभाग के सुरक्षाकर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी और एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी के लिए 19, 20 एवं 21 अप्रैल को कलेक्टर परिसर स्थित कक्ष क्रमांक-19, आवक-जावक शाखा में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदाता मतदान कर सकते है।

कैदी की जेल में मौत, परिजन लगा रहे हत्या का आरोप

बलरामपुर/नवप्रदेश। रामानुजगंज जिला जेल में एक विचाराधीन कैदी की मौत हो गई है, जिसके बाद जेल प्रशासन पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं. जेल प्रबंधन ने बताया कि कुसमी थाना क्षेत्र का रहने वाला विचाराधीन कैदी राजकुमार दुष्कर्म के मामले में 8 महीने पहले जेल दाखिल किया गया था. आज कैदी के सीने में अचानक दर्द हुआ. जिला जेल में प्राथमिक उपचार के बाद रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. संबंधित मामले में चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कैदी की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी. स्वास्थ्य विभाग अब मृतक की हेल्थ हिस्ट्री खंगालने की बात कर रहा है. वहीं मृतक के परिजन जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाते हुए फॉरेंसिक टीम से जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं।

पंडरिया के तालाब में मरी मिली सैकड़ों मछलियां, मचा हड़कंप

सीएमओ कोमल ठाकुर मौके पर पहुंचे और जरूरी कार्रवाई करने की बात

कबीरधाम/नवप्रदेश। पंडरिया के तालाबों का पानी प्रदूषित होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ी गई है. तालाब की सैकड़ों मछलियां मरने लगी हैं. मछलियों की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने तालाब का पानी उपयोग करना बंद कर दिया है. गर्मी के दिनों में वैसे ही पानी की किल्लत रहती है. ऐसे में तालाब के प्रदूषित होने से लोगों की समस्या और बढ़ गई है. घरों के गंदे पानी से दूषित हुआ तालाब- पंडरिया नगर के दुर्गाबान्द तालाब और बांधा तालाब के आसपास बस्ती है. जिसमें रहने वाले लोगों के घरों से निकलने वाला सेप्टिक टैंक और बाथरूम का गंदा पानी तालाब में जाता है. इस वजह से तालाब का पानी प्रदूषित हो गया है. अब स्थिति यह है कि तालाब की मछलियां मरने लगी हैं. गुरुवार को बड़ी संख्या में मछली मर कर तालाब के पानी की सतह पर आने लगी. यह देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया. लोग तालाब के पानी का उपयोग करने से डर रहे हैं. लगातार सुख रहा तालाब- स्थानीय लोगों ने बताया, -पहले शहर में आठ से ज्यादा तालाब था. नगर के लोग नहाने, कपड़े धोने और जानवरों को पानी पिलाने के लिए इन तालाबों के पानी का उपयोग करते थे. काफी मात्रा में तालाब होने से शहर का जल स्तर भी बेहतर था. लेकिन स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के चलते तालाब एक-एक कर सूख रहे हैं. अब शहर में सिर्फ दो ही

तालाब बचे हुए है. प्रदूषित होने से तालाब का पानी उपयोग करना संभव नहीं है. प्रशासन जल्द ही तालाब को बचाने कोई पहल नहीं करेगा तो बहुत जल्द यह तालाब भी अपनी अस्तित्व खो देगा. फिर नगर में एक भी तालाब नहीं बचेगा.- - स्थानीय निवासी क्या कहती है प्रशासन- वार्डवासियों की शिकायत पर पंडरिया नगर पालिका के सीएमओ शुक्रवार को मौके पर पहुंचे. पंडरिया नगर पालिका सीएमओ कोमल ठाकुर ने बताया, -तालाब में मछली मरने की सूचना पर अपनी टीम के साथ मौके पर गया था. पता चला कि तालाब के आसपास रहने वाले लोग अपने मकान का गंदा पानी तालाब में गिरा रहे हैं. इस वजह से तालाब गंदा हुआ है और मछली मरने लगी है. हम पहले आसपास के मकानों का सर्वे करा कर नोटिस देंगे. साथ ही तालाब में जाने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए आसपास नाली निर्माण कराया जाएगा. ताकि लोग घरों का पानी तालाब की जगह नाली में भेजे। कोमल ठाकुर, सीएमओ, पंडरिया नगर पालिका तेजी से घटता भूजल स्तर चिंता का विषय- कवर्धा जिले में तेजी से घटता भूजल स्तर चिंता की वजह बनी हुई है. शासन और प्रशासन के अलावा जिलेवासी पानी की समस्या को लेकर काफी चिंतित है. शासकीय, निजी भवनों और कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना अनिवार्य है. यहां के तालाबों और नहरों को पुनर्जीवित कर बारिश के पानी को सहेजने का प्रयास किया जा रहा है. लेकिन पंडरिया के नगरीय प्रशासन को इससे कोई लेना-देना नहीं है।

200 कांग्रेसियों ने किया भाजपा प्रवेश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। किरंदुल में दंतेवाड़ा 7 भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव,कैबिनेट व प्रभारी मंत्री केदार कश्यप,लोकसभा प्रभारी महेश जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी आज किरंदुल पहुंचे और भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया और सभी नेताओं की उपस्थिति में विश्व के लोकप्रिय नेता व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर कांग्रेस के जिला महामंत्री तपन दास,कोड़ेनार सरपंच मिना मंडावी समेत 200 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया 7 किरण देव,केदार कश्यप,महेश जैन एवं चैतराम अटामी ने सभी का भाजपा का गमछा पहना कर स्वागत किया 7 कैबिनेट व प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा का मुहर लगाकर और भाजपा की रीती निति से प्रभावित होकर आप जितने भी लोगो ने भाजपा प्रवेश किया सबका स्वागत है अभिनन्दन है और फिर से बस्तर में कमल खिलाकर अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ भाजपा को जिताना है 7 प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रदेश सरकार की उपलब्धिया गिनाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे हुए हैं और ये 100 दिन कांग्रेस के भूपेश सरकार के 05 वर्ष पर भारी है 7 मात्र 3 महीने में मोदी की गारंटी में जो हमारी पार्टी का जो वादा था छत्तीसगढ़ की जनता से, अधिकांश विष्णु सरकार ने पूरा किया है।18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति हुई है।13 दिसंबर को विष्णु सरकार ने शपथ ली और 14 दिसंबर को ही पहली कैबिनेट बैठक बुलाकर 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दिए है।अगले महीना से सब का धड़ाधड़ प्रधानमंत्री आवास बनना शुरू हो जाएगा। हमारे किसानों को उम्मीद नहीं थी कि 2 साल का बकाया बोनस मिल जाएगा। विष्णु सरकार आई तो 25 दिसंबर के दिन हमारे छत्तीसगढ़ के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस को 12 लाख से ज्यादा किसानों का 2 साल का बकाया बोनस 3716 करोड़ रुपया देने का काम छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने किया।21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से बंपर धान की खरीदी हो रही है । 24.75 लाख से ज्यादा किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत भी दी। महतारी वंदन योजना में 70 लाख से ज्यादा माता बहनों को 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में 655 करोड़ रुपया उनके खाते में ट्रांसफर किया गया। प्रदेश के बेटे-बेटियों के साथ पीएससी में धोखाधड़ी हुई। उसकी सीबीआई जाँच का वादा भी भाजपा सरकार ने पूरा किया है। श्री देव कहा कि तेंदूपत्ता, जिसको हरा सोना बोलते हैं, के संग्रहण कार्य से लाखों परिवार लाभान्वित होते हैं। हमारी सरकार ने प्रति मानक बोरा 5500 रुपए की दर से तेंदूपत्ता खरीदने का निर्णय लिया है। चरण पादुका योजना, आदिवासी बच्चों को स्कॉलरशिप की पुरानी व्यवस्था फिर से हमारी सरकार चालू करने वाली है। जो भूमिहीन मजदूर हैं, किसान हैं, उनको 10 हजार रुपए साल में देने का निर्णय सरकार ने किया है।

एक लाख का ईनामी नक्सली व 2 फरार वारंटी नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान एवं वारंटियों के विरूद्ध कार्यवाही में थाना फरसेगढ़ एवं छसबल 13/ई कंपनी की संयुक्त कार्यवाही में एमसीपी के दौरान सागमेटा से एक लाख का ईनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष जोगी पूनेम पिता मासा राम पूनेम निवासी कोकेरगुटटा हाल ओडसनपल्ली थाना फरसेगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य मामले में थाना तोयनार एवं छसबल 19 वाहिनी की संयुक्त कार्यवाही में लम्बे समय से फरार दो नक्सलियों कामैया पिता राम किस्टू ग्राम मोरमेड़ थाना तोयनार एवं मंगलू गोड़ पिता गुज्जा गोड़ निवासी तुमनार थाना बीजापुर को गिरफ्तारकिया गया है। कामैया के विरूद्ध थाना तोयनार में 2 एवं मंगलू के विरूद्ध 1 स्थाई वारंट थाना में लंबित है। गिरफ्तार एक लाख का ईनामी नक्सली जोगी पूनेम संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत था एवं प्रतिबंधित नक्सली संगठन के लिए बैनर पोस्टर लगाने, क्षेत्र में आईईडी लगाने, ग्रामीणों को मीटिंग में शामिल करने, क्षेत्र के युवक-युवतियों को नक्सली प्रशिक्षण के लिये उत्प्रेरित करने जैसे कार्य करता था, 25 नंवबर 2023 को नक्सलियों की मीटिंग में गुज्जाकोंटा ग्राम के ग्रामीण एवं उसके परिवार के साथ मारपीट करने एवं घर से मवेशी, राशन सामग्री एवं नगद राशि लूट की वारदात में शामिल था। गिरफ्तार तीनों नक्सलियों के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ एवं तोयनार में पृथक-पृथक कार्यवाही उपरान्त आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

चुनाव प्रचार में ग्राम मुरा पहुंचे बृजमोहन का पूर्व आईएएस ने किया स्वागत

खरोरा/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी छत्तीसगढ़ के शिक्षा, संस्कृति व पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने ग्रामीण चुनाव प्रचार के तहत धरसींवां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरा का दौरा किया। मुरा में सर्वप्रथम उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखन लाल मिश्र के प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया7

इसके बाद बृजमोहन अग्रवाल ने मिश्रा परिवार के कुलदेवी माँ महामाया मन्दिर में पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली के साथ-साथ इस लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत की कामना की एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा के 400 पार का लक्ष्य नारा दोहराते हुए लोगों से कमल छाप पर वोट देने की अपील भी तत्पश्चात् स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र सेवानिवृत आई.ए.एस. एवं भाजपा नेता श्री गणेश शंकर मिश्रा ने ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा की, रायपुर लोकसभा के धरसींवां विधानसभा क्षेत्र से बृजमोहन अग्रवाल को कम से कम 1 लाख से भी अधिक वोट से जीत दिलाएं, किया। इस अवसर पर वर्तमान सांसद सुनील सोनी गणेश शंकर मिश्र भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश पर्यावरण प्रभारी, पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता विधान मिश्रा जगदीश वर्मा शक्ति केंद्र संयोजक मुरा, केवरा बाई वर्मा उपाध्यक्ष सहित सैकड़ों ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

प्रदेश में पहली बार गणना के साथ जटायु को बचाने काम

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश में पहली बार जटायु (गिद्ध) का गणना किया जा रहा है। ये देश में 99 प्रतिशत विलुप्त हो चुके है जिसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। अचानकमार टायगर रिजर्व के 500 किमी के दायरे में आने वाले छत्तीसगढ़ के 10 व मध्यप्रदेश के तीन जिलों में गणना किया जाएगा। अब तक प्रदेश के बिलासपुर, मुंगेली व कटघोरा वन मंडल में गणना का काम पूरा हो गया है, इसके बाद कबीरधाम में गणना का काम शुरू हो गया है। अचानकमार टायगर रिजर्व के वल्चर कंजरवेशन एसोसिएट श्री अभिजीत शर्मा व उनकी टीम सर्वे कर रहे है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम में कवर्धा वनमंडल अंतर्गत पूर्व में व्हाइट रम्प्ड वल्चर (बंगाल का गिद्ध) पाये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जिसका सर्वे टीम के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में सर्वे के दौरान इजिप्शियन वल्चर (सफेद गिद्ध) पाये जाने की पुष्टि की गया है। श्री अभिजीत शर्मा ने बताया कि तेजी से विलुप्त हो रहे गिद्धों की प्रजाति के संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अचानकमार टायगर रिजर्व में चल रहे गिद्ध संरक्षण परियोजना अंतर्गत प्रदेश में शेष बचे गिद्धों की गणना और उनके आवास की खोज की जा रही है। गिद्धों के लिए शुद्ध और खतरनाक दवाओं से मुक्त वातावरण वाले क्षेत्र की स्थापना इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही प्रदेश में वो इलाके जहां गिद्ध अपने प्राकृतिक

आवास में पाए जा रहे हैं, वहां उनके फूड मैनेजमेंट को बेहतर करने की पहल की जा रही है। श्री शर्मा ने बताया कि 1990 के पूर्व गिद्ध आसानी से लोगों को नजर आ जाते थे 1990 से 2008 इसके बाद अब दिखाई नहीं देते। इसके पीछे का प्रमुख कारण मवेशियों पर जहरीली दवाओं का इस्तेमाल करना है। सस्ती होने के कारण यह दवाई बाजार में आसानी से लोगों को उपलब्ध होने लगी इसका गंभीर असर गिद्धों पर पड़ा। मृत मवेशियों के शरीर में डाइक्लोफिनेक मांस के जरिए गिद्धों की पेट तक पहुंच गया और उनकी किडनी को फेल करने लगा व गिद्धों की मौत शुरू हुई। हालांकि जानकारी सामने आने के बाद भारत सरकार ने डाइक्लोफिनेक, एसिक्लोफेनेक और केटोप्रोफेन दवा को गिद्धों के लिए खतरनाक पाए जाने पर बैन किया गया।

वनमंडलाधिकारी कवर्धा श्री शशि कुमार ने बताया कि जिले के वनांचल क्षेत्र में गिद्धों की सर्वे किया जा रहा है। यह काम सोमवार से शुरू हुआ है जो कि एक हफ्ते के भीतर पूरा हो जाएगा। पूरे देश में गिद्ध विलुप्ति के कगार पर है, सर्वे रिपोर्ट आने के बाद इनकी संरक्षण को लेकर काम किया जाएगा।

लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कड़ी, पारदर्शिता जरुरी: प्रेक्षक शशि

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव हेतु लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 06 के नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन एवं पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए मतदान केंद्रों पर तैनात सूक्ष्म पर्यवेक्षकों के लिए पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसमें पारदर्शिता बहुत अनिवार्य है। इसलिए चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों की भूमिका और अहम हो जाती है। उन्होंने सभी सूक्ष्म पर्यवेक्षकों से अपनी ड्यूटी को निष्ठा पूर्वक पालन करने का आह्वान करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान उन्हें सजग और निष्पक्ष

पर्यवेक्षण सुनिश्चित करना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि कर्मचारियों का यह दायित्व है कि वह मतदान प्रक्रिया को नियमों और मापदंडों के अनुसार संपन्न करवाएं। प्रशिक्षण में सूक्ष्म प्रेक्षकों को उनके कर्तव्यों व दायित्वों को विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदान प्रारंभ होने के 90 मिनट पूर्व मतदान केंद्र पहुंच जाना है और मॉक पोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है।

52 गांवों की अधिष्ठात्री हैं मां अंगारमोती

गंगरेल बांध के किनारे विराजित हैं अंगिरा ऋषि की पुत्री मां अंगारमोती

धमतरी/नवप्रदेश। गंगरेल बांध के किनारे विराजित वनदेवी मां अंगारमोती दाई हजारों साल से 52 गांवों की अधिष्ठात्री देवी बनी हुई हैं। पहले माता गंगरेल में विराजित नहीं थीं। 1976 में गंगरेल बांध के अस्तित्व में आने पर धमतरी जिले के 52-54 गांव डूब प्रभावित हो गए वहां के लोग अपना मूल निवास छोड़कर इधर - उधर बस गए। इस डुबान प्रभावितों के जीवन संघर्ष में हमेशा साथ देने वाली वनदेवी मां अंगारमोती भी अपना स्थान चंवर गांव को छोड़कर ग्राम गंगरेल के बांध किनारे वनों से अच्छादित नदी किनारे विराजित हो गई। तब से लेकर अब तक अनगिनत श्रद्धालुओं की मनोकामना झोली भरते आ रही हैं। मंदिर परिसर में भंगा राम बाबा की मूर्ति भी स्थापित है, जहां महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई ने बताया कि कुछ महीने पहले ही माता की मूर्ति के पीछे छोटी सी माता की बगिया सजाई गई है। बगिया में मनकेशरी देवी को स्थापित किया गया है। मंदिर में माता के श्रद्धालुओं के द्वारा 2821 मनोकामना ज्योत जलाए गए हैं। जिसमें 883 घृत और 1938 तेल के अलग अलग कक्षों में ज्योत जल रहे हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि मां अंगारमोती अंगिरा-अंगार ऋषि की पुत्री है। माता डुबान के चंवर गांव में कब से विराजित हैं, यह उन्हें ठीक-ठीक तो नहीं मालूम पर उनके पूर्वज हजारों साल पहले की बताते हैं। श्री नेताम ने बताया कि जब बांध नहीं बना था तो माताजी सूखा नदी और महानदी के बीच में स्थित एक टापू पर विराजित थीं। तब उस क्षेत्र के चंवर, बटरेल, कोकड़ी, कोरलमा जैसे 52 गांव के लोग पूजा करने आते थे। जब बांध बना तो गांव डूबने लगा तब उसे उठाकर वहां से गंगरेल में विराजित किया गया।

कलेपाल गांव में इस बार कम मतदान होने की संभावना, विस में हुआ था भारी मतदान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेपाल गांव बस्तर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिले के सरहदी इलाके में बसा हुआ है। साल 2023 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कलेपाल गांव तब सुर्खियों में आया। जब पहली बार इस गांव में मतदान केंद्र खोलकर वोटिंग कराई गई। इसमें रिकॉर्ड मतदान हुए,अब एक बार फिर 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाने हैं लेकिन इस बार कलेपाल का मतदान प्रतिशत कम हो सकता है। साल 2023 में विधानसभा चुनाव होने के बाद कलेपाल के ग्रामीणों में उम्मीद जगी कि अब उन्हें वोट डालने के लिए जंगल से और पहाड़ों से ऊबड़ खाबड़ रास्ते पर नहीं करने पड़ेंगे। लेकिन उनका ये उत्साह कुछ दिनों तक की रहा। लोकसभा चुनाव में बिसपुर में बनाया गया मतदान केंद्र: प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के

लिए बिसपुर में मतदान केंद्र बनाया है। जो गांव से 30 से 35 किलोमीटर दूर है। विधानसभा चुनाव 2023 से पहले यहां के वोटर्स को बिसपुर ही वोट डालने के लिए जाना पड़ता था जिससे वोट प्रतिशत कम रहता था लेकिन कलेपाल में पोलिंग बूथ बनाए जाने पर वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई। कलेपाल के लोगों को लोकसभा चुनाव के लिए भी कलेपाल में ही वोटिंग को लेकर उम्मीद थी। लोकसभा चुनाव के लिए कलेपाल के मतदाताओं के लिए बिसपुर में मतदान केंद्र बनाया गया है।

दहशत 70 से 80 गांव हाथी प्रभावित, कई ग्रामीणों की जा चुकी है जानें, हर वक्त दहशत में रहते हैं ग्रामीण रहवासी

प्रशासन के सामने हाथी प्रभावित इलाके में वोटिंग कराने की चुनौती

जशपुर/नवप्रदेश। रायगढ़ लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले जशपुर में 7 मई को मतदान होना है। प्रशासन की तरफ से युद्ध स्तर पर मतदान की तैयारियां की जा रही है. लेकिन जशपुर जिला हाथी प्रभावित होने के कारण कुनकुरी विकासखंड के लोटापानी और अंबाचुंआ में मतदान में सुरक्षा को लेकर प्रशासन, वन विभाग और हाथी मित्र अलर्ट मोड पर है. लोटापानी स्कूल में बना मतदान केंद्र- लोटापानी प्राथमिक स्कूल को 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए होने वाली वोटिंग के लिए मतदान केंद्र बनाए गए है. यहां 257 मतदाता है. लेकिन ये क्षेत्र पूरी तरह से जंगल से लगा हुआ है. आए दिन हाथी स्कूल के पास पहुंच जाते हैं. कुछ दिन पहले दो हाथी स्कूल के पास पहुंचे, स्कूल का बाउंड्रीवॉल तोड़ा और स्कूल परिसर में घूमते हुए आगे बढ़ गए. प्राथमिक स्कूल से ही लगा हुआ आंगनबाड़ी केंद्र भी है. जहां छोटे छोटे बच्चे पहुंचते हैं. स्कूल के स्टाफ ने बताया

कि हाथी के आने का कोई समय नहीं है. अक्सर सुबह सुबह हाथी स्कूल के पास पहुंच जाते हैं. हाथी को लेकर काफी दहशत बनी रहती हैं. लोटापानी बूथ हाथी प्रभावित होने के कारण असुरक्षित है. मतदान दल रात के समय ठहरते हैं ऐसे में उन्हें खास सुरक्षा व्यवस्था देना जरूरी है. गुरुवार को भी दो हाथी प्राथमिक स्कूल के पास पहुंच गए थे. -शाहीन नाज, प्रधानपाठक, लोटापानी प्राथमिक स्कूल, जशपुर कुनकुरी विकासखंड के अंबाचुंआ प्राथमिक स्कूल में भी 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है. यहां कुल 394 मतदाता हैं. हाथियों के मामले में ये क्षेत्र काफी संवेदनशील माना जाता है. इस क्षेत्र में झारखंड और ओडिशा दोनों ही तरफ से हाथी आ धमकते हैं. वन विभाग को सूचना मिली है 30 से 35 हाथियों का दल अक्सर इस क्षेत्र में घूमता रहता है. बुधवार को भी वन विभाग को दो हाथियों के अंबाचुंआ स्कूल के आसपास दिखने के बारे में पता चला जिसके बाद टीम ने गश्ती बढ़ा दी है. -हाथी का मूवमेंट अक्सर शाम को होता है।

सतत पुनरीक्षण में बढ़ गए विस में मतदाताओं की संख्या पहुंची 2,22,358

खैरागढ़ । मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद भी जारी सतत पुनरीक्षण कार्य के बाद लोकसभा चुनाव के तहत विधानसभा की अंतिम मतदाता सूची 826 मतदाता फिर से बढ़ गए । 8 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के दौरान विधानसभा मे कुल मतदाताओं की संख्या 2,21,532 थी जो बढ़कर अब 2,22,358 हो गई है । 8 फरवरी के बाद सतत पुनरीक्षण, बीएलओ और आनलाइन आए नाम जोड़ने अभियान के तहत कुल 826 लोगों के नाम मतदाता सूची मे दर्ज किए गए। निर्वाचन अधिसूचना के दौरान नाम वापसी प्रक्रिया के बाद 4 अप्रैल की स्थिति मे बढ़े इसी मतदाता सूची से अब विधानसभा मे मतदान संपन्न किया जाएगा । नए जुड़े मतदाताओं के तहत विधानसभा मे महिला और पुरुष मतदाताओं के अनुपात मे और कमी आ गई है ।

रिकॉर्ड ऊंचाई पर निफ्टी कई सेक्टर में बढ़त

मुंबई। निफ्टी 0.49 फीसदी या 111.1 अंक की बढ़त के साथ 22,753.8 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी ने एक हाई वेव का कैंडल बनाया और रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। हालांकि, इसके बावजूद ट्रेडिंग का वॉल्यूम पहले के स्तर तक नहीं पहुंचा। आगे कुछ दिनों तक निफ्टी 22,529-22,775 बैंड में रह सकता है।

फार्मा और ऑटो को छोड़कर बुधवार को सभी सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, तेल और गैस, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और मेटल 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहे। पीएसयू बैंकों में तेजी के चलते बैंक निफ्टी भी बुधवार को रिकॉर्ड ऊंचाई 49,057 पर पहुंच गया। अमेरिका मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करेगा। बाजार अपने आगे की राह में वहां से संकेत ले सकता है। साथ ही, ईसीबी ब्याज दर निर्णय की घोषणा गुरुवार को की जाएगी। असित सी. मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स के अनुसार, मजबूत वैश्विक संकेतों से उत्साहित भारतीय इक्विटी बाजार बुधवार को गैप के साथ खुला। स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों की अगुवाई में बढ़त के साथ व्यापक सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि मीडिया, तेल और गैस, मेटल, एफएमसीजी, पीएसयू बैंक और आईटी शेयरों में खरीददारी देखी गई, जबकि फार्मा सेक्टर दबाव में रहा।

एलन मस्क भारत में शुरू कर सकते हैं सस्ती स्टारलिंक इंटरनेट सेवा

नई दिल्ली। एलन मस्क द्वारा संचालित एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स द्वारा पेश की जाने वाली एक किफायती उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक ने दुनिया के दूरदराज और दुर्गम हिस्सों में लोगों के वेब तक पहुंचने के तरीके को बदल दिया है। क्या मस्क इस महीने के अंत में अपने भारत दौरे के दौरान इस इंटरनेट सेवा की घोषणा करेंगे? भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, कई असफल प्रयासों के बाद स्टारलिंक भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार है, जिसके करीब 92 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहक हैं।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम और भारती एयरटेल इस समय ब्रॉडबैंड बाजार में अग्रणी हैं। इसके बाद वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल हैं। नियामक बाधाओं को दूर करने के बाद स्टारलिंक को जल्द ही लाइसेंस मिलने की तैयारी है। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में दूरसंचार विधेयक 2023 पारित किया था, जो नीलामी में भाग लेने की जरूरत के बिना उपग्रह-आधारित सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की अनुमति देता है। यह कदम वनवेब, मस्क के स्टारलिंक और अमेजन के कुइपर जैसी कंपनियों के पक्ष में है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण विकास गति के दौर का अनुभव कर रही है। सीएमआर के इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप (आईआईजी) प्रमुख प्रभु राम ने बताया, मस्क की यात्रा के साथ स्टारलिंक का संभावित आगमन भारत की संपन्न डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एक और उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकता है। बढ़ी हुई डिजिटल पहुंच 'आकांक्षी भारत' में नागरिकों को सशक्त बनाएगी, उद्यमिता की लहर को बढ़ावा देगी, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच बढ़ाएगी और डिजिटल कार्यबल में भागीदारी बढ़ाएगी। सभी स्टारलिंक सदस्यता योजनाओं में बिना किसी दीर्घकालिक अनुबंध या प्रतिबद्धता के जमीन पर असीमित हाई-स्पीड डेटा शामिल है। स्टारलिंक उपयोगकर्ता 220 एमबीपीएस तक की डाउनलोड गति प्राप्त कर सकते हैं, जिनमें से अधिकांश को 100 एमबीपीएस से अधिक की गति प्राप्त होती है। भारत में स्टारलिंक सेवाओं की लागत फिलहाल ज्ञात नहीं है। अमेरिका के ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के लिए बुनियादी स्टारलिंक वाई-फाई असीमित इंटरनेट अनुबंध के लिए 120 डॉलर प्रति माह है। साथ ही, अन्य डेटा प्लान भी हैं।

छत्तीसगढ़ के बाजार में कामधेनु लिमिटेड का मजबूत प्रदर्शन

एक वर्ष में अपने ब्रांड 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता में सफलतापूर्वक विस्तार किया

रायपुर। भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है की कंपनी ने पिछले एक वर्ष में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने सफलतापूर्वक अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता को एक वर्ष में 3.5 लाख मीट्रिक टन से बढ़ा कर 5 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। चैनल पार्टनर नेटवर्क भी जो 2023 में 1200 डीलर था, वो बढ़कर 1350 तक विस्तारित हो गया है।

राज्य में इंफ्रा और स्टील की बढ़ती माँग को देखते हुए कामधेनु लिमिटेड ने अगले साल के अंत तक कामधेनु नेक्स्ट टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 6 लाख मीट्रिक टन करने की योजना बनाई है। इस संशोधित क्षमता का समर्थन करने के लिए, कंपनी अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी विस्तारित कर, 100 और डीलरों और वितरकों को जोड़ेगी।

कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, हम छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट' की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है।

कामधेनु नेक्स्ट' कामधेनु में प्रचलित विश्व स्तरीय अनुसंधान एवं विकास और अभिनव उत्पाद विकास का एक उत्पाद है। 2.5 गुना मजबूत कंक्रीट-स्टील इंटरलॉक के साथ, कामधेनु नेक्स्ट ऐसी विशेषताएं प्रदान करता है जो इंजीनियर मज़बूत संरचनाओं और स्मार्ट आर्किटेक्चरल अवधारणाओं में नए युग की आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं। उन्होंने आगे कहा की, कामधेनु इस क्षेत्र में उभरती जरूरतों को पूरा करने और बाजार में तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए विश्व स्तर के उत्पादों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, उन्होंने आगे कहा।

इस्टाग्राम धुंधली हो जाएगी मैसेज में आने वाली अश्लील सामग्री

लंदन। युवाओं की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम नए उपाय कर रहा है। इसमें ऐसी सुविधा भी शामिल है, जो मैसेज में आने वाली अश्लील सामग्री को स्वतः धुंधला कर देगी। युवाओं की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम नहीं उठाने के लिए इंस्टाग्राम और अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

प्लेटफॉर्म ने गुरुवार को ब्लॉग पोस्ट में कहा कि वह यौन उत्पीड़न और छवि दुरुपयोग की घटनाओं से निपटने और अपराधियों के लिए किशोरों से संपर्क बनाना कठिन करने के लिए कई उपायों का परीक्षण का रही है।

इंस्टाग्राम ने कहा कि अपराधी अंतरंग तस्वीरों को मांगने के लिए सीधे मेसेज का उपयोग करते हैं। इसे रोकने के लिए जल्द ही नग्नता संरक्षण सुविधा का परीक्षण शुरू किया जा रहा है और यह सुविधा नग्नता वाली तस्वीरों को स्वतः धुंधला कर देगी और लोगों को नग्न तस्वीरें भेजने से पहले दो बाद सोचने के लिए प्रोत्साहित करेगी। बता दें कि यौन उत्पीड़न अथवा 'सेक्सटार्शन' में किसी व्यक्ति को अश्लील तस्वीरें ऑनलाइन भेजने के लिए राजी करना और फिर पीड़ित को पैसों के लिए अथवा संबंध नहीं बनाने पर तस्वीरों को सार्वजनिक करने की धमकी देना शामिल है।

देशभर में जीओ की सर्विस ठप मोबाइल इंटरनेट और जीओ फाइबर नहीं कर रहे काम

नई दिल्ली। टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो की सर्विस गुरुवार को देशभर में ठप हो गईं हैं। जियो यूजर्स ने इसकी शिकायत सोशल मीडिया पर दर्ज कराई है। जियो यूजर्स को मोबाइल इंटरनेट और जियोफाइबर इस्तेमाल करने में दिक्कत आ रही है। इतना ही नहीं, कुछ छ्वद्बश्च यूजर्स का ये भी कहना है कि वे अपने छ्वद्बश्च सिम का उपयोग करके कॉल भी नहीं कर पा रहे हैं। रियल टाइम आउटेज रिपोर्टिंग वेबसाइट Downdetector ने भी जियो नेटवर्क को लेकर मिल रही शिकायतों को कंफर्म किया है। Downdetector के अनुसार, दोपहर 1.50 बजे तक 700 से अधिक लोगों ने छ्वद्बश्च इंटरनेट सर्विस को लेकर रिपोर्ट की है, जिनमें से 51 प्रतिशत शिकायतें JioFiber के लिए, 42 प्रतिशत मोबाइल इंटरनेट नेटवर्क के लिए थीं और कॉल के लिए 7 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की। इतना ही नहीं, कुछ यूजर्स ने BGMI और Free Fire MAX जैसे गेम खेलने के दौरान आ रही नेटवर्क इश्यू को लेकर शिकायत की है। इतना ही नहीं, कुछ जियो यूजर्स का कहा कहना है कि वे अपने डिवाइस में घंटों तक इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि, Jio की तरफ से यूजर्स की शिकायतों पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन डाउनडिटेक्टर पर ग्राफ अभी भी लाल रंग में है, जिसका अर्थ है कि यूजर्स वर्तमान में समस्याओं के बारे में रिपोर्ट कर रहे हैं।

खेल, मनोरंजन

सुमित नागल मोंटे कार्लो से बाहर टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती खत्म

स्पोर्ट्स डेस्क। होल्गर रुने (दाएं) ने नागल को दो घंटे 11 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 3-6, 6-2 से हराया। भारत के नंबर-1 टेनिस प्लेयर सुमित नागल रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स से बाहर हो गए हैं। उन्हें दूसरे राउंड में वर्ल्ड नंबर-7 होल्गर रुने ने हराया। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती खत्म हो गई। दूसरे राउंड में बारिश से बाधित मैच में रुने ने नागल को दो घंटे 11 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 3-6, 6-2 से हराया।

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियन पार्टनर मैथ्यू एब्डेन बुधवार को मोंटे कार्लो मास्टर्स 2024 में मेंस डबल्स इवेंट के 32वें राउंड में हार गए। यह जोड़ी एक घंटे 16 मिनट तक चले मैच में अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवलो और क्रोएशिया के मेट पाविक से 3-6, 6-7 (6-8) से हार गई। इस जोड़ी ने इस साल की शुरुआत में 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था। सुमित नागल 42 साल बाद रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 1982 में रमेश कृष्णन ने सिंगल्स इवेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई थी।

सुमित नागल का इस साल प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर जीत के साथ शुरुआती की थी। इसके बाद, उन्होंने चेन्नई ओपन में जीत हासिल की और ्रञ्जक्क रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। पिछले सप्ताह की शुरुआत में नागल ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की थी।

मोंटे-कार्लो मास्टर्स मेंस प्रोफेशनल प्लेयर्स का टेनिस टूर्नामेंट है, फ्रांस के रोकेब्रून-कैप-मार्टिन में खेला जाता है। यह मोंटे कार्लो कंट्री क्लब में क्ले कोर्ट पर खेला जाता है और अप्रैल में होता है।

हमारी गेंदबाजी में उतने हथियार नहीं हैं : डु प्लेसिस

मुंबई। आईपीएल 2024 मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) द्वारा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सात विकेट से हराने के बाद, मेहमान कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को संघर्ष करना पड़ा क्योंकि उनके गेंदबाजी विभाग के पास विपक्षी बल्लेबाजों के रन-फ्लो को रोकने के लिए उतने हथियार नहीं थे। वानखेड़े स्टेडियम में, बल्ले से 196/8 रन बनाने के बाद, आरसीबी ने पावरप्ले में बिना किसी विकेट के 72 रन दिए, क्योंकि एमआई ने 15.3 ओवर में कुल लक्ष्य का पीछा किया। फिलहाल, ऐसा लगता है कि, बल्लेबाजी के नजरिए से हमें 220 रन का मौका पाने के लिए कोशिश करनी होगी और जोर लगाना होगा। गेंदबाजी के नजरिए से, हमारे पास उतने हथियार नहीं हैं। मैच ख़त्म होने के बाद डु प्लेसिस ने कहा तो, दुर्भाग्य से, यह बल्लेबाजों पर निर्भर करता है कि वे सुनिश्चित करें कि हम अपने फॉर्म और अपने आत्मविश्वास का उपयोग करें। हम जो स्कोर बोर्ड पर डालते हैं, शायद वही हमारे लिए प्रतियोगिता में शामिल होने का एकमात्र तरीका होगा। आरसीबी के सभी गेंदबाज 10 से ऊपर की इकॉनमी रेट के साथ लौटे, उनके सबसे किफायती गेंदबाज तेज गेंदबाज विजयकुमार वैश्यक थे, जिनके पास 10.7 की इकॉनमी रेट से 1-32 तीन ओवर के आंकड़े थे।

पाकिस्तान दौरे से पहले कीवी टीम के दो खिलाड़ी चोटिल

ऑकलैंड। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज 18 अप्रैल से शुरू होनी है, लेकिन इस बीच तेज गेंदबाज एडम मिल्ने और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज फिन एलन चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। कीवी टीम की रवानगी से पहले प्रशिक्षण के दौरान एलन को पीठ में जबकि मिल्ने को टखने में चोट लगी है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण वो रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे। मैदान में उनकी वापसी को लेकर आने वाले हफ्तों में अपडेट दी जाएगी। इन चोटिल खिलाड़ियों की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में बुलाया गया है। 21 वर्षीय फॉल्क्स ने 2023-24 सुपर स्मैश सीजन में कैंटरबरी के लिए खेलते हुए 16.28 के प्रभावशाली औसत से 14 विकेट लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, उन्होंने 150 की स्ट्राइक-रेट के साथ अपनी बल्लेबाजी कौशल का भी प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, ब्लंडेल सात टी20 मैच खेल चुके हैं। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, हमारे सहयोगी स्टाफ और मेडिकल टीम अगले कुछ हफ्तों तक दोनों खिलाड़ियों के इलाज और उसके बाद क्रिकेट में वापसी की योजना को पूरा करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करेगी। न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार शाम को ऑकलैंड से पाकिस्तान के लिए रवाना हुई और पहला टी20 मैच 18 अप्रैल को रावलपिंडी में खेला जाएगा।

श्रेयस की लव यू शंकर का ट्रेलर चार भाषाओं में होगी रिलीज

श्रेयस तलपड़े-तनीषा मुखर्जी की फिल्म 'लव यू शंकर' 19 अप्रैल, 2024 को रिलीज़ होने के लिए तैयार है. इस फिल्म को राजीव एस. रुइया ने निर्देशित है जबकि सुनीता देसाई ने इसे प्रोड्यूसर किया है।

यह फिल्म एसडी वर्ल्ड फिल्म्स प्रोडक्शन और विसिकाफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले रिलीज हो. फिल्म रिलीज से पहले आज मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दर्शकों को एक्साइटेड कर दिया है. पवित्र शहर बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक आठ वर्षीय लड़के और भगवान शिव के बीच के बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है. ट्रेलर की शुरुआत श्रेयस और छोटे लड़के के परिचय से होती है. जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है,तो आप देख सकते हैं कि उनकी और भगवान शंकर की दोस्ती कैसे बढ़ती गई. फिल्म का ट्रेलर काफी प्यारा लग रहा है. आने वाली फिल्म के लिए एक्टर श्रेयस तलपड़े काफी एक्साइटेड हैं. उन्होंने फिल्म को लेकर कहा, 'लव यू शंकर' का हिस्सा बनना अद्भुत था. यह एक ऐसी कहानी है जो आपको मुस्कुराएगी और जीवन के आश्चर्यों के बारे में सोचने पर मजबूर कर देगी. इस तरह की फिल्म वास्तव में दिलों को छू सकती है. फिल्म देखने वालों की संख्या इसे और भी खास बनाती है और मैं इस खूबसूरत फिल्म के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं.

वहीं एक्ट्रेस तनीषा मुखर्जी का कहना है कि मुझे इस विशेष फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लगा. यह एक खूबसूरत कहानी है जो आपके दिल को छू जाती है और आपको किसी बड़ी चीज़ पर विश्वास करने पर मजबूर कर देती है. हमारे प्यारे छोटे भगवान शिव निश्चित रूप से आपको मुस्कुरा देंगे.बता दें कि यह फिल्म 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. यह हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी।

सलमान खान ने किया आगामी फिल्म सिकंदर का ऐलान

ईद के मौके पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने ए.आर. मुरुगादोस द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्?म सिकंदर की घोषणा कर दी. फिल्?म की घोषणा के साथ-साथ एक्टर ने रिलीज डेट की घोषणा भी कर दी है. यह फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सलमान ने ट्विटर पर एक झलक शेयर की है, जिसमें सिकंदर के रूप में सलमान खान को देखा जा सकता है. फिल्म साजिद नाडियाडवाला द्वारा प्रस्तुत की गई है. सलमान ने कैप्शन दियाः इस ईद बड़े मियां छोटे मियां और मैदान को देखो और अगली ईद सिकंदर से आकर मिलो... आप सभी को ईद मुबारक. यह पहली बार नहीं है जब सलमान ए.आर. मुरुगादोस के साथ काम कर रहे हैं. दोनों ने पहले जय हो में साथ काम किया था.

मुरुगादोस कथ्थी, धीना और स्टालिन जैसी कई अन्य फिल्मों में काम कर चुके हैं. उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म 2008 में आमिर खान अभिनीत गजनी थी, जो इसी नाम की उनकी तमिल फिल्म का हिंदी रीमेक थी. उन्होंने विजय अभिनीत एक्शन थ्रिलर थुप्पकी का निर्देशन किया. उनके खाते में कई अन्य फिल्में हैं, जिनमें अक्षय कुमार की हॉलीडेः ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी और विजय-स्टारर सरकार शामिल हैं।

■ न्यूज गैलरी

ट्रक की ठोकर से एक्टिवा सवार की हुई मौत

रायपुर/नवप्रदेश। गेट नंबर 1 कबीरनगर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा वाहन को टक्कर मार दिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है। मामले में कबीरनगर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। तिली जानकारी के अनुसार मृतक सुखविंदर सिंह 45 वर्ष मंगलवार को अपने साथी उजीतराम कुर्रे के साथ एक्टिवा में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी गेट नंबर 1 कबीरनगर के पास ट्रक क्रमांक एमएच 26 बीई 0637 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को ठोकर मार दिया। जिससे सुखविंदर और उजीतराम घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान सुखविंदर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की गई जान

रायपुर/नवप्रदेश। जायसवाल निको कंपनी गेट के पास सांकरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णा सिंह 35 वर्ष एपीआई लेबर क्वार्टर सिलतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक क्रमांक सीजी 04 एमके 3898 में अपने दोस्त श्रीचंद सिंह व महेश घासी के साथ सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी सांकरा के जायसवाल निको कंपनी गेट के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे कृष्णा सिंह की मौत हो गई। वहीं उसके दो दोस्त घायल हो गए, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जुआ-सट्टा के खिलाफ कार्रवाई तेज

रायपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्र नगर एवं डीडीनगर पुलिस ने जुआरियों और सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 32480 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हीमालयन हाईट के पीछे शमशान घाट में दबिश देकर आरोपी रूपेन्द्र कुमार साहू 33 वर्ष, छोटे लाल साहू 40 वर्ष सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 30820 रुपए जब्त किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने विकाश विहार कालोनी कृष्णा अपार्टमेंट में आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते आरोपी अनिल आहूजा 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक मोबाइल, सट्टा-पट्टी व नकदी 1660 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मामूली बात पर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। बीएसयूपी कालोनी कोटा में घर के पास गाड़ी खड़ी करने की बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी मनीष बागमारे 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सरिता साहू, राजेन्द्र साहू व मयंक साहू ने गाड़ी खड़ी करने की विवाद कर प्रार्थी से गाली-गलौज किया और उसके एक्टिवा वाहन में तोड़फोड़ कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से सरिता साहू 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ममता बागमारे, मनीष व मोनू कामडे ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किए और उसकी ई-रिक्सा का शीशा तोड़ दिए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रंजिश में युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बोडरा में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने क युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार धृतलहरे 35 वर्ष ग्राम बोडरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी मेघराज बंजारे व देवानंद ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

एडवोकेट कमिश्नर ने आईडीबीआई बैंक के केस में की संपत्ति कुर्क

■ **डीआरटी के आदेश पर हुई कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। वसूली अधिकरण जबलपुर के रिकवरी ऑफिसर सुश्री प्रिती देशाई के आदेश पर नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर महेश कुमार पाण्डेय द्वारा आई. डी. बी. आई. बैंक, सिविल लाईन शाखा के एनपीए खाता मेसर्स रौनक हेचरिज एवं अन्य (प्रो. रमनदिप सिंह साहनी) जमानतदार दलजीत सिंह साहनी के स्वामित्व की खसरा क्रमांक 628/2 कृषि भूमि, रकबा 0.405 हेक्टेयर, ग्राम- भिंमभौरी, पहन. -15, तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर एवं खसरा क्रमांक 46/4 (0.202 हेक्टेयर) एवं 47/3 (0.142 हेक्टेयर) कुल परिवर्तित भूमि 37027 वर्गफुट, ग्राम - भिंमभौरी, तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.) स्थित बंधक अचल सम्पत्ति को दिनांक 10.04.2024 को कुर्क किया गया। कुर्की प्रक्रिया के दौरान अचल सम्पत्ति पर कुर्की वारंट चस्पा कर मुनादी करायी गई। कुर्की प्रक्रिया के दौरान स्थल पर आई. डी. बी. आई. बैंक के उप महा प्रबन्धक श्री सुभ्रांशु शेखर शाहु, पटवारी राजेन्द्र मारकाण्डे एवं तिल्दा पुलिस बल उपस्थित रहे।

एडवोकेट कमिश्नर महेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर में यह केस लगभग दो करोड़ एक लाख रुपए की वसूली हेतु रिकवरी सर्टिफिकेट निष्पादन के लिए यह कार्यवाही की

गई। शीघ्र ही न्यायाधिकरण द्वारा संपत्ति की नीलामी कर बैंक की बकाया राशि की वसूली की जाएगी। महेश कुमार पाण्डेय ने आगे बताया कि यह कार्यवाही डीआरटी जबलपुर के रिकवरी ऑफिसर के आदेश पर की गई है और जानबूझकर बैंक का पैसा न देने वाले डिफॉल्टर एवं जमानतदार पर डीआरटी के आदेश पर उनकी चल-अचल सम्पत्तियों की कुर्की और बिक्री सहित उनकी गिरफ्तारी और सिविल जेल की कार्यवाही की जाती है। जो डिफॉल्टर सक्षम होते हुये भी बैंक का पैसा नहीं लौटाते उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाती है। यह भी बताया गया कि जानबूझकर पैसा न चुकाने वाले डिफाल्टर और उनके जमानतदारों के खिलाफ ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा अब लगातार ऐसे ही कार्यवाही की जा रही है। यदि इस स्थिति से डिफॉल्टर बचना चाहते हैं तो बैंक से लिया गया ऋण समयानुसार जमा कराएँ । कुर्की की निष्पादन प्रक्रिया में आई.डी. बी. आई. बैंक के उप महा प्रबंधक सुभ्रांशु शेखर साहु, सहायक महाप्रबन्धक दिलीप कुमार केशरी, प्रबन्धक ऋचा अग्रवाल, तहसीलदार ज्योति माशयारे, पटवारी राजेन्द्र मारकाण्डे का विशेष सहयोग रहा।

धान से ज्यादा बोनस की राशि निकालने में किसानों का निकला पसीना!

■ **बैंक में राशि कम होना किसानों के लिए बन रही मुसीबत**

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अंबिकापुर की गाइड-लाइन ने कोरिया जिले में स्थित सहकारी बैंक बैकुंठपुर व चरचा की शाखाओं ने समर्थन मूल्य पर धान बिक्री करने वाले किसानों को मुसीबत में डाल रखा है। सहकारी बैंक के खातेदार किसान अपने ही पैसे निकालने के लिए सुबह से शाम तक लंबी लाइन में लग रहे हैं। कुछ किसान तो ऐसे भी हैं जो लगभग 40/50 किलोमीटर दूर से आकर बैंक से पैसे निकालने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जितनी मेहनत से उन्होंने खून पसीने से सींचकर अपना धान उगाया, उससे ज्यादा पसीना अब वह समर्थन मूल्य के बोनस के पैसे बैंक से निकालने के लिए बहा रहे हैं। इससे किसान हर सप्ताह बैंक के चक्कर लगाने को विवश हैं। शादी-ब्याह,जरूरी आवश्यकता व गंभीर बीमारी का इलाज कराने वाले किसानों को भी महज 20 हजार रुपए का भुगतान सप्ताह में निर्धारित स्थान वार समिति केंद्रों के अनुसार किया जा रहा है। कई रसूखदार किसानों को निर्धारित से अधिक का भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में किसानों की परेशानी और बढ़ रही है जब कि किसान के खाते में राशि होने के बावजूद भी बैंक के तुगलकी फरमान केवल 20 हजार रुपए ही आहरित किए जा सकने का नियम बनाया है। इस संबंध में बैंक राशि की कमी का हवाला दे रहे हैं।

कतार में जूता, चप्पल, झोला और पत्थर

बड़ी संख्या में किसान बैंक पहुंचने पर शाखा के बाहर लंबी कतार लग रही है। अपने पैसे के लिए परेशान हो रहे किसान। किसान जूता, चप्पल, झोला और पत्थर तक रखकर खुद को कतार में बनाए रखते हैं कई ऐसे किसान हैं, जो सहकारी बैंक के बैकुंठपुर व चरचा शाखा में लेनदेन के लिए 40 किलोमीटर दूर से भी पहुंचते हैं। सरकार ने धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया, लेकिन जरूरत के समय किसानों के हाथ में यह पैसे उपलब्ध हो जाएं। इसकी व्यवस्था अब तक नहीं की है। जिससे किसान अपने ही पैसे बैंक से निकालने के लिए बेहद परेशान है।

अन्य बैंकों में लगता है चार्ज

जिससे अन्य बैंक के एटीएम से पैसा निकाल चार्ज देने विवश है। वही इन खातेदारों को सुविधा उपलब्ध कराने में प्रबंधन पीछे है। इस कारण हो रही अव्यवस्था से खातेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की ओर से बेची गई धान की राशि सहकारी बैंक में ही ट्रांसफर की जा रही है लिहाजा किसानों को इसी बैंक से पैसे निकालने की मजबूरी है।

पटना और कुड़ेली में एक भी एटीएम नहीं: किसानों की सुविधा के लिए पटना व कुड़ेली में एक एटीएम भी अब तक चालू नहीं किया जा सका है। किसी तरह बैकुंठपुर में एक एटीएम चालू भी किया गया। किन्तु ज्यादातर इस एटीएम में पैसा नही रहने से किसानों

सिस्टम को कोस रहे किसान

बहरहाल एक ओर शासन किसान को एक एक दाने का उचित मूल्य दे रही जिसे लेकर जिले के किसान काफी खुश हैं किंतु बैंक की इस तुगलकी नियम से किसान बैंक के साथ ही शासन को भी कोस रही है। जिले के अधिकारी किसानों के इस समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे जब कि यह हाल केवल जिले की बैकुंठपुर शाखा का ही नहीं है। यही हाल बैकुंठपुर व एमसीबी जिले की मनेन्द्रगढ़, खड़गवां की बैंक शाखा का भी है। जहां किसान व बैंक कर्मचारियों में किसी न किसी किसान से सप्ताह में केवल एक बार ही 20 हजार रुपए आहरित करने से विवाद की स्थिति निर्मित हो रही।

बैटरी स्कूटी हुई ब्लास्ट युवती की हालत गंभीर

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिला में इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट हो गया। बताया जा रहा है कि चार्जिंग के दौरान स्कूटी की बैटरी ब्लास्ट हो गई, जिससे स्कूटी में भयानक आग लग गई। इस घटना में युवती बुरी तरह झुलस गई। युवती का इलाज फिलहाल जारी है। दरअसल, यह घटना सूरजपुर कोतवाली थाने के चंदरपुर की है। इस घटना के दौरान घर के सामानों में आग लग गया। जिसे दमकल की मदद से तत्काल आग पर काबू पाया जा सका। उधर इस घटना के बाद एक बार फिर ई-

बाइक और स्कूटी चलाने वालों के बीच दहशत व्याप्त है। ये कोई पहली घटना नही जब स्कूटी की बैटरी में ब्लास्ट हुआ हो, इससे पहले भी चलती गाड़ियों में बैटरी में आग लगने की घटना सामने आ चुकी है।

प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने लालपुर ओव्हरब्रीज के पास प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 50 नग सिरप जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लालपुर ओव्हरब्रीज के पास दबिश देकर आरोपी पुरूषोत्तम साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से ट्रिप्लोडीन हाईड्रो क्लोराईड कोडिन फासफेट सिरप के 50 नग जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 9750 रुपए बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांजे के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने सुभाषनगर में दबिश देकर गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुभाषनगर में दबिश देकर आरोपी विक्की देशमुख 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 13 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब बेचते 6 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 156 पाव देशी शराब व कार में रखे 32 पेटी अंग्रेजी शराब सहित बिक्री रकम 650 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने छाटा रोड नवापारा स्थित सोनकर पेट्रोल पंप के पास आरोपी रोहित कुमार बया 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 40 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने तिगड्डा चौक के पास आरोपी होरीलाल यादव 56 वर्ष के पास से 50 पाव देशी मसाला शराब जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी मंतराम साहहू 48 वर्ष के पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने चंगोराभाठा श्रीराम नगर में आरोपी रिंकु देवांगन 22 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी सुरेश मिश्रा 27 वर्ष के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है।

साइबर सिक्योरिटी की मदद से रोगियों का डेटा रखें सुरक्षित

■ **एम्स में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव मधुकर कुमार भगत का दौरा**

■ **रोगियों और परिजनों से की मुलाकात, फीडबैक और रोगियों के सुझाव को महत्वपूर्ण बताया**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में साइबर सिक्योरिटी के माध्यम से रोगियों के डेटा को पूरी तरह सुरक्षित करने का सुझाव दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव मधुकर कुमार भगत ने शुक्रवार को एम्स का दौरा कर यहां स्वच्छता और साइबर सिक्योरिटी के विषय में चिकित्सकों और

अधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने रोगियों और उनके परिजनों के फीडबैक और सुझाव को श्रेष्ठ सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि एम्स मध्य भारत में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रोगियों की सेवा में निरंतर संलग्न है। उन्होंने कहा कि एम्स की ओपीडी में औसतन तीन हजार रोगी प्रतिदिन पहुंच रहे हैं और 1500 से अधिक ऑपरेशन प्रतिमाह हो रहे हैं। इसके साथ ही शोध और अनुसंधान के माध्यम से भी क्षेत्र की बीमारियों के हल ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में आईआईटी भिलाई के साथ एआई संबंधी प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है।

श्री भगत ने एम्स के विभिन्न स्थानों का दौरा किया जिसमें रजिस्ट्रेशन काउंटर्स, ब्लड कलेक्शन सेंटर, ट्रामा एवं इमरजेंसी, सीसीयू, आईसीयू, दंत रोग और हड्डी रोग विभाग शामिल हैं। उन्होंने रोगियों और उनके परिजनों से एम्स में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी फीडबैक लिया। श्री भगत ने एम्स में अनुशासन और सफाई की प्रशंसा करते हुए सभी को रोगी सेवा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

एम्स में साइबर सिक्योरिटी पर आयोजित संवाद में उन्होंने रोगियों के डेटा और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर सिक्योरिटी के सभी प्रावधानों को लागू करने पर बल दिया। उन्होंने समय-समय पर इसकी समीक्षा करने के लिए भी कहा।